CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 14°C

मुरादाबाद, शुक्रवार 6 मार्च 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 200 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 16 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



राष्ट्रीय हितों की उपेक्षा कर रही मोदी सरकार : खड़गे पेज 2



न्यूजीलैंड के ओपनर फिन एलन का फोकस अब फाइनल पर खेल टाइम्स



कैरियर पिजन सर्विस : संचार का प्राचीन तरीका सम्पादकीय



अमेरिका को होगा डेना पर हमले का पछतावा : अराघची पेज 12

# ईरान ने दी इजरायल को परमाणु केंद्र पर हमले की धमकी

**तेहरान।** ईरान ने गुरुवार को इजरायल की डिमोना परमाणु स्थल को निशाना बनाने की धमकी दी है। ईरान ने कहा कि अगर इजरायल और अमेरिका ने उसकी सरकार को गिराने की कोशिश की, तो वह इस परमाणु केंद्र को निशाना बनाएंगे। यह धमकी इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज के बयान के बाद आई है।

काट्ज ने कहा था कि ईरान की सरकार जो भी नया नेता लाएगी, वह इजरायल के लिए एक टारगेट होगा। इजरायल की सेना ने बताया कि ईरान ने एक बार फिर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया है। इसके कारण यरुशलम, सेंट्रल इजरायल और वेस्ट बैंक के कुछ हिस्सों में खतरे के सायरन बजने लगे। ईरान की आईआरजीसी ने ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4 के तहत मिसाइल और ड्रोन से हमला किया है। इस ऑपरेशन को 'या हसन इब्न अली' नाम के कोड से शुरू किया गया। आईआरजीसी का दावा है कि उन्होंने इजरायल और अमेरिका के सात से ज्यादा आधुनिक रडार सिस्टम नष्ट कर दिए हैं। ईरान के सरकारी ब्रॉडकास्टर प्रेस टीवी के अनुसार, उनकी मिसाइलों ने इजरायल के 'थाड' डिफेंस सिस्टम को भी चकमा दे दिया।



आईआरजीसी ने दावा किया कि उन्होंने तेल अवीव में इजरायली रक्षा मंत्रालय और देश के मुख्य एयरपोर्ट बेन गुरियन सहित कई जगहों पर हमला किया है। इन

**कहा: अगर इजरायल और अमेरिका ने उसकी सरकार को गिराने की कोशिश की, तो वह इस परमाणु केंद्र को निशाना बनाएंगे**

**ईरान का बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला, इजरायल और अमेरिका के सात से ज्यादा आधुनिक रडार सिस्टम नष्ट किए**

हमलों की वजह से इजरायल के कई इलाकों में घंटों तक सायरन बजते रहे और लोगों को बंकरों में शरण लेनी पड़ी। आईआरजीसी ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में ये हमले और भी तेज और बड़े पैमाने पर होंगे। अमेरिका का कहना है कि उसका ऑपरेशन अभी शुरू ही हुआ है। इससे संकेत मिलते हैं कि यह युद्ध उम्मीद से ज्यादा लंबा खिंच सकता है। वहीं अमेरिका- इजरायल के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के निधन के बाद देश में शोक की लहर दौड़ गई है। सरकारी मीडिया ने जानकारी दी है कि मरहूम अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के शव को तेहरान के ग्रैंड मोसल्ला में रखने की तैयारी चल रही है। ग्रैंड मोसल्ला एक बड़ा प्रार्थना स्थल है, जिसका इस्तेमाल शहर के सबसे खास सरकारी और धार्मिक आयोजनों के लिए होता है। यह मरहूम सुप्रीम लीडर के लिए आयोजित तीन दिन के विदाई समारोह का हिस्सा है। मोसल्ला में हजारों शोक मनाने वालों के इकट्ठा होने की उम्मीद है। इस विदाई समारोह के बाद अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# बिहार को मिलेगा नया सीएम नीतीश कुमार राज्यसभा जाएंगे



**■ राज्यसभा के लिए किया नामांकन पांच दशक बाद चौथे सदन पहुंचेंगे नीतीश**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल किया। इसके साथ ही अब नीतीश की राजनीतिक पारी में एक और उपलब्धि जुड़ने जा रही है। वह अब अपने पांच दशक से ज्यादा लंबे चुनावी करियर में चौथे सदन के लिए दावेदार बन गए हैं।

नीतीश कुमार बिहार में बीते 21 साल से सत्ता का पर्याय बने हुए हैं। साल 2000 में भी नीतीश महज सात दिन के लिए मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठे थे। वो वक्त हो या आज का वक्त नीतीश इन 25 वर्षों में कभी भी विधानसभा का चुनाव नहीं लड़े। हर बार विधान परिषद सदस्य के रूप में ही उन्होंने मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाली। हालांकि, ऐसा भी नहीं है कि नीतीश कुमार सिर्फ विधान परिषद तक ही सीमित रहे। उन्होंने अपने जीवनकाल में लोकसभा से लेकर विधानसभा तक के चुनाव लड़े और जीत हासिल की। इसके बाद ही वे विधान परिषद का हिस्सा बने। हालांकि, उनका यह सफर इतना भी आसान नहीं रहा है। नीतीश के विधानसभा चुनाव लड़ने की बात करें, तो वो साल 1977 था, जब नीतीश हरनौत विधानसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरे थे। पहले ही चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, समय के साथ नीतीश ने न सिर्फ चुनाव जीते, बल्कि हरनौत को अपना अभेद्य किला तक बना लिया। हालांकि, आगे के वर्षों में नीतीश बिना विधानसभा चुनाव लड़े ही मुख्यमंत्री का पद अपने पास रखा।

## 16वां रोज़ा

### अल्लाह पर ईमान और मगफिरत का रोशनदान है रोज़ा

इबादत इमारत की तरह है, ईमान बुनियाद की मानिन्द है। इस्लाम मजहब अल्लाह पर ईमान लाना और अल्लाह के पैगंबर के अहकामे शरीअत को दिल से तस्लीम करना, दरअसल मगफिरत का सिलसिला मानता है। रोज़ा भी इसी की एक कड़ी है। चूंकि रमज़ानुल-मुबारक के बयान की यह तहरीर सोलहवें रोज़े तक अल्लाह की मेहरबानी से पहुंच गई है। लिहाज़ा रोज़े की फज़ीलत के मद्देनज़र यह नुमायां हो जाता है कि रोज़ा अल्लाह पर ईमान है और मगफिरत का रोशनदान है।

# सैन्य संघर्ष किसी समस्या का समाधान नहीं: मोदी

**पीएम बोले: इजरायल- ईरान जंग जल्द खत्म हो, मिडिल ईस्ट और यूक्रेन में जारी जंग को जल्दी खत्म करने की अपील की**

**प्रधानमंत्री ने कहा: भारत सभी विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और शांति स्थापित करने की कोशिशों का समर्थन करता रहेगा**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली में मिडिल ईस्ट और यूक्रेन में जारी जंग को जल्दी खत्म करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सैन्य संघर्ष से कोई भी मसला हल नहीं हो सकता। भारत सभी विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और शांति स्थापित करने की कोशिशों का समर्थन करता रहेगा।

पीएम ने यह बात फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद कही। उन्होंने कहा कि भारत और फिनलैंड दोनों ही कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। हम इस बात पर सहमत हैं कि सिर्फ सैन्य संघर्ष से कोई भी समस्या हल नहीं हो सकती। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब बुधवार को चार दिवसीय भारत दौरे पर आए हैं। इस दौरे का उद्देश्य व्यापार, निवेश और उभरती प्रौद्योगिकियों सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाना है। बैठक में दोनों देशों ने डिजिटलाइजेशन और सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। दोनों पक्षों ने भारत-फिनलैंड संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक आगे बढ़ाने पर चर्चा की। मोदी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, 6जी टेलीकॉम, स्वच्छ ऊर्जा और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे हाई-टेक क्षेत्रों में सहयोग से दोनों देश आगे बढ़ेंगे। भारत-यूरोपीय फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) भारत और फिनलैंड के बीच व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग को और मजबूत करेगा। राष्ट्रपति स्टब ने आयरनमैन ट्रायथलान पूरा किया है, जो बेहद कठिन प्रतियोगिता मानी जाती है।

## अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर भारत ने जताई संवेदना

**नई दिल्ली।** भारत सरकार की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने नई दिल्ली स्थित ईरान के दूतावास पहुंचकर ईरान के मारे गए सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के प्रति शोक व्यक्त किया।

इस दौरान उन्होंने दूतावास में रखी शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर कर अपनी संवेदनाएं दर्ज कीं। विक्रम मिस्री ने खामेनेई के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए ईरान की सरकार और वहां के लोगों के प्रति संवेदना प्रकट की। भारत ने इस कठिन समय में ईरान के साथ एकजुटता और सहानुभूति व्यक्त की है। इसके साथ विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने ईरान के राजनयिक प्रतिनिधियों से मुलाकात कर भारत की ओर से शोक संदेश दर्ज कराया। उन्होंने खामेनेई के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईरान की सरकार और वहां के लोगों के प्रति सहानुभूति जताई। भारत लंबे समय से ईरान के साथ कूटनीतिक और आर्थिक संबंध बनाए हुए है। ऐसे में इस घटना के बाद भारत की प्रतिक्रिया को क्षेत्रीय कूटनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भारत ने इस संकट के बीच संतुलित और सावधानी भरा रुख अपनाया है।

## भारत-फिनलैंड ने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दिया दर्जा

**नई दिल्ली।** भारत और फिनलैंड ने प्रौद्योगिकी से लेकर रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ बनाने के लिए अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया है। दोनों देशों ने कहा है कि केवल सैन्य टकरावों से विवादों का समाधान संभव नहीं है। उन्होंने यूक्रेन से लेकर पश्चिम एशिया तक सभी सैन्य टकरावों को जल्द रोकने पर भी जोर दिया है।

दोनों देशों ने कानून के शासन में विश्वास व्यक्त करते हुए वैश्विक संस्थाओं में सुधारों की वकालत की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत यात्रा पर आए फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ गुरुवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद



संयुक्त प्रेस वक्तव्य में यह बात कही। दोनों देशों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए तीन समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किए। श्री मोदी ने कहा कि हम भारत-फिनलैंड संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का रूप दे रहे हैं।

**तुरन्त आवश्यकता**

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177




# बंगाल के राज्यपाल और लद्दाख एलजी का इस्तीफा

**■ ममता बोलीं: मुझे गृह मंत्री ने बताया आरएन रवि नए गवर्नर होंगे, ये केंद्र का एकतरफा फैसला**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल चुनाव से एक महीने पहले राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने इस्तीफा दे दिया है। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को बंगाल की भी अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। उधर, लद्दाख के उपराज्यपाल कवींद्र गुप्ता ने भी इस्तीफा दे दिया है। बोस ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा भेज दिया है। फिलहाल वे दिल्ली में मौजूद हैं।

उधर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बोस के इस्तीफे पर हैरानी जताई। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री ने अभी मुझे सूचित किया है कि आरएन रवि को पश्चिम बंगाल का राज्यपाल नियुक्त किया जा रहा है। उन्होंने मुझसे राय नहीं ली है। ये केंद्र का एकतरफा फैसला है। बोस 23 नवम्बर 2022 को बंगाल के राज्यपाल बने थे। वहीं, गुप्ता ने 18 जुलाई 2025 को कार्यभार संभाला था। बोस के कार्यकाल के दौरान कई बार ममता सरकार और राजभवन के बीच मतभेद भी सामने आए थे। विशेष रूप से विश्वविद्यालयों की नियुक्तियों, प्रशासनिक हस्तक्षेप और कुछ संवैधानिक मुद्दों को लेकर विवादों की खबरें आती रही हैं। राज्य की सीएम ममता बनर्जी ने एक्स पर लिखा कहा कि 'बोस के इस्तीफे की खबर अचानक आने से मैं हैरान हूं। अभी तक मुझे उनके इस्तीफे की असली वजह के बारे में जानकारी नहीं है।' उन्होंने ये भी कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुझे बताया है कि आरएन रवि को बंगाल का नया गवर्नर बनाया जा रहा है।



## संक्षिप्त समाचार

### ईरान में अमेरिका इजरायल हमलों फारूक चिंतित

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डा. फारूक अब्दुल्ला ने अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष पर चिंता व्यक्त की है और गंभीर वैश्विक परिणामों की चेतावनी दी। अब्दुल्ला ने गुरुवार को रियासी जिले के कात्रा कस्बे में पत्रकारों से कहा कि अगर स्थिति को सावधानीपूर्वक नहीं संभाला गया, तो बढ़ते तनाव से एक व्यापक वैश्विक संघर्ष भी शुरू हो सकता है। उन्होंने केन्द्र सरकार से इस मामले पर अपना रुख स्पष्ट करने का आग्रह भी किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार को इस मुद्दे पर अपना आधिकारिक रुख स्पष्ट करना चाहिए क्योंकि इसी तरह के हस्तक्षेप अन्य देशों में भी हो चुके हैं। वैश्विक स्तर पर वर्तमान संघर्ष के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं और अगर तनाव बढ़ता रहा तो यह एक और विश्व युद्ध का कारण बन सकता है।

### होलिका भस्म की पूजा कर योगी ने मनाई होली

**गोरखपुर।** होली के पावन महापर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में होलि. का भस्म की पूजा कर होली मनाने का शुभारंभ किया। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में फाग गीतों का आनंद लिया और गोवंश को भस्म व गुलाल लगाया और गुड़ खिलाकर गोसेवा की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने गोरक्षपीठाधीश्वर के संग जमकर रंगों और फूलों की होली खेली। बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर होलिका भस्म की पूजा से हुई। मंदिर परिसर के मेला ग्राउंड में जलाई गई होलिका के पास जाकर योगी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होलिका भस्म की पूजा की और आरती उतारी, भस्म का तिलक लगाया।

# राष्ट्रीय हितों की उपेक्षा कर रही मोदी सरकार: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि हिंद महासागर में अमेरिकी हमले में ईरानी जहाज के डूबने की घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार की चुप्पी से साफ है कि देश के रणनीतिक और राष्ट्रीय हितों की घोर उपेक्षा की जा रही है।

खड़गे ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ईरान का जो जहाज टारपीडो की चपेट में आने से डूबा है यह जहाज बिना सैन्य साजो सामान के था और भारत में आयोजित अंतरराष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा 2026 से लौट रहा था। ईरानी नौसेना का जहाज ईरिस डेना भारत का आमंत्रित अतिथि था और यह विशाखापत्तनम में 15 से 26 फरवरी तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू 2026 में शामिल हुआ था। इस आयोजन में 70 से ज्यादा देशों की नौसेनाएं शामिल हुईं थीं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि इस अतिथि के डूबने पर भारत की तरफ से कोई चिंता या संवे. दना व्यक्त नहीं की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पर चुप हैं। मोदी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि जब आप अपने ही आंगन में हो रही घटनाओं पर प्रतिक्रिया नहीं दे सकते हैं तो हमें महासागर सिद्धांतों और हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के 'नेट सिक्योरिटी प्रोवाइडर' होने के सिद्धांतों पर उपदेश क्यों दे रहे हैं। उन्होंने इस घटना का विवरण देते हुए कहा कि होर्मुज की खाड़ी में 38 भारतीय ध्वज वाले वाणिज्यिक जहाज और 1100 नाविक फंसे हुए हैं। कैप्टन आशीष कुमार समेत दो भारतीय नाविकों की कथित तौर पर मौत हो गई है। समुद्री बचाव या राहत अभियान क्यों नहीं चलाया जा रहा है। मोदी कहते हैं कि कच्चे तेल और अन्य तेल का भंडार केवल 25 दिनों के लिए बचा है। तेल की बढ़ती कीमतों के बीच, हमारी ऊर्जा संबंधी आपातक. ालीन योजना क्या है, खासकर भारत सरकार द्वारा रूसी तेल का आयात रो. कने की मांग को लगभग स्वीकार करने के बाद। खाड़ी देशों के साथ अन्य प्रमुख वस्तुओं के व्यापार का क्या होगा। उन्होंने सरकार की विदेश नीति पर भी सवाल उठाए और कहा कि विदेश मंत्रालय के 3 मार्च के बयान के अनुसार कुछ भारतीय नागरिकों की जान चली गई है या वे लापता हैं।

# जन समस्याओं के निस्तारण में शिथिलता अक्षम्य: योगी

## हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए

**गोरखपुर, वार्ता**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में जनता के साथ बुधवार दिनभर होली की खुशियां साझा करने के बाद गुरूवार को आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं को सुनने के बाद अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का समाधान तत्परता और संवेदनशील तरीके से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही अक्षम्य होगी।

मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 150 लोगों से मुलाक. ात करने के बाद कहा कि हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि हर व्यक्ति को न्याय दिलाया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। योगी ने अफसरों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए।

हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी सहायता की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

## आम आदमी पार्टी ने प्रधानमंत्री को कठघरे में खड़ा किया

# अमेरिका-ईरान युद्ध पर मोदी की चुप्पी खतरनाक संकेत

**नई दिल्ली, वार्ता**



**अमेरिका ने व्यापार समझौता के जरिये भारत को रूस से तेल नहीं लेने के लिए मना लिया: सिसोदिया**

आम आदमी पार्टी ने अमे. रिका-ईरान के बीच चल रहे युद्ध को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि यह देश के लिए खतरनाक संकेत है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने आज कहा कि प्रधानमंत्री की यह चुप्पी भारत के लिए खतरनाक संकेत है।

अमेरिका इस युद्ध की तैयारी कई महीने से कर रहा था। उसे पता था कि युद्ध शुरू होने के बाद तेल की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है फिर भी अमेरिका ने व्यापार समझौता के जरिए भारत को रूस से तेल नहीं लेने के लिए मना लिया। ऐसे में देशवासी जानना चाहते हैं कि क्या अमेरिका ने हमारे प्रधानमंत्री को गुमराह किया या फिर खुद प्रधानमंत्री अमेरिका को खुश रखने के लिए भारत के हितों से समझौता किया? उन्होंने कहा कि आज एक भारतीय होने के नाते मन में कुछ बेहद गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

ठीक एक महीने पहले मोदी अमेरिका के साथ एक ट्रेड डील करते हैं। उस डील में अमेरिका की एक अहम शर्त मान ली जाती है कि भारत रूस से तेल आयात नहीं करेगा। हम रोघना इस्तेमाल होने वाले तेल का बड़ा हिस्सा विदेशों से खरीदते हैं इसलिए किसी एक या दो स्रोत को बंद कर देना सिर्फ एक कूटनीतिक फैसला नहीं होता। यह सीधे इस बात से जुघ होता है कि देश में तेल की आपूर्ती स्थिर रहेगी या नहीं, कीमतें नियंत्रित रहेंगी या नहीं और संकट के समय देश के पास विकल्प बचेंगे या नहीं। इसी को ऊर्जा सुरक्षा कहा जाता है। आप नेता ने कहा कि इस फैसले के सिर्फ 20 दिन बाद अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध शुरू हो जाता है। खुद अमेरिका की सरकार कह रही है कि इस युद्ध की तैयारी कई महीनों से चल रही थी। मतलब उन्हें पहले से पता था कि युद्ध होने वाला है। उन्हें यह भी पता था कि इससे तेल की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। इसके बावजूद भारत से रूस का तेल छोघ्ने का फैसला करवा लिया गया। उन्होंने कहा कि कल अमेरिका ने इस युद्ध को लगभग भारत के दरवाजे तक ला खड़ा किया। 24 घंटे बीत गए, लेकिन प्रधानमंत्री के मुंह से एक शब्द तक नहीं निकला। यह चुप्पी सिर्फ चुप्पी नहीं है, बल्कि यह एक खतरनाक संकेत है। दुनिया में क्या संदेश जा रहा है कि भारत की सीमाओं के पास कोई भी आकर युद्ध कर सकता है और भारत का प्रधानमंत्री चुप बैठा रहेगा? यह सवाल उठना स्वाभाविक है। यह चुप्पी आखिर किसके हित में है? सिसोदिया ने कहा कि भारत के बुलावे पर 'मिलन युद्धाभ्यास 2026' में शामिल होने के लिए ईरान ने अपना जहाज भेजा था।

### दिल्ली सरकार को समस्याओं से कोई मतलब नहीं: आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने आरा. ेप लगाया कि दिल्ली की भाजपा सरकार को यहां की समस्याओं से कोई लेनादेना नहीं है बल्कि वह तो सिर्फ पूर्व मुख्यमंत्री अरविद केजरीवाल को गाली देने में व्यस्त है। सुश्री आतिशी ने एक्स पर गुरुवार को कहा कि दिल्ली की जनता प्रदूषण, गंदे पानी, टूटी सड़कों, कूड़े के पहाड़ और अस्पतालों में दवाइयों की कमी से जूझ रही है। लेकिन भाजपा सरकार को जनता की समस्याओं से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने विधानसभा में पूर्व मुख्यमंत्री अरविद केजरीवाल को ष्फांसी घरष पर सवाल पूछने के लिए बुलाया है। उन्होंने कहा कि हम भाजपा को चुनौती देते हैं। जैसे विधानसभा की कार्यवाही प्रसारित होती है ठीक उसी तरह इस विशेषाधिकार समिति की कार्यवाही का भी सीधा प्रसारण कराइए। दिल्ली की जनता भी देखे कि कैसे उनके असली मुद्दों और परेशानियों से भागकर भाजपा सिर्फ अरविद केजरीवाल को गालियां देने में व्यस्त है।

# अंतर्राष्ट्रीय हालात पर केंद्र का मौन चिंताजनक: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अमे. रिकी-इजराइली हमलों और उससे पैदा हुए अंतरराष्ट्रीय हालात को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इन हमलों का प्रभाव हिंद महासागर और भारत की सीमाओं के करीब तक पहुंचना देशवासियों के लिए चिंता का विषय है, लेकिन इस गंभीर मुद्दे पर केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने अभूतपूर्व चुप्पी साध रखी है।

यादव ने गुरुवार को एक्स पर लिखा, स्पष्ट किया जाए कि इसे 'चुप्पी' माना जाए या किसी विशेष भय के कारण इसे 'घिग्घी बंधना' माना जाए। भाजपा सरकार की ऐसी क्या मजबूरी है कि उनके होंठ किसी ने सिल दिए हैं। जनता पूछ रही है कि आपका कौन सा पत्ता दबा है। उन्होंने कहा कि एक अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा होने के नाते ए देश की सरकार, विदेश मंत्रालय डिफेंस मिनिस्टरी का संयुक्त दायित्व बनता है कि उसे अपना पक्ष स्पष्ट करना चाहिए, परंतु कई दिनों की प्रतीक्षा के बाद भी सरकार द्वारा मुंह न खोलने पर, इस वैश्विक मुद्दे पर विपक्ष को मजबूर होकर बोलना पड़ रहा है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि इस संकटकाल में सरकार आगे आए और देश की जल, थल, वायु सीमाओं की रक्षा सुनिश्चित करे। जो भाजपा सरकार कुछ कह भी नहीं रही है, वो करेगी क्या, ये सोचकर देशवासी परेशान हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 80015.90
निफ्टी 24765.90



सोना 166000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 287000
प्रति किलो



# गिरावट से उबरे शेयर बाजार सेंसेक्स 900 अंक उछला

**मुंबई, वार्ता**

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौट आई और बीएसई का सेंसेक्स 900 अंक की बढ़त में बंद हुआ।

सेंसेक्स सुबह 414 अंक की बढ़त में खुला था और लगभग पूरे दिन 300 से 400 अंक की तेजी में रहा। हालांकि आखिरी घंटे में लिवाली तेज होने से इसका ग्राफ सीधे ऊपर की ओर चढ़ा। अंत में सेंसेक्स 899.71 अंक (1.14 प्रतिशत) उछलकर 80,015.90 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 285.40 अंक यानी 1.17 फीसदी चढ़कर 24,765.90 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले पिछले तीन कारोबारी दिवसों में बाजार में बड़ी गिरावट रही थी। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.50 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.58 प्रतिशत चढ़ गया। आईटी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में तेजी रही। टिकाऊ



उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, ऑटो, धातु, मीडिया, फार्मा, बैंकिंग, रियलटी, एफएमसीजी और रसायन सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में अडानी पोर्ट्स का शेयर साढ़े चार प्रतिशत चढ़ा। एलएंडटी, एनटीपीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर तीन से चार प्रतिशत के बीच मजबूत हुए। बीईएल, इंडिगो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावरग्रिड, मारुति सुजुकी और टाटा स्टील के शेयरों में दो से तीन प्रतिशत के बीच तेजी रही। बजाज फाइनेंस, सनफार्मा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और टाइटन के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच चढ़े। टेक महिंद्रा का शेयर सवा फीसदी टूट गया। एचसीएल टेक्नोलोजीज, हिंदुस्तान यूनीलिवर और आईसीआईसीआई के शेयर भी लाल निशान में रहे।

### होली के बाद सोने चांदी में भारी गिरावट

**नई दिल्ली।** होली की छुट्टियों के बाद सर्राफा बाजार खुलते ही बड़ा उतार-चढ़ाव दिखा है। गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई। सुरक्षित निवेश माने जाने वाले इन कीमती धातुओं में अचानक आई इस नरमी ने बाजार का ध्यान खींचा है। नई दिल्ली के सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोने की कीमत में 7,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के बाद 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,65,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है, जो पिछले कारोबारी सत्र में 1,72,800 रुपये पर था। वहीं, चांदी की कीमतों में और भी बड़ा झटका लगा है, यह 27,700 रुपये या 9.23 प्रतिशत टूटकर 2,72,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई है। गौरतलब है कि मंगलवार और बुधवार को होली के कारण सर्राफा बाजार बंद थे। इस भारी गिरावट का सबसे बड़ा कारण हालिया तेजी के बाद निवेशकों द्वारा की गई तीव्र मुनाफावसूली है।

# चावल, गेहूं नरम, चीनी महंगी, खाद्य तेलों, दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव टूट गए। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। चीनी की कीमतों में तेजी देखी गई, जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 170 रुपये टूटकर 3,863 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं का भाव भी 41 रुपये उतरकर 2,822 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। आटा 26 रुपये सस्ता हुआ। दाल.दलहनों में मिश्रित रुख रहा। उड़द दाल की औसत कीमत 146 रुपये गिर गई। तुअर दाल 125 रुपये और मूंग दाल 78 रुपये सस्ती हुई। चना दाल में 67 रुपये की गिरावट रही। मसूर दाल की कीमत आठ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 26 रिंगिट चढ़कर 4,205 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.85 प्रतिशत की बढ़त में 64.13 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल 121 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। पाम ऑयल 90 रुपये और वनस्पति 48 रुपये फिसल गया। सरसों तेल 126 रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 20 रुपये और सूरजमुखी तेल 13 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 84 रुपये प्रति क्विंटल टूट गए। वहीं, चीनी 36 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल. दलहन: दाल चना 7746.99 रुपये, मसूर काली 8105.90 रुपये, मूंग दाल 10151.58 रुपये, उड़द दाल 10743.65 रुपये, तुअर दाल 11210.63 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2822.39 रुपये और चावल 3863.03 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3286. 06 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी. गुड़ : चीनी एस 4304.42 रुपये और गुड़ 4984.26 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# मातुआ समुदाय के अधिकारों को छीनने की कोशिश: ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार मातुआ समुदाय के साथ किसी भी तरह का अन्याय नहीं होने देगी और उनके अधिकारों को छीनने की कोशिशों के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगी।

सुश्री बनर्जी ने मातुआ समुदाय की आध्यात्मिक नेता बीणापाणि देवी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए यह आश्वासन दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार विशेष गहन पुनरीक्षण द्धएसआईआरऋ के दौरान मतदाता सूची से नाम हटाकर मातुआ समुदाय के मतदाताओं के बीच भ्रम और असुरक्षा पैदा कर रही है। हाल ही में जारी अंतिम मतदाता सूची से करीब 63 लाख नाम हटाए जाने के आरोपों के बीच यह मुद्दा सामने आया है। उत्तर 24 परगना और नदिया जैसे जिलों में मातुआ समुदाय के कई लोगों के नाम प्रभावित होने की खबरें हैं। साथ ही कई नामों को ष्विचाराधीनष श्रेणी में भी रखा गया है, जिससे समुदाय के बीच नागरिकता को लेकर चिंता बढ़ गई है। सुश्री ममता बनर्जी ने कहा कि बड़ो मां ने जीवन भर इन आदर्शों को संजोए रखा और उनके नेतृत्व में मातुआ महासंघ सामाजिक समानता और भाईचारे का मजबूत स्तंभ बना। उन्होंने बड़ो मां के साथ अपने व्यक्तिगत संबंध का भी उल्लेख करते हुए कहा कि उन्हें उनका मातृस्नेह प्राप्त हुआ, जो उनके जीवन का बड़ा आशीर्वाद है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने बड़ो मां को उनके सामाजिक योगदान के लिए राज्य के सर्वोच्च सम्मान 'बंग विभूषण' से सम्मानित किया था। मुख्यमंत्री ने मातुआ महासंघ के सामाजिक सुधार में योगदान का उल्लेख करते हुए श्री हरिचंद ठाकुर और गुरुचंद ठाकुर की विरासत को याद किया। उन्होंने कहा कि इन नेताओं के नेतृत्व में चला आंदोलन दलितों और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा और शिक्षा के प्रसार में महत्वपूर्ण रहा है।

# भारत वैश्विक कौशल राजधानी बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर: जयंत चौधरी

**नई दिल्ली, वार्ता**



केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के तहत भारत विश्व की वैश्विक कौशल राजधानी बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है।

चौधरी ने गुरुवार को फिनलैंड सरकार के रोजगार मंत्री मटियास मार्टिनेन के साथ कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और कार्यबल गतिशीलता के क्षेत्रों में भारत और फिनलैंड के बीच सहयोग को मजबूत करने के अवसरों का पता लगाने के लिए द्विपक्षीय बैठक की। इस बैठक में व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने और कुशल कार्यबल की गतिशीलता के लिए मार्ग प्रशस्त करने हेतु संस्थानों, उद्योग और प्रशिक्षण प्रणालियों के बीच सहयोग को गहरा करने के अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के तहत, भारत विश्व की वैश्विक कौशल राजधानी बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। भारत वैश्विक उद्योगों में कुशल प्रतिभाओं का योगदान देने के लिए अच्छी स्थिति में है। भारत की जनसांख्यिकीय शक्ति और फिनलैंड की तकनीकी एवं व्यावसायिक उत्कृष्टता कौशल के क्षेत्र में एक स्वाभाविक साझेदारी का निर्माण करती है। हमारी चर्चा प्रशिक्षण तंत्रों के बीच व्यावहारिक सेतु बनाने, संस्थागत सहयोग को मजबूत करने व उच्च प्रशिक्षण और गतिशीलता मानकों को बनाए रखते हुए कुशल युवाओं के लिए वैश्विक अवसरों तक पहुंच के मार्ग प्रशस्त करने पर केंद्रित थी। मार्टिनेन ने कहा कि व्यावसायिक शिक्षा और कार्यबल विकास के क्षेत्र में भारत के साथ बढ़ती साझेदारी को फिनलैंड महत्व देता है। विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत और हमारे कार्यबल को मजबूत कर रहे उच्च कुशल भारतीय पेशेवरों के योगदान की हम तहे दिल से सराहना करते हैं। भारत का मजबूत कौशल विकास तंत्र और युवा प्रतिभा आगे सहयोग के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। अपने संस्थानों और उद्योगों के बीच सहयोग को मजबूत करके, हम नवाचार, कौशल विकास और सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देते हुए कार्यबल संबंधी चुनौतियों का समाधान कर सकते हैं। इस चर्चा में दोनों देशों के संस्थानों और उद्योग जगत के हितधारकों के बीच घनिष्ठ सहयोग की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला गया, ताकि कौशल मानकों को उभरती वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया जा सके। दोनों पक्षों ने व्यावसायिक योग्यताओं की सुगम मान्यता सुनिश्चित करने और कार्यबल की कमी का सामना कर रहे क्षेत्रों में कुशल पेशेवरों की आवाजाही को प्रोत्साहित करने वाले तंत्रों की खोज में रुचि व्यक्त की।

# नीतीश का कार्यकाल हमेशा याद रखा जाएगा : अमित शाह



**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार का कार्यकाल राज्य में विकास को गति देने और विभिन्न क्षेत्रों में उनके ऐतिहासिक कार्यों के लिए हमेशा याद किया जाएगा। शाह ने गुरुवार को कुमार के राज्यसभा के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद कहा कि पिछले 20 वर्षों के दौरान मुख्यमंत्री के रूप में कुमार ने कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि 1990 से 2005 तक चलने वाले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के 'जंगल राज' से प्रदेश को बाहर निकालने का श्रेय कुमार को जाता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब श्री कुमार ने राज्य की बागडोर संभाली थी, तब सड़क, बिजली और कानून-व्यवस्था सहित लगभग सभी क्षेत्रों में पूरी तरह अव्यवस्था थी। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों के हित में अपनी ईमानदार कोशिशों और प्रतिबद्धता के कारण कुमार राज्य के सभी गांवों तक बिजली और सघ्क पहुंचाने में सफल रहे। उनकी सरकार ने शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में मूलभूत अवसंरचना में व्यापक सुधार किया। शाह ने कहा कि श्री कुमार जेपी आंदोलन की उपज हैं और वह वरिष्ठ नेता जयप्रकाश नारायण की विचारधारा के सच्चे अनुयाई साबित हुए। उन्होंने लंबे राजनीतिक जीवन में कभी अपने मूल सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री कुमार की छवि हमेशा

मुकद्दस रमजान माह की मुबारकबाद

सोलहवां रोजा वक्त इफ्तार 06 मार्च शाम 6:23

सत्रहवां रोजा वक्त सहरी 07 मार्च सुबह 5:12

मुकद्दस रमजान की बधाई
डॉ. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद गाजी
पूर्व विधायक
बढ़ापुर व अफजलगढ़ विधानसभा क्षेत्र


# शाहअलीपुर कोटरा में महिला ने लगाई फांसी

## ससुराल पक्ष पर उत्पीड़न करने का आरोप, बढ़ रही घटनाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पारिवारिक विवाद के चलते बढ़ापुर क्षेत्र में एक महिला ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार बीती शाम डायल 112 को बढ़ापुर थाना क्षेत्र के ग्राम शाहअलीपुर कोटरा में महिला द्वारा फांसी लगाए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही बढ़ापुर के प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्राम के निवासी अमित की पत्नी वंशिका घर में मृत अवस्था में पड़ी थी। मृतका के गले पर फंदे का निशान था। एक वर्ष पूर्व ही मृतका की शादी हुई थी। इस बीच एक माह पूर्व उसने बेटी को भी जन्म दिया था। मृतका के परिजनों का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग उसका उत्पीड़न करते थे। जिसकी वजह से यह घटना हुई है। प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद घटना के बारे में सही जानकारी मिल पाएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल जांच-पड़ताल की जा रही है, जिसके बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि महिलाओं के द्वारा पारिवारिक विवाद के चलते अपनी जिंदगी खत्म की जा रही है। वह छोटी-छोटी बातों पर जान दे रही हैं। दो दिन पूर्व मंडावली थाना क्षेत्र में नीलम ने आत्महत्या कर ली थी। सूत्रों का कहना है कि संयुक्त परिवारों के खत्म हो जाने के बाद से घरों में तनाव की स्थिति ज्यादा बढ़ती जा रही है। कहीं पत्नी की गलती होती है और कहीं पर पति की गलती होती है। आपसी तालमेल बेहतर न होने की वजह से परिवार टूट रहे हैं।

# पूर्व जज मनोज पीडीए को पूरी तरह समर्पित



## सपा को मजबूत करने में लगा रहे पूरी ताकत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** दबे-कुचले समाज के अधिकारों की रक्षा एवं उनकी आवाज बुलंद करने के लिए अपर जिला जज जैसा महत्वपूर्ण पद छोड़ कर सपा में शामिल हुए पूर्व जज मनोज कुमार पीडीए को पूरी तरह समर्पित हो गए है। वह सपा को मजबूत करने के लिए पूरी ताकत लगा रहे है।

गौरतलब है कि मनोज कुमार बिजनौर में ही अपर जिला जज थे। वह बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए समाज में चेतना जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे थे। उन्होंने बाबा साहब के मिशन की खातिर अपर जिला जज जैसा अति महत्वपूर्ण नौकरी से यही पर इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद उन्होंने सपा में शामिल होकर पीडीए को पार्टी से जोड़ने का अभियान चलाया। उन्होंने नगीना लोकसभा क्षेत्र से सपा के टिकट पर चुनाव भी लड़ा था। वह चुनाव भले ही हार गए थे, लेकिन हिम्मत नहीं हारे। उनके द्वारा सपा को पूरी तरह समर्पित होकर पार्टी से पीडीए को जोड़ने के लिए कार्य किया जा रहा है। वह अन्य पार्टियों में मौजूद भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की विचारधारा से प्रभावित नेताओं व कार्यकर्ताओं को सपा में शामिल कराने की मुहिम में लगे हुए है। वह सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को सीएम की कुर्सी तक पहुंचाने एवं दबे व कुचले समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए दिन-रात एक कर रहे हैं। उनकी मेहनत रंग ला रही है और जनपद में सपा का कुनबा बढ़ रहा है।

# दुर्घटना में मौत के बाद सड़क जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** कोतवाली देहात रोड पर हादसे में मौत हो जाने पर उग्र परिजनों ने जाम लगा दिया।

## राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में थे प्रवक्ता



प्राप्त समाचार के अनुसार कोतवाली देहात रोड पर सत्य विहार कॉलोनी के सामने स्कूटी सवार नेत्रपाल सिंह पुत्र चंद्रपाल सिंह सड़क पार कर रहे थे। वह मूल रूप से ग्राम रायपुर सादात के निवासी थे और वर्तमान में स्थानीय सत्य विहार कॉलोनी में रह रहे थे। उन्हें अज्ञात कार द्वारा टक्कर मार दी गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परि. जनों का गुस्सा भड़क गया। गुस्साए परिजनों ने स्थानीय लोगों के साथ मिल कर सड़क पर जाम लगा दिया। उन्होंने आरोपी वाहन चालक पर हत्या का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ इन्हीं धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की।

इस दौरान सड़क के दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। एएसपी सिटी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह और थाना प्रभारी राहुल सिंह मौके पर पहुंच गए। उनके द्वारा किसी तरह परिजनों को समझा कर जाम को खुलवाया गया । मृतक के भाई करण पाल पुत्र चंद्रपाल द्वारा आरोपी चालक कार हुंडई संख्या यूपी 32 सीआर 8995 के विरुद्ध तहरीर दे दी गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया है। मृतक नेत्रपाल सिंह राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में प्रवक्ता के पद पर कार्य कर रहे थे।


रमजान माह की बधाई
मूलचन्द चौहान
पूर्व मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर
अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
वहाब कुरैशी
उत्तरी सहकारी समिति के पूर्व वाइस चेयरमैन
नहटौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मनोज पारस
सपा विधायक
नगीना
विधानसभा क्षेत्र

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. आसिफ शान
चेयरमैन
नगर पंचायत, मण्डावर

मुकद्दस रमजान माह की दिल की गहराईयों से सभी रोजेदारों को मुबारकबाद
Ranadan 2025
अजमल उमर एड.
वरिष्ठ समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन पद- भाजपा
नगर पंचायत, मण्डावर

रमजान माह की शुभकामनाएं
रामअवतार सैनी
सपा विधायक
नूरपुर विधानसभा क्षेत्र
जनपद-बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जनपद-बिजनौर
पूर्व चेयरमैन, झालू

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद रहमान शम्सी
मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष/ प्रभारी-पश्चिमी उ. प्र. उद्योग व्यापार मण्डल, मुरादाबाद
इंडियन बुक डिपो व स्पोर्ट्स, धामपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. इमरान समी कुरैशी
ग्राम प्रधान
कोतवाली देहात
जनपद बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
साजिद कुरैशी
प्रधान पद के भावी उम्मीदवार
ग्राम करौंदा मुस्लिम, कोतवाली देहात

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
कपिल कुमार
जिला पंचायत सदस्य
पूर्व प्रत्याशी-19 बढ़ापुर वि.स. क्षेत्र
समाजवादी पार्टी

मुकद्दस रमजान की बधाई
विवेक सेन
सदस्य जिला पंचायत
जिला योजना समिति बिजनौर
मुरादाबाद मंडल महासचिव
आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य-आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी-धामपुर विधानसभा-20






मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बसपा, मुरादाबाद
निवास-स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. साईम राजा
मैनेजर
मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, किरतपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर

रमजान माह की शुभकामनाएं
चौधरी रवि कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी अब्दुल कादिर
वरिष्ठ समाजसेवी
नहटौर

# नगीना में डाक्टर की हत्या

## हेल्थ केयर सेंटर पर जांच रिपोर्ट दिखाने के बहाने सीने में मारी गोली

अमान शमसी

**नगीना।** धामपुर रोड स्थित हेल्थ केयर सेंटर के संचालक बाल रोग विशेषज्ञ की देर शाम अज्ञात युवक ने उनके चौंबर में पास से गोली मारकर हत्या कर दी।

प्राप्त समाचार के अनुसार धामपुर रोड स्थित नगर क्षेत्र के वार्ड संख्या छह के मोहल्ला कस्बा के सभासद राजकुमार सैनी उर्फ जोनी के मकान के भूतल पर शिवालय हेल्थ केयर नामक निजी चिकित्सा केंद्र के संचालक बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राजकुमार की बृहस्पतिवार शाम लगभग सात बजे एक अज्ञात युवक ने सीने में बाईं ओर गोली मारकर हत्या कर दी। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद हो गई है, जिसे पुलिस खंगाल रही है।





घटना के समय डॉ. राजकुमार के केबिन में उनके बराबर वाली टेबल की चेयर पर बैठे क्लीनिक पर कार्यरत एक अन्य कर्मचारी मौहल्ला काजी सराय निवासी डॉ. मूसा इब्राहीम के अनुसार एक लगभग 24 वर्षीय युवक थाना कोतवाली देहात स्थित किसी पैथोलॉजी लैब की जांच रिपोर्ट दिखाने के लिए आया था। बिना किसी कहासुनी के डॉक्टर के चेंबर में रिपोर्ट दिखाते समय करीब से सीने में बाईं ओर फायर झोंक दिया। गोली लगते ही डॉक्टर अपनी सीट से खड़े होकर बराबर में बैठे डॉक्टर मूसा इब्राहिम की तरफ लपके और डॉक्टर मूसा इब्राहिम ने डॉक्टर राजकुमार को संभालते हुए उनके बहते हुए खून को रोकने का प्रयास किया, परंतु डॉ. राजकुमार धीरे-धीरे निढाल होकर वहीं गिर पड़े। वहीं आरोपी युवक घटना को अंजाम देते ही मौके से फरार हो गया। फायर की आवाज इतनी तेज थी कि उस बिल्डिंग में और बिल्डिंग के आसपास के लोग धमाके की आवाज की ओर दौड़ पड़े। स्टाफ द्वारा घायल को निजी कार के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सा प्रभारी डॉ विशाल दिवाकर द्वारा घाव को चाकू लगने से प्रतीत होना बताया गया है। वहीं पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सही तथ्यों का पता चल पाएगा। घटना के समय केबिन में लगे सीसीटीवी कैमरा खराब होने की बात सामने आई है।

घटना के समय एक सीटी डीलक्स बाइक UP20P5276 हैल्थ सेंटर के बाहर लावारिस खड़ी पाई गई, जिसके बैग में कुछ कागज बरामद हुए हैं। गाड़ी का लॉक टूटा है, जो कि जांच में थाना क्षेत्र के ग्राम मंझेड़ा की बताई जा रही है।

## हैजरपुर में खूनी संघर्ष

**रायपुर सादात।** थाना नगीना देहात क्षेत्र के ग्राम हैजरपुर में कूड़ा डालने को लेकर हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया। बताते है कि अशोक कुमार पुत्र हरिराज ने सुमित कुमार के परिवार से कहा कि कूड़ा उनकी तरफ न डाला जाए। आरोप है कि इसके बाद सुमित कुमार की मां ने कूड़ा अशोक कुमार की तरफ कर दिया, जिस पर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर सुमित कुमार पुत्र प्रमोद कुमार ने अशोक कुमार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में अशोक कुमार के सिर में गंभीर चोटें आई और सिर फट गया। मौके पर हड़कंप मच गया। घायल अशोक कुमार को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

## सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

### ग्राम में शोक की लहर

शाह टाइम्स संवाददाता

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर उर्फ जिकरीवाला निवासी एक व्यक्ति की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। चार दिन पूर्व ही पिता का निधन हुआ था। एक ही परिवार में चार दिनों में दो मौत हो जाने के कारण परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

ग्राम भवानीपुर उर्फ जिक. रीवाला निवासी विजेन्द्र कुमार सैनी (45 वर्ष) पुत्र किशोरी सिंह सैनी, थाना जसपुर के कस्बा महुआ डाबरा होते हुए ग्राम मन्डयो जा रहे थे। जसपुर-ठाकुरद्वारा मार्ग पर सामने से आ रहे वाहन से बचाने के प्रयास में बाइक असंतुलित होकर पेड़ से टकरा गई। जिससे विजेंद्र कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायल को सीएचसी जसपुर भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जसपुर पुलिस द्वारा दी गई सूचना पर पहुंचे परिजन बिना किसी कार्यवाही के शव को घर ले आए। आज रामगंगा घाट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। गौरतलब है कि चार दिन पूर्व मृतक के पिता किशोरी सिंह सैनी का बीमारी के चलते निधन हो गया था। त्यौहार के समय मात्र चार दिनों में परिवार के दो सदस्यों की मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्राम में शोक की लहर है।

## एक नजर

### ट्रैक्टर के नीचे दब कर मौत

**नजीबाबाद।** मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम शेखपुरा आलम में संजीव कुमार पुत्र मेहर सिंह होली के दिन सुबह अपने खेत पर काम कर रहे थे। इस बीच उनका ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे संजीव कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों द्वारा तत्काल एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने किसान को मृत घोषित कर दिया। किसान संजीव कुमार ग्राम विजयपुर किसान सहकारी समिति के संचालक भी थे। उनकी मोत की खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। आवास पर आसपास के ग्रामीणों से सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची मंडावली पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किसान संजीव कुमार की मौत पर चौधरी देवेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान भागीरथ सिंह, भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, नवीन पाल, अनुज कुमार, भोला सिंह, डॉ. इदरीस अहमद, चौधरी नरपाल सिंह, देवराज सिंह, रोबिन राणा, कृष्णपाल सिंह आदि ने शोक व्यक्त किया।

### नामदेव समाज की बैठक



**नजीबाबाद।** नामदेव समाज की एक बैठक समाज की धर्मशाला में हुई। जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। हर वर्ष होली पर्व के उपलक्ष्य में समीक्षा बैठक आयोजित की जाती है। जिसमें नामदेव समाज से जुड़े सभी प्रमुख लोग मौजूद रहते हैं। बैठक में नामदेव समाज के उत्थान के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। आने वाली 25 मई को नामदेव समाज के अधिवेशन को सफल बनाने के लिए विचार-विमर्श किया गया। नामदेव समाज के अध्यक्ष मदन गोपाल टॉक द्वारा बैठक की अध्यक्षता की गई। संच. ालन प्रशांत कुमार द्वारा किया गया। बैठक में आत्माराम, सुरेश टॉक, राम अवतार, संजय, उज्जवल, अंकित, पीयूष, सुशील टॉक, राजीव टॉक, सुरेश, नवीन, मोनू, सोनू आदित्य, रूद्र आदित्य आदि काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### जलालपुर मस्जिद में रोजा इफ्तार



**सहसपुर।** ग्राम जलालपुर वाली मस्जिद में सामूहिक रोजा इफ्तार किया गया। जिसमें नगर के मौलाना महफूज सहसपुरी, भाजपा नेता फहीम अहमद, डॉ. अजीम, हाजी फैय्याज अंसारी, डॉ. हैदर, अलीम मिस्त्री आदि मौजूद रहे। रोजा इफ्तार से पहले ईरान, इजरायल-अमेरिका के युद्ध को रोकने के लिए दुआ की।

### व्यापारी शब्बू ने कराई इफ्तार

**नजीबाबाद।** मौहल्ला दरूदग्रान निवासी रेडिमेड व्यापारी शब्बू ने अपने दस वर्षीय बेटे मुदस्सिर के जिंदगी का पहला रोजा रखने पर सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन कराया। मेहमानों ने रोजा रखने पर मुदस्सिर को दुआओं से नवाजा। सामुहिक रोजा इफ्तार में डॉ. जिशान, बिट्टू, मोनू टाटा, अजमल खान, आबिद अली, सलीम खान, नसीम खान, शमीम मुन्नी, शेर अली सहित शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### दरगाह परिसर में रोजा इफ्तार



**किरतपुर।** रमजान माह के पवित्र अवसर पर दरगाह हजरत दादा गुलाम मुहियुद्दीन शाह के परिसर में आयोजित रोजा इफ्तार कार्यक्रम में शहर के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। इफ्तार पार्टी के माध्यम से आपसी भाईचारे, सौहार्द और एकता का संदेश दिया गया। दरगाह के सज्जादा नशीं सैय्यद मुन्ने मियां शाह ने कहा कि रोजा इफ्तार पार्टी का उद्देश्य समाज में प्रेम और आपसी सौहार्द को मजबूत करना है। बुधवार की शाम मौहल्ला किला स्थित दरगाह परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोजेदारों ने रोजा खोला और देश में अमन-चैन व खुशहाली की दुआ की। इस मौके पर इकराम मियां शाह, मुन्ने मियां शाह, मुकर्रम मियां शाह, मौहम्मद साईम राजा, शाहिद अली खान, अशरफ जमील एडवोकेट, पुरुषोत्तम कुमार बब्बी, हाजी फखरे आलम, वकार कादरी, साहिल मेहरा, मौ. याकूब, दिलशाद अलवी, मौ. परवेज, वसीम अत्तारी, राशिद हुसैन, सभासद मौ. आबिद, अब्दुल मलिक खान, रियासत उर्फ लाल भाई, तौफीक मलिक, वकार अहमद बब्लू, हसन अली एडवोकेट, मौ. राशिद, मौ. रिजवान, चौधरी अरशद, अयाज हुसैन उर्फ भूरे, सलमान शेख, अखलाक अहमद, अय्यूब अहमद, राजा फरीदी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने इफ्तार किया। अंत में आयोजकों ने सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया।

### पुलिस का सघन चेकिंग अभियान

**बिजनौर।** पुलिस ने होली के त्यौहार को सुरक्षित बनाने और सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से देर शाम सड़कों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान जिले भर में विभिन्न स्थानों पर चलाया गया, जिसमें शहर कोतवाली क्षेत्र में सीओ सिटी संग्राम सिंह और शहर कोतवाल राम प्रताप सिंह ने नेतृत्व किया। अभियान के दौरान पुलिस ने ब्रेथ एनालाइजर मशीनों का उपयोग कर वाहन चालकों की जांच की। साथ ही, तेज आवाज के साइलेंसर लगी कई बाइकें भी सीज की गईं।

# दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत

### दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत

शाह टाइम्स संवाददाता

**किरतपुर।** मंडावर रोड स्थित मालन नदी के पुल के पास एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार निकटवर्ती गांव बहादरपुर निवासी रविशु पुत्र मानसिंह (26 वर्ष) अपने एक रिश्तेदार को किरतपुर रेलवे स्टेशन छोड़कर मोटरसाइकिल से वापस घर लौट रहा था। जैसे ही वह मंडावर रोड पर मालन के पुल के पास पहुंचा, सामने से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल से उसकी बाइक की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। दूसरी मोटरसाइकिल पर एक दंपति सवार थे।



हादसे में दोनों मोटरसाइकिलों पर सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरतपुर ले जाया गया। चिकित्सकों ने रविशु की हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल बिजनौर रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। बताया गया है कि मृतक नजीबाबाद में रिलायंस जियो कंपनी में कार्यरत था। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि रविशु का विवाह करीब चार वर्ष पूर्व हुआ था और उसका एक छोटा बेटा है।

पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। परिजनों द्वारा उसका अंतिम संस्कार बालावाली घाट पर किया गया। समाचार लिखे जाने तक इस संबंध में थाने में कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

## इजरायल की तीखी निंदा

**नजीबाबाद।** भनेड़ा सादात के शिया सम्प्रदाय के काफी संख्या में लोग इमामबाड़ा में एकत्र हुए। शिया समाज के लोगों ने धर्मगुरु अयातुल्लाह अली खामेनेई की निर्मम हत्या के विरोध में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम व सीओ नजीबाबाद को सौंपा। शिया समुदाय के लोगों ने इजरायल के खिलाफ प्रदर्शन कर उसकी मजम्मत की। इस मौके पर थाना प्रभारी किरतपुर मौजूद रहे। उन्होंने केंद्र सरकार से ईरान की मदद की मांग की। ज्ञापन देने वालों में शिया समाज के काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पेट्रोल पंप पर लूट का खुलासा

### दो अभियुक्त गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**अफजलगढ़।** स्थानीय पुलिस ने 28 मार्च की रात्रि भूतपुरी-सुआवाला मार्ग पर भारत पेट्रोल पंप पर हुई लूट की घटना का खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

गौरतलब है कि बीते 28 मार्च की रात्रि स्थानीय थाना क्षेत्रान्तर्गत महसनपुर तिराहे के पास स्थित सिंह फिलिंग स्टेशन से बाइक सवार दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सेल्समैन से 25,000 रुपए छिनैती की घटना का मुकदमा अपराध संख्या 42/2026 धारा 304(2) बीएनएस में पंजीकृत किया गया था। दूसरी घटना 27 मार्च की रात्रि सुआवाला मार्ग पर स्थित स्टोन क्रेशर के पास से अज्ञात चोर द्वारा एक व्यक्ति का मोबाइल चोरी किए जाने के संबंध में स्थानीय थाना मुकदमा अपराध संख्या 44/2026 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। पुलिस द्वारा उपरोक्त घटनाओं का अनावरण हेतु, दो पुलिस टीमों का गठन किया गया। जिसमें गत रात्रि तीन मार्च को सुआवाला क्षेत्र में पड़ाव चौराहे से हरपुर की तरफ जाने वाले रास्ते पर संदिग्ध वाहनों, व्यक्तियों की चैकिंग के दौरान सामने से एक बाइक पर सवार एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। जिसे पुलिस ने रूकने का इशारा किया, तो बाइक सवार व्यक्ति द्वारा बाइक को पीछे मोड़कर भागने का प्रयास किया। परंतु बाइक फिसल जाने के कारण उसे मौके पर पकड़ कर पूछताछ के लिए गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त



ने अपना नाम निखिल पुत्र राजपाल उर्फ झबरे निवासी ग्राम आलमपुर गावड़ी, थाना अफजलगढ़ बताया। जिसके कब्जे से रुपए नौ हजार रुपए बरामद हुए। पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि 28 मार्च को अपने साथी शरद कुमार गौतम पुत्र संजय कुमार निवासी ग्राम आलमपुर गांवड़ी, थाना अफजलगढ़ के साथ मिलकर भूतपुरी-सुआवाला मार्ग स्थित भारत पेट्रोल पंप के सेल्समैन से लगभग 25 हजार रुपए की छिनैती की थी। चैकिंग के दौरान मोटरसाइकिल के कागजात संदिग्ध पाए गए। पुलिस द्वारा ई-चालान ऐप से जांच करने पर वाहन का वास्तविक पंजीकरण नंबर यूके18पी7009 पाया गया, जो काशीपुर जनपद उधम सिंह नगर, उत्तराखंड निवासी स्वामी के नाम पंजीकृत है। मोटरसाइकिल 24 मार्च को चोरी हुई थी, जिसके संबंध में थाना काशीपुर पर मुकदमा अपराध संख्या 78/2026 धारा 303 (2) बीएनएस पंजीकृत है। पुलिस ने अभियुक्त निखिल की निशानदेही पर उसके साथी शरद कुमार गौतम पुत्र संजय कुमार निवासी ग्राम आलमपुर गावड़ी, थाना अफजलगढ़ को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी हेतु ले जाते समय ग्राम बैरागी टांडा मार्ग पर अभियुक्त शरद द्वारा आम के बाग में छिपाए गए तमंचे को निकालकर पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में अभियुक्त शरद कुमार के बाएं पैर में गोली लगी, जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर उपचार हेतु जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। अभियुक्त शरद के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, एक मोबाइल फोन तथा उक्त छिनैती के अपने साथी शरद कुमार गौतम पुत्र संजय कुमार के साथ मिलकर भूतपुरी-सुआवाला रोड स्थित भारत पेट्रोल पंप के सेल्समैन से लगभग 25 हजार की छिनैती की थी। घटना के समय दोनों ने अपने चेहरे गमछे से ढंक रखे थे तथा छिनैती के उपरांत भूतपुरी रोड से होते हुए शाहपुर जमाल के रास्ते अपने ग्राम चले गए थे।

अभियुक्त ने यह भी स्वीकार किया कि बरामद मोटरसाइकिल लगभग पांच-छह दिन पूर्व काशीपुर से चोरी की गई थी। पुलिस को भ्रमित करने हेतु फर्जी आरसी तैयार कर उस पर अलग पंजीकरण संख्या अंकित कर प्रयोग में लाया जा रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त शरद कुमार गौतम ने पूछताछ में उपरोक्त घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की तथा बताया कि छिनैती की घटना में वहीं मोटरसाइकिल प्रयुक्त की गई थी। उसने यह भी बताया कि अवैध तमंचा आम के बाग में छिपाकर रखा गया था, जिसे बरामदगी के दौरान निकाल कर पुलिस पर फायर किया।

# क्षेत्रीय बार एसो. ने कराया रोजा इफ्तार

### अधिवक्ताओं ने दिया भाईचारे का संदेश

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** क्षेत्रीय बार एसोसिएशन धामपुर की ओर से गुरुवार को मौहल्ला नई सराय स्थित चांद मस्जिद के पास सरफराज एडवोकेट के आवास पर रोजा इफ्तारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लिया और आपसी भाईचारे तथा सौहार्द का संदेश दिया।

रोजा इफ्तार के अवसर पर उपस्थित अधिवक्ताओं ने एक साथ बैठकर इफ्तार किया और एक-दूसरे को रमजान की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी सद्भाव को मजबूत करने का कार्य करते हैं।




अधिवक्ता अनिल शर्मा और विवेक राज सोनी सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि बार एसोसिएशन द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन समाज में आपसी भाईचारे और एकता को बढ़ावा देता है, जो वर्तमान समय में अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आर.के. आर्य एडवोकेट और महासचिव अलीखान एडवोकेट के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान बार एसोसिएशन के अनेक अधिवक्ता एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और सभी ने मिलकर एकता तथा भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प लिया।

# सदका-ए-फितर पूरी तरह अदा करें : मुफ्ती मुदस्सिर

### रमजान के महीने में बरकत

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंडावर।** शाही जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती मौहम्मद मुदस्सिर कासमी ने रमजान के मुकद्दस महीने में सदका ए फितर अदा करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मुकद्दस रमजान माह में ज्यादा से ज्यादा इबादत की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि रमजान का महीना बड़ी बरकतों का है। इस माह में अल्लाह रहमतों के दरवाजें खोल देता है। घर-घर बड़ी खुशियों के साथ दस्तरखान भी सजाता हैं। हर मुस्लिम को रोजा रखना फर्ज है। इमाम मुफ्ती मौहम्मद मुदस्सिर कासमी ने कहा कि रमजान उल मुबारक के मौके पर सदका फितरे को वाजिब करार दे दिया गया है, ताकि ईद के मौके पर गरीब व मिस्कीन भी खुशी मना सके। इसलिए हर मालदार शख्स अपने व अपनी बालिग व नाबालिग औलाद की तरफ से सदका ए फितर ईद से पहले जरूर अदा कर दें, ताकि गरीब व मिस्कीन भी अपनी जरूरियात का सामान खरीद कर खुशी में शामिल हो सके। इमाम मुफ्ती मौहम्मद मुदस्सिर कासमी ने बताया कि इस मरतबा सदका ए फितर की कीमत प्रति सदस्य लगभग 60 रुपए या लगभग पौने दो किलो गेहूं तय की गई है। उन्होंने कहा कि जिन के ऊपर जकात वाजिब है, उन्हें भी हर हाल में जकात देनी चाहिए। वरना वह गुनाहगार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हर मुसलमान के ऊपर अल्लाह ने जो चीजें फर्ज की है, उसे हर हाल में पूरा करना चाहिए।

# करंट लगने से युवक झुलसा

### बिजली के जर्जर खंभों पर उठे सवाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** नगर के मौहल्ला बारवान निवासी एक युवक करंट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना होली के दिन उस समय हुई जब युवक स्टेट बैंक कॉलोनी की ओर जा रहा था। गीलेपन के कारण बिजली के खंभे में करंट आ गया था, जिससे युवक को तेज झटका लग गया।

बताया गया कि परवीन शर्मा जब स्टेट बैंक कॉलोनी की ओर जा रहे थे, तभी रास्ते में खड़े एक टेलीफोन के खंभे को उनका हाथ लग गया। बताया जाता है कि उस खंभे पर बिजली के कई तार भी लगे हुए हैं और गीलापन होने के कारण उसमें करंट उतर आया था। खंभे के संपर्क में आते ही उन्हें तेज करंट लगा और वह गंभीर रूप से घायल हो गए।



घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार कराया गया। परिजनों के अनुसार अब उनकी हालत पहले से बेहतर बताई जा रही है और वह धीरे-धीरे स्वस्थ हो रहे हैं।

इस घटना के बाद क्षेत्र में बिजली के जर्जर खंभों को लेकर लोगों में चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर और आसपास के कई इलाकों में लोहे के बिजली के खंभे नीचे से पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं और किसी तरह सहारे से खड़े हैं, जो कभी भी गिर सकते हैं और बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं।

# धामपुर में वार्षिकोत्सव पर निकला भव्य होली हवन जुलूस

### धूमधाम से मनाया गया होली पर्व

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** धर्म नगरी धामपुर में आदर्श होली हवन समिति के तत्वावधान में 76वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर भव्य होली हवन जुलूस एवं शोभायात्रा निकाली गई। छह दिवसीय होली रंग महोत्सव के अंतर्गत निकले इस विशाल जुलूस में आकर्षक झांकियों, ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुनों ने पूरे नगर को होली के रंग में सराबोर कर दिया।

मौहल्ला खातियान स्थित चौराहे से जुलूस का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने नारियल फोड़कर, फीता काटकर और रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों को आयोजक समिति की ओर से विशेष रूप से तैयार पगड़ियां पहनाकर और बैज लगाकर सम्मानित किया गया।

जुलूस में भगवान श्रीकृष्ण-राधा, मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम दरबार, महाकाली अखाड़ा, बजरंगबली, शिव तांडव तथा गणेश भगवान सहित अनेक मनोहारी झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। झांकियों में शामिल कलाकारों ने अपने नृत्य और भाव-भंगिमाओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ढोल की थाप और डीजे की धुन पर युवाओं ने होली के जयकारों के साथ जमकर नृत्य किया। निर्धारित मार्गों पर सनातन परिवारों, व्यापारियों और



विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जुलूस का पुष्प वर्षा, मिष्ठान व फल वितरण कर स्वागत किया। जुलूस के मार्गों पर दोनों ओर बड़ी संख्या में नागरिक, महिलाएं, युवा और बच्चे मौजूद रहे। जैसे-जैसे जुलूस आगे बढ़ता गया, उसमें शामिल होने वाले होली प्रेमियों की संख्या भी बढ़ती गई। समिति के संरक्षकों प्रमोद मिश्रा, डॉ. शंकर लाल शर्मा, महेंद्र धनोरिया, पूर्व ब्लॉक प्रमुख चौधरी अतुल कुमार सिंह 'राजा', डॉ. एनपी सिंह, अनिल कुमार अग्रवाल, जितेंद्र कुमार शर्मा 'बबलू', डॉ. शलभ अग्रवाल, मुकेश कुमार अग्रवाल, विपिन कुमार गुप्ता और संदीप शर्मा व अन्य समाज सेवियों के संरक्षण में समिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों के सहयोग से यह आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आदर्श होली हवन समिति के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार भटनागर 'टीटू', महामंत्री संजय कुमार शर्मा 'बिल्लू' और कोषाध्यक्ष अंकित सिंह सैनी सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे और प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। संवेदनशील स्थानों पर छतों पर भी पुलिस बल तैनात रहा। नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए होली हवन जुलूस पुनः अपने निर्धारित स्थान पर पहुंचकर संपन्न हुआ।

# गीजर से दम घुटने से विवाहिता की मौत

## मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** बाथरूम में नहाते समय गैस गीजर से दम घुटने के कारण मौहल्ला जोशियान में एक महिला की मौत हो गई। महिला के मायके वालों ने पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है।

मौहल्ला जोशियान निवासी मनीष की पत्नी आकांक्षा (26 वर्ष) बुधवार की शाम 5 बजे बाथरूम में नहाने के लिए गई थी, लेकिन महिला काफी देर तक बाथरूम से बाहर नहीं निकली तो परिजनों को शक हुआ तो परिजनों ने दरवाजा तोड़ा तो महिला बाथरूम में बेहोश पड़ी थी। परिजन साहनपुर एक प्राइवेट अस्पताल में ले गए, जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर महिला के मायके वालों ने पुलिस को आकांक्षा की हत्या की सूचना दी। जिस पर सीओ नितेश प्रताप सिंह, फॉरेंसिक टीम, नायब तहसीलदार, थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। महिला की मौत से पूरे मौहल्ले में शोक छा गया। सीओ नितेश प्रताप का कहना है कि प्रथम दृष्टया जांच में महिला की मौत बाथरूम में नहाते समय गीजर से दम घुटने के कारण हुई है। मृत महिला के शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# नृत्य प्रतियोगिता में शुचि राघव प्रथम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाज सेवा संस्थान के तत्वाधान में टीचर्स कॉलोनी इंदिरा पार्क के बराबर मे होली का त्यौहार पारम्परिक हर्षोल्लास से मनाया गया।



होली मनाने का विशेष कारण है कि प्रहलाद हिरण्य कश्यप के पुत्र थे जो जो केवल भगवान विष्णु की पूजा करते थे। उनके पिता हिरण्यकश्यप अपने को स्वघोषित भगवान मानकर उनका विरोध करते थे और प्रहलाद को मारना चाहते थे। अंत में जब मृत्युदंड का कोई तरीका सफल नहीं हो पाया तो हिरण्यकश्यप की वरदानी बहन होलिका ने कहा कि वे प्रहलाद को अग्नि में अपनी गोदी में लेकर बैठ जायें क्योंकि उन्हें वरदान प्राप्त था कि अग्नि उनको नहीं जला पाएगी। इसलिए होलिका प्रहलाद को अपनी गोद में लेकर अग्नि के अंदर प्रवेश कर गई। लेकिन जब प्रहलाद अपनी बुआ, होलिका के साथ भगवान की पूजा का हार पहनकर अग्नि में बैठे, तो भगवान विष्णु के आशीर्वाद व चमत्कार से, प्रहलाद तो बच गए परन्तु होलिका अग्नि की भेंट चढ़ गई। इसीलिए जब बच्चे छोटे होते हैं, तब उनके दादी-नानी-मौसी-बुआ सबके यहां से बच्चों के लिए मेवा के हार आते हैं, जो सुरक्षा के प्रतीक माने जाते हैं। आज भी सब लोग, अपने घरों में मेवा के हार बनाकर बच्चों को पहनाते हैं, तभी होली पूजने जाते हैं। बच्चों को बाल बाका भी नहीं होता है। कितनी बड़ी होली होती है। लेकिन छोटे-छोटे बच्चे जाते हैं पूजने उन्हें कुछ नहीं होता।

संस्थापिका श्रीमती सविता अग्रवाल ने बताया कि होली सनातन धर्म में बहुत बड़ा उत्सव माना जाता है। इस अवसर पर आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में शुचि राघव प्रथम, शुचि गुप्ता ने द्वितीय स्थान एवं चारू गुप्ता और शालिनी अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नौ वर्षीय रुद्र अग्रवाल ने 7 वैदिक मंत्र सुनाकर अपनी श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

कार्यक्रम में आशा अग्रवाल, शशि शर्मा, रीता अग्रवाल, कुसुमलता अग्रवाल, अलका अग्रवाल, पुष्पा जोशी, शिल्पा अग्रवाल, चारु, सूची गुप्ता, सूची राघव, आशा सिंह, नीलिमा, शालिनी अग्रवाल, अंजना, शांति, ध्यानी, श्रुति अग्रवाल, विनीता, अंजना, अलका चौधरी, लीला रावत, शोभिता अग्रवाल, मीनाक्षी जैन, अनामिका राजपूत, श्रेया गहलौत, सिंधु पाराशर, सपना पाराशर, अंजू शर्मा एवं संस्थान के समस्त सदस्य सम्मिलित रहे।

# घायल गुलदार ने उपचार के अभाव में दम तोड़ा

## सूचना के घंटों बाद पहुंची वन विभाग की टीम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** ग्राम के निकट जंगल मे एक घायल गुलदार ने उपचार के अभाव में दम तोड़ दिया। सूचना के घंटों बाद पहुंची वन विभाग की टीम मृत गुलदार को अपने साथ ले गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम भनोटी में रामगंगा नदी के मार्ग स्थित गुरुवार को सुबह जब ग्रामीण खेतों पर जा रहे थे तो उन्होंने सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़े गुलदार को देखा। गुलदार को देख ग्रामीण घबरा गए। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग सहित पुलिस को दी। सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंच भीड़ को हटाया। जबकि सूचना मिलने के घंटों बाद मौके पर पहुंचे डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि वन विभाग की टीम के पंहुचने से पूर्व ही घायल गुलदार की मौत हो चुकी थी। उनके अनुसार मृतक गुलदार 3 से 4 वर्ष का रहा होगा तथा आपसी संघर्ष में गुलदार की मौत हुई होगी। वहीं ग्रामीणों को आशंका है कि जंगली सुअरों ने उस पर हमला किया हो। लेकिन घायल गुलदार की उम्र व घायल होने के कारणों के बारे में स्पष्ट जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मिल सकेगी।

# खेत पर काम कर रहे किसान पर निराश्रित गोवंश का हमला

## किसान संगठनों में नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** खेत पर गए किसान पर एक निराश्रित गोवंश ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद से ग्रामीणों और किसान संगठनों में ब्लॉक प्रशासन के खिलाफ भारी नाराजगी है।



प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम मटौरामान निवासी अनिल कुमार (45 वर्ष) पुत्र जगदीश सिंह बीती शाम अपने गेहूं के खेत की रखवाली करने गए थे। खेत में एक सांड को घुसते देख जब अनिल ने उसे भगाने का प्रयास किया तो सांड ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। किसान की चीख-पुकार सुनकर आसपास के खेतों में काम रहे लोगों ने सांड को बामुश्किल वहां से भगाते हुए घायल किसान को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला प्रवक्ता और ग्रामीण राजेंद्र सिंह ने ब्लॉक प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि पिछले एक सप्ताह में सांड द्वारा हमले की यह दूसरी घटना है। करीब आठ दिन पहले भी प्रशासन से सांड को पकड़ने की गुहार लगाई गई थी, लेकिन अधिकारियों ने जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि हिंसक हो चुके इस गोवंश को जल्द नहीं पकड़ा गया, तो किसान स्वयं कार्रवाई करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी ब्लॉक प्रशासन की होगी।

वहीं खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आ गया है। उन्होंने जल्द ही निराश्रित गोवंश को पकड़वाकर गौशाला भिजवाने का आश्वासन दिया है।

# युवक की मौत से होली की खुशियां मातम में बदलीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नन्नूशेरपुर में उस वक्त चीख-पुकार मच गई, जब एक युवक की अचानक मौत हो गई। होली के पावन पर्व पर हुई इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया है और खुशियां गम में तब्दील हो गई हैं।



## युवक की अचानक मौत से गांव में शोक

प्राप्त जानकारी के अनुसार नन्नूशेरपुर निवासी शिवम (24 वर्ष) पुत्र सतपाल बुधवार की दोपहर को खाने पीने के बाद अपने घेर में चला गया था। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटा और शरीर में कोई हलचल नहीं हुई। परिजन आनन-फानन में शिवम को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसकी नब्ज टटोलने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत का स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है, लेकिन अचानक हुई इस घटना ने परिवार को झकझोर कर रख दिया है।होली के पर्व पर जहां घर-घर में पकवान बन रहे थे और गुलाल उड़ाने की तैयारी थी, वहां अब शिवम की मौत के बाद सिर्फ सिसकियां सुनाई दे रही हैं। शिवम की असामयिक मृत्यु की खबर जैसे ही गांव में फैली, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। हंसते-खेलते युवक की अचानक विदाई से ग्रामीणों की आंखें नम हैं। त्योहार के दिन हुए इस हादसे ने न केवल सतपाल का परिवार बल्कि गांव को गहरे सदमे में डाल दिया है।

# बी.कॉम एवं बीबीए का परीक्षा परिणाम घोषित

## परीक्षा परिणाम अनुशासन का प्रतिफल : गोयल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर द्वारा बीकॉम एवं बीबीए के प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है।



घोषित परिणामों में बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में वृद्धि वर्मा ने 8.88 एसजीपीए के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। पूर्वा ने 8.63 एसजीपीए के साथ द्वितीय स्थान, मौ. असद ने 8.42 एसजीपीए के साथ तृतीय स्थान पर ओजस्वी चन्द्रा ने 8.13 एसजीपीए के साथ चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। बीबीए प्रथम सेमेस्टर में वाणी चौधरी 9.45 एसजीपीए, किरन दीप कौर 9.27 एसजीपीए, अमिशी जैन 9.18 एसजीपीए के साथ क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान एवं वृद्धि चौधरी और अन्श चौहान ने 9.09 एसजीपीए के साथ संयुक्त रूप से चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। सभी मेधावी विद्यार्थियों को इस अवसर पर स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट एण्ड कॉमर्स के डीन डॉ. सर्वेश कुमार शीतल ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी।


विश्वविद्यालय के कुलपति अमित गोयल ने बताया कि यह शानदार परीक्षा परिणाम विवेक विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षिक वातावरण को दर्शाता है।

प्रति कुलाधिपति ई. दीपक मित्तल ने बताया कि यह परिणाम हमारे शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यार्थियों के अनुशासन का प्रतिफल है।

डॉ. एनके गुप्ता ने कहा कि हमारा उद्धेश्य छात्रों को कुशल प्रोफेशनल बनाना है जिससे वे कॉरपोरेट जगत की चुनौतियों के लिए तैयार हो सके। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ हितेश शर्मा ने बताया कि विवेक विश्वविद्यालय व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को सक्षम एवं प्रतिस्पर्धा बनाने के लिए कृतसंकल्प हो।

# नहटौर में होली के जश्न में खलल

## मामूली विवाद में खूनी संघर्ष, जमकर चले लाठी-डंडे, कई घायल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम फतेहपुर में होली के उत्साह के बीच उस समय अफरा तफरी मच गई, जब मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया।

विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार मामूली कहासुनी को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और लाठी-डंडे निकल आए। इस संघर्ष में मुकेश त्यागी, शिवम त्यागी और सचिन त्यागी व दूसरे पक्ष के नरदेव त्यागी, शरद त्यागी, अनु त्यागी, नरेंद्र त्यागी घायल हो गए। झगड़े के दौरान गांव में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। पुलिस ने तत्काल सभी घायलों को उपचार के लिए नहटौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

# होली पर अत्यधिक शराब का सेवन करने से अधेड़ की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** क्षेत्र के गांव पैजनियां में होली के उत्सव के बीच एक अधेड़ व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से परिवार की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं। ग्रामीणों के अनुसार अत्यधिक शराब सेवन के कारण उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई थी।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी भूदेव (55 वर्ष) पुत्र मन्नू बुधवार को गांव में होली का पर्व मना रहा था। वह हुरियारों की टोली के साथ लोगों को रंग लगाकर त्योहार की खुशियां बांट रहा था। मौहल्ले के लोगों का कहना है कि इस दौरान उसने काफी मात्रा में शराब पी रखी थी। शाम के समय अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। परिजनों व ग्रामीणों ने उसे उपचार के लिए पहले गांव के एक निजी चिकित्सक के पास पहुंचाया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे बिजनौर ले जाया जा रहा था। रास्ते में ही भूदेव ने दम तोड़ दिया। भूदेव की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और होली की खुशियां शोक में बदल गईं। गुरुवार को परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार गंगा बैराज घाट पर कर दिया।

बताया गया है कि इस मामले की सूचना परिजनों की ओर से पुलिस या संबंधित विभाग को नहीं दी गई।

# विवेक आयुर्वेद कॉलेज की छात्रा का शोध सीसीआरएएस में चयनित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक आयुर्वेद कॉलेज की छात्र सुमय्या तेहरीम शोध प्रस्ताव सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन आयुर्वेद एण्ड सिद्धान्त (सीसीआरएएस) नई दिल्ली द्वारा आयोजित 'स्पार्क- 4.0 के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुआ है।



## आयुर्वेद उपचार पद्धतियों के प्रभाव पर है केंद्रित

सीसीआरएएस आयुष मंत्रलय की अनुसंधान संस्था है। देशभर से प्राप्त प्रस्तावों में सुमय्या तेहरीम चयनित शोध में शामिल है। यह शोध द्रव्यगुण विभाग के सह प्राध्यापक डॉ. शम्भू पटेल के मार्गदर्शन में तैयार किया गया है, जो आयुर्वेदिक उपचार पद्धतियों की प्रभावशीलता पर केन्द्रित है।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. देवाशीष पाणीग्रही ने छात्र को बधाई दी। विवेक विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अमित गोयल ने कहा कि यह सफलता छात्रा की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और संस्थान के उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। विवेक विश्वविद्यालय को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शोध के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

## एक नजर

### सुभान अली प्रथम स्थान पर रहे



**बिजनौर।** आर वी इंस्टीट्यूट ऑफ फाार्मेसी के बी. फार्मा प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया गया। प्रथम सेमेस्टर से सुभान अली ने 84.27 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, प्रभात वर्मा ने 81.93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं पीयूश कुमार ने 80.68 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इनके अतिरिक्त संस्थान के सभी छात्र छात्राओं ने बहुत अच्छे अंक प्राप्त किए। प्रबंधक निदेशक सन्नी देशवाल और फार्मेसी पाठ्यक्रम के निदेशक डा. हितेश कुमार ने सभी छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी ।

### पुलिस ने चार जुआरी दबोचे

**चांदपुर।** ग्राम हैजरपुर में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर टार्च की रोशनी में जुआ खेल रहे जुआरियों को दबोच लिया। कड़ाई से पूछताछ में उन्होंने अपने नाम अनीस अहमद, जमीरूददीन पुत्र हसमुद्दीन निवासीगण स्याऊ थाना चांदपुर, तीसरे का नाम मौहम्मद शाहिद पुत्र फकीरा निवासी मौहल्ला चिम्मन चांदपुर, चौथे का नाम संजय कुमार पुत्र रामरतन निवासी मौहल्ला पतियापाड़ा बताये। पुलिस ने चारों के पास से नकदी व ताश के पत्ते भी बरामद किए।

### वीकेआईटी का परीक्षाफल शत-प्रतिशत



**बिजनौर।** डा. एपीजे अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिर्वसिटी लखनऊ द्वारा बी.फार्मा प्रथम सेमेस्टर के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर कॉलेज ऑफ फार्मेसी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बी.फार्मा प्रथम सेमेस्टर की छात्रा नुज़हत राही ने 79.72 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, दीया त्यागी ने 78.90 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय एवं प्रिंस कुमार ने 78.21 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह, प्राचार्य एवं विभाग के समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### आसपा का जनसम्पर्क तेज



**चांदपुर।** आजाद समाज पार्टी (भीम आर्मी) जिला प्रभारी व विधानसभा चांदपुर क्षेत्र प्रभारी मौहम्मद ताहिर ने अपने गांव भ्रमण के दौरान आधा दर्जन गांव का दौरा कर ग्रामीणों से संपर्क करते हुए पार्टी से जुड़ने, पार्टी को मजबूत करने, आगामी जिला पंचायत चुनाव की तैयारी करने की अपील की। उन्होंने ग्राम मसीत, मंडैयो, शेखपुरा आदि में डोर टू डोर जन संपर्क किया तथा एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के विचारों, उनके संघर्ष और उनकी सर्वसमाज के प्रति अच्छी सोच को जनता के बीच पहुंचाने का काम किया। इस दौरान उनके कई गांव में ग्रामीण एवं पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा फूलों की मालाओं से स्वागत भी किया गया।

### क्रिसेंट को सीबीएसई की मान्यता

**चांदपुर।** मुस्लिम फंड द्वारा संचालित क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस को सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) द्वारा सीनियर सेकेंडरी (कक्षा 11 एवं 12) कक्षाएं संचालित करने की आधिकारिक मान्यता प्रदान कर दी गई है। यह विद्यालय परिवार तथा क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि विद्यालय की स्थापना का मुख्य उद्देश्य समाज के बच्चों को कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा उपलब्ध कराना है। सीनियर सेकेंडरी की मान्यता मिलना उसी उद्देश्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम है। शाहजाद खान ने कहा कि अब क्षेत्र के विद्यार्थियों को कक्षा 11 एवं 12 की पढ़ाई के लिए अन्य शहरों या विद्यालयों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इससे अभिभावकों का आर्थिक बोझ कम होगा तथा विद्यार्थियों को अपने ही क्षेत्र में बेहतर शैक्षिक वातावरण प्राप्त होगा। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के अध्यक्ष मौहम्मद साइम राजा, मुस्लिम फंड के सचिव एवं विद्यालय प्रबंधक मुंशी हसीनुद्दीन, उप-प्रबंधक मरगूब अहमद, प्रधानाचार्य नदीम बख्त तथा समस्त शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मचारियों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास, दूरदर्शिता और समर्पण से यह सफलता संभव हो सकी है।



### कृषि यंत्रों के लिए ई-लाटरी प्रक्रिया आज

**बिजनौर।** उप कृषि निदेशक डा. घनश्याम वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में कृषि यंत्रीकरण की समस्त योजनाओं के अन्तर्गत 04 मार्च, 2026 तक बुकिंग किये गये कृषि यंत्रों की बुकिंग कृषकों द्वारा विभागीय पोर्टल पर की गयी है, जिनका ई-लाटरी के माध्यम से कल (आज) 06 मार्च को प्रात: 11.00 बजे विदुर सभागार कक्ष, कलक्ट्रेट कम्पाउण्ड में कृषकों के चयन की प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी। उन्होंने बताया कि जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष ई-लाटरी की प्रक्रिया सम्पन्न करायी जायेगी। ई-लाटरी में चयनित कृषकों को उनके मोबाइल नं. पर एसएमएस के माध्यम से चयन एवं बिल अपलोड करने की अन्तिम तिथि की सूचना दी जायेगी। इसी प्रकार ई-लाटरी में प्रतीक्षा सूची में चयनित कृषकों को उनके मोबाइल नं. पर भी एसएमएस के द्वारा प्रतीक्षा सूची क्रमांक की सूचना दी जायेगी। ई-लाटरी व्यवस्था में लक्ष्य के अनुरूप चयनित किये जाने वाले लाभार्थियों की संख्या के अतिरिक्त लक्ष्य का 50 प्रतिशत तक क्रमवार प्रतीक्षा सूची भी तैयार की जायेगी। लक्ष्य की सीमा तक चयनित लाभार्थी कृषक द्वारा निर्धारित समयावधि में यंत्र क्रय न करने की दशा में अवशेष लक्ष्यों के सापेक्ष ई-लाटरी द्वारा तैयार प्रतीक्षा सूची के कम में लाभार्थियों का चयन किया जायेगा। ई-लाटरी में चयनित न होने वाले समस्त कृषकों को जमानत की धनराशि विभागीय पंजीकरण में अंकित बैंक खातें में निदेशालय स्तर से वापस कर दी जायेगी।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई
मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मकसूद अहमद अंसारी
( ठेकेदार )
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर



रंगों से सराबोर हुए हुरियारे, दिनभर लाउडस्पीकरों पर रही होली गीतों की गूंज

# उत्साह के साथ मना होली पर्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल, सिरसी, असमोली, बबराला।** अनेकता में एकता रंगों का पर्व होली नगर एवं ग्रामीण अंचल में उत्साह एवं श्रृद्धा के साथ मनाया गया। पर्व पर पुलिस-प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरूस्त होने के चलते एक दो घटना को छोड़कर होली का त्यौहार शांति पूर्वक ढंग से सम्पन्न हो गया। रंगों के पर्व पर किसी तरह के विवाद की आशंका पर कड़ी नज़र रही।

होली पर्व पर नगर में रंग गुलाल का जुलूस शांतिपूर्वक ढंग से सम्पन्न हो गया। रंगों से सराबोर युवक, युवती, पुरूष व महिलाओं ने जमकर होली का जश्न मनाया। तरह-तरह के रंगों में रंगे पूरे दिन हिन्दू भाई-बहने एक दूसरे पर रंगों की बौछार करते दिखाई दिये। वैसे तो एक दिन पूर्व ही लोग होली के रंगों में रंगे नज़र आ रहे थे। बुधवार को सुबह की पौं फटते ही रंगों के पर्व होली ने माहौल पूरी तरह रंगीन बना दिया। नगर के मौहल्ला ठेर, कोट पूर्वी, हल्लू सराय लाडम सराय, आलम सराय, मुख्य बाजार हातिम सराय, नई बस्ती, सोतीपुरा, रायसत्ती, कटरा बाजार, तिमरदास सराय व उपनगरी के मौहल्ला शाहजीपुरा, बाज़ार गंज, हयातनगर रोड व मौहल्ला हयातनगर समेत हिन्दू बहुल्य क्षेत्रों में जमकर रंग खेला गया। उधर असमौली, और बबरला तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भी होली का पर्व शांति पूर्वक ढंग मनाया गया। पर्व के दौरान सर्किल के कई क्षेत्रों में शराब के नशे में धुत्त युवकों ने काबू से बाहर जाने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने फटकार लगाकर शांत करा दिया। इसी के साथ पुलिस प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था में उन्हें बेकाबू नही होने दिया। इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा एसडीएम रामानुज, एएसपी कुलदीप, सी ओ, शहर कोतवाली प्रभारी गजेन्द्र सिंह, कोतवाली प्रभारी नखासा आदि अपने- अपने क्षेत्रों में स्थित पर नज़र बनाये रखे रहे। संवेदनशील स्थानों एवं धर्मिक स्थलों पर सुरक्षा के विशेष प्रबंध किये गये। किसी भी धार्मिक स्थल पर आसमाजिक तत्व अथवा हुड़दंगी रंग न डाल सकें इसके लिए पहले ही धर्म स्थलों को पन्नी व तिरपाल आदि से ढांक दिया गया था। इसी के साथ संवेदनशील माने जाने वाले स्थान व क्षेत्रों पर पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों की निगाहें बराबर गढ़ी रहीं। जबकि नई परम्परा और हुड़दंग मचाने वालों से तत्काल निपटने के लिए पुलिस प्रशासनिक अधिकारी लगातार राउंड लेकर स्थिति पर नज़र रखे रहे। देर दोपहर तक लाउडस्पीकरों पर बजते होली के गीतों पर हुरियारे रंगों की मस्ती में डूबे रहे।

## सिरसी में धूमधाम से मनी होली

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**सिरसी।** थाना हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र के कस्बा सिरसी में होली धूमधाम से मनाई गई। मौहल्ला गिन्नौरी वाल्मीकि बस्ती में में होली की धूम रही।होलिका दहन के अगले दिन लोगो ने रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई दी और जमकर होली खेली एवं भाईचारे का पैगाम दिया और कहा कि होली एक ऐंसा त्यौहार है जिसमें दुश्मन भी सारे गम भुलाकर प्रेम से होली के रंग लगाकर सबकुछ भुला देता है। इस अवसर पर दर्शन लाल, रामकिशोर, सौरभ कुमार, संजय बिनु, टीनू, राहुल, सोनू, राजेश, जीत, विकाश, आशीष, कृष्णा, चेतक, सुधीश, अजय, शांतनु, कुल्लू, राजराम, सुधीर, पायलट, भूरालाल, श्याम, सुमित आदि मौजूद रहे।



सम्भल। ग्राम सिहावली में नंद गोपाल धाम पर लगे ध्वजा मेले में ऊंटों की सवारी का लुत्फ लेते।

# ध्वजा मेले में उमड़ा मेलार्थियों का सैलाब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** तहसील क्षेत्र के सिहावली स्थित नंद गोपाल धाम आश्रम पर ध्वजा मेले में गुरूवार को जनसैलाब उमड़ा। मेले में बच्चों तथा महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। मेले में दुकानदारों ने एक दिन पहले ही अपनी दुकानें लगानी शुरू कर दी थी और रात भर दुकान है चलती रहीं। सुबह होते ही मेले में महिलाओं ने बच्चों का मुंडन कराने की होड़ लग गई। मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के बाद महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। तथा बच्चों ने झूला झूलकर चांट पकौड़ी खाई और मौज मस्ती की। मेले में घुड़दौड़ के साथ बच्चों ने ऊंटों की सवारी की। जनपद के अलावा अन्य जनपदों से भी श्रृद्धालु अपने-अपने वाहनों से मेले में पहुंचे और प्रसाद चढ़ाने के बाद खरीदारी की। जहां मेले में सैकड़ों की संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। आसपास क्षेत्र के कुछ सेवादार भी अपनी सेवा करते नजर आए।

### रायसत्ती पर मेले में कैम्प पर किया स्वागत

**सम्भल।** होली के दूसरे दिन लगने वाले ध्वजा मेले का आयोजन रायसत्ती तीर्थ पर किया गया। मेले में धार्मिक व स्वयं सेवी संस्था की ओर से शिविर लगाकर मेले में आने वाले मेलार्थियों का स्वागत किया गया। इसके अलावा मेले में आसमाजिक तत्व और मनचलों पर लगाम कसने को पुलिस की निगाहे पैनी रहीं।

### लोकेश यादव व सुरेन्द्र यादव ने की जलसेवा

**सम्भल।** तहसील क्षेत्र के ग्राम सिहाली में गुरूवार को होली के अगले दिन लगने वाले ध्वजा मेले में आजाद गौरक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश यादव, सुरेन्द्र यादव की ओर से जल सेवा की गई।

# धर्म स्थल की पन्नी फाड़कर डाला गया रंग

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

○पुलिस-प्रशासन के अमन के प्रयासों को पलीता लगाने का प्रयास

**सम्भल।** पुलिस-प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था को पलीता लगाने का प्रयास दूसरे समुदाय के ढके धर्म स्थल की पन्नी फाड़कर रंग डालकर माहौल को बिगाड़ने का प्रयास किया। गनीमत रही कि लोगो ने एक दूसरे को समझाकर मामले को शांत किया। रंग डालकर माहौल को गरमाने का प्रयास करने वाले आसामाजिक तत्व मस्जिद के सी सी टी वी कैमरे में कैद हो गए है।



होली पर्व शांति पूर्व और सदभाव के साथ सम्पन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन सभी अहतियाती कदम उठाता रहा। शांति समिति की बैठकों में दोनों समुदायों से होली का पर्व आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपीले की जाती रहीं। जबकि दूसरे समुदाय के धर्म स्थलों पर कोई रंग नहीं डाल सके इसके लिए मस्जिदों को काललली पन्नी और तिरपाल आदि से ढक दिया गया था। पुलिस प्रशासन की यह कवायद रंग लायी और दोनों ही समुदाय के लोगों ने साम्प्रदायिक सौहार्द को बकरार रखा लेकिन होली के हुड़दंग में शामिल शरारती तत्वों ने पुलिस और प्रशासन की इस कवायद को पलीता लगाकर हयात नगर कोतवाली क्षेत्र की उप नगरी सराय तरीन के मौहल्ला बजरिया चौक मंगलपुरा स्थित खानसामा वाली मस्जिद की पन्नी को फाड़ा और उस पर रंग डालने का लोगों ने आरोप लगाया। सोशल मीडिया पर भी यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि हम इस वीडियो की पुष्टी नहीं कर रहे रहे लेकिन स्थानीय लोगो ने भी नाराजगी जतायी है। इसके साथ पन्नी फाड़कर रंग डालने वाले आसामाजिक तत्व खानसामा वाली मस्जिद के सीसीटीवी कैमरे में कैद होना बताए जा रहे हैं। हयात नगर कोतवाली पुलिस रंग डालने वालो की पहचान में जुट गयी है। बताते हैं पन्नी को बांधकर उसे टैप से भी जोड़ा गया था।

# प्रशिक्षणार्थियों में लाभार्थियों ने सीखी बारीकियां

○एक जनपद एक उत्पाद योजना के तहत दिया जा रहा प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**



सम्भल- एक उत्पाद एक योजना के तहत प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण देते।

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी एक जनपद-एक उत्पाद टूलकिट योजना के अंतर्गत हॉर्न-बोन (हडडी एवं सींग) क्राफ्ट को वैश्विक स्तर पर चमकाने के लिए 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है।

ऐतिहासिक विरासत और आधुनिक तकनीक का संगम सम्भल का हडडी शिल्प सदियों पुराना है। जुनैद असलम इस ऐतिहासिक कला को आधुनिक बाजार की जरूरतों से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। प्रशिक्षण के दौरान एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें लाभार्थियों को फील्ड विजिट पर ले जाया गया। इस दौरान हैंडीक्राफ्ट कारखानों और छोटी फैक्ट्रियों का भ्रमण कराया।जबकि सराय तरीन स्थित कॉमन फैसिलिटी सेंटर सीएफसी में अत्याधुनिक मशीनों का प्रदर्शन किया। इंटरनेशनल मार्केट की डिमांड के अनुसार बेस्ट क्वालिटी फिनिशिंग कैसे की जाए, इसका व्यावहारिक ज्ञान दिया गया। कार्यक्रम के इंचार्ज जुनैद असलम ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप, उनका मुख्य उद्देश्य यह है कि अंतिम पायदान पर खड़ा हस्तशिल्पी भी सरकार की योजनाओं का लाभ ले सके। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास है कि सम्भल का हुनरमंद कारीगर सिर्फ मजदूर न रहे, बल्कि वह आधुनिक तकनीक सीखकर अपना स्वरोजगार खड़ा करे और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के उत्पाद तैयार करे। वैश्विक बाजार में हेवन क्राफ्ट का नाम जुनैद असलम की अपनी कंपनी, हेवन क्राफ्ट एक्सपोर्ट, वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्भल का गौरव बढ़ा रही है। उनके द्वारा निर्यात किए जा रहे उत्पाद अपनी गुणवत्ता के लिए विदेशों में मशहूर हैं। यही अनुभव वह अब प्रशिक्षण के जरिए नए लाभार्थियों के साथ साझा कर रहे हैं, ताकि संभल का हैंडीक्राफ्ट सेक्टर और मजबूत हो सके।

## नहर के पुल के नीचे मिला युवक का शव

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**असमोली।** थाना क्षेत्र के ग्राम नगरला नीडर में नहर के पुल के नीचे एक युवक का शव मिलने से इलके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।गुरुवार दोपहर जब कुछ ग्रामीण जंगल की ओर जा रहे थे, तभी उन्होंने नहर के पास पुल के नीचे एक युवक का शव पड़ा देखा। नजदीक जाकर देखने पर उसकी पहचान शिवा के रूप में हुई। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही असमोली थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी मोहित कुमार चौधरी ने बताया कि प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत शराब पीने के कारण हो सकती है। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। मृतक अपने पीछे पत्नी देविका और चार बच्चों को छोड़ गया है। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पत्नी देविका का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# घर से निकलते ही हादसे में बीए के छात्र की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

○गांव में शोक और परिवार में मचा कोहराम

○पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा



**सम्भल।** दर्दनाक सड़क हादसे में बीए के छात्र की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौके पर मौत हो गई। घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार असमोली थाना क्षेत्र के ग्राम मतावली पटटी निवासी सुधांशु पुत्र बबलू उर्फ शिवपाल घर से खेत की ओर जा रहा था। जैसे ही वह गांव के कच्चे रास्ते से मुख्य सड़क पर पहुंचा, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सुधांशु की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक सुधांशु रोशन सिंह चौहान डिग्री कॉलेज में बीए तृतीय वर्ष का छात्र था। वह अपने परिवार में तीन भाइयों और दो बहनों में सबसे छोटा था। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया और गांव में मातम का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। इस दौरान किसी भी प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल तैनात रहा।

## एक नज़र इधर भी




सम्भल-गुन्नौर तहसील के गांव नंदरौली में जलती होली पर खड़ा युवक।

### जलती होली में खड़ा हो गया युवक

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** गुन्नौर तहसील के गांव नदरौली में उस समय हड़कंप मच गया जब होली दहन के वक्त एक व्यक्ति जलती हुई होली की आग में उपलों के ऊपर चढ़ गया और हाथ उठाकर कुछ कहने लगा। लोग उसे बचाने को चिल्लाने लगे और अफरा तफरी मच गई, ग्रामीण यह देखकर चकित रह गए कि आखिरी यह कौन है। लेकिन एक युवक हिम्मत दिखाते हुए उस शख्स को जलती ऊंची लपटों से बचा कर नीचे ले आया। परन्तु वह शख्स उतरते ही वहां से भाग गया। जलती होली पर चढ़ा युवक कौन था और कहां का था। इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। ग्रामीणों ने बताया कि वह आग से झुलस गया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



बबराला- गंगाघाट राजघाट पर महाआरती करते।

### राजघाट पर हुई भव्य गंगा महाआरती

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** नगर के निकट स्थित मां भागीरथी के पावन तट राजघाट पर काशी व हरिद्वार की तरह होने वाली मां गंगा की महाआरती में लोगों ने भाग लिया।होली पर्व पर भव्य गंगा महाआरती हुई।राजघाट पर मां गंगा की महाआरती अनवरत जारी है। काशी से पधारे प्रशिक्षित पुरोहितों द्वारा प्रतिदिन यजमानों की गरिमामयी उपस्थिति में मां गंगा की महाआरती का आयोजन किया जा रहा है।लोग काफी संख्या में उपस्थित होकर मां गंगा की महाआरती कर मां गंगा की उपासना करते हैं।राजघाट के गंगा तट पर पुरोहितों के पवित्र और पावन मंत्र उच्चारण द्वारा पूजा अर्चना कर मां गंगा की आरती की। इस पावन अवसर पर मां गंगा जन कल्याण समिति कोषाध्यक्ष उमेश चन्द्र वार्ष्णेय, सोनू गोयल, कार्तिक गोयल, विजय वार्ष्णेय, मुनीष, रूपकिशोर आदि ने मां गंगा की पावन आरती कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

# गुलाल से खेली होली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

○घरों में बने पकवान बच्चों ने भी पिचकारियां खूब चलायी

**बबराला।** नगर में पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव के आवास पर लोगों ने उनके साथ होली खेली। राजू यादव ने भी लोगों और समर्थकों को गले लगा कर होली शुभकामनाएं दी। उन्होंने लोगों के साथ गुलाल की होली भी खेली।इस दौरान उमेश यादव, विनय वार्ष्णेय, बीरेश यादव आदि रहे। जबकि गुन्नौर विधायक रामखिलाड़ी सिंह ने भी लोगो के साथ होली खेली। उधर नगर गुन्नौर मे होली के मौके पर लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। लोगों ने नगर में चौपाई निकाली। जबकि घर पर जाकर लोगों ने एक दूसरे के साथ रंग व गुलाल की होली खेली। बच्चों ने भी रंग की पिचकारियां खूब चलाई। होली का पर्व नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान कुमोद वार्ष्णेय, अर्पित, रविराज गुप्ता, हर्षित, हेमन्त, कल्लू, अमन, गोविंद, केशव आदि रहे। बबराला में सुबह के समय रामलीला ग्राउंड व अन्य स्थानों पर नगर में होली जलाई गयी। इससे पूर्व महिलाओं ने होली की पूजा की। लोगों ने दोपहर के बाद नये कपड़े पहनकर उनके घर जाकर एक दूसरे को गले लगाकर बधाई दी। यह सिलसिला रात तक चला। घरों में बने पकवान परोसे गए। लोगों ने गुझिया का सेवन खूब किया। होली का पर्व प्रेम पूर्ण व्यवहार से शांतिपूर्ण ढंग सम्पन्न हुआ।

## रोटरी क्लब के सदस्यों ने बगीचा में खेली गुलाल की होली

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**बबराला।** रोटरी क्लब बबराला गंगा के तत्वाधान में होली का आयोजन बगीचा बैंकट हॉल में हुआ। जिसमें सदस्यों ने शामिल होकर होली खेली।

कलाकारों ने भजन व नृत्य प्रस्तुत किए। सदस्यों ने होली के गीतों पर नृत्य किया और फूलों की होली खेली। इस दौरान सदस्यों ने एक दूसरे को गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर गंगा जन कल्याण समिति के अध्यक्ष व रोटेरियन अतुल गोयल उर्फ भोला, पूजा गोयल, डा. कैलाश वार्ष्णेय, कपिल गोयल, सुरेश गुप्ता, उमेश वार्ष्णेय, डा. राहुल यादव, विजय गोयल, कार्तिक गोयल, गार्गी गोयल, सोनल, विवेक आदि मौजूद रहे।

# कुष्ठ रोगियों की पहचान को घर-घर चलेगा अभियान

○कुष्ठ रोग खोजो अभियान को सीडीओ ने ली बैठक

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** कुष्ठ रोग खोजी अभियान ( एल सी डी सी) को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अभियान की जानकारी दी और घर-घर जाकर सम्भावित रोगियों की पहचान कर पुष्टी होने पर एमडीटी द्वारा उपचारित किया जायेगा।

कलक्ट्रेट सभागार में डीएम डा. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी गोखनाथ भटट की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में डा. मनमोहन शर्मा ने कुष्ठ रोग खोजी अभियान के प्रमुख बिन्दुओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान 9 मार्च से 23 मार्च 2026 तक जनपद में चलाया जाएगा। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर घर जाकर संभावित मरीजों की पहचान करेंगी। टीमें 2 वर्ष से ऊपर के घर के सभी सदस्यों का परीक्षण करेंगी। कुष्ठ रोग की पुष्टि होने पर दवा एमडीटी द्वारा उपचारित किया जाएगा। टीम के कार्य का पर्यवेक्षण सुपरवाइजर द्वारा किया जाएगा। उन्होंने खोजी दल के सदस्य एवं उनके कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में एक आशा एवं एक पुरुष फील्ड लेविल वर्कर या पुरुष स्वयं सेवक तथा नगरीय क्षेत्र में आंगनबाड़ी/महिला स्वयं सेवक तथा एक पुरुष स्वयं सेवक खोजी दल के सदस्य होंगे। खोजी दल द्वारा पूंछे जाने वाले प्रश्न तथा खोजी दल द्वारा की जाने वाली हाउस मार्किंग। खोजी टीम के प्रशिक्षण तथा पर्यवेक्षक के लिए निर्देश आदि पर चर्चा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने आशाओं के पिछले भुगतान की जानकारी लेकर संबंधित को भुगतान के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि संदिग्ध की पहचान को लेकर ग्राम कुल की मदद ली जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि कोई भी केस छुपा न रहे इसपर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि सर्वे को गम्भीरता से किया जाए माइक्रो प्लान अच्छे ढंग से बनाने को भी निर्देशित किया। दवाओं की उपलब्धता एवं एम ओ आई सी की सजगता को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।तत्पश्चात मलेरिया उन्मूलन पर चर्चा की गयी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पंकज बिश्नोई द्वारा मलेरिया से संबंधित प्रमुख जानकारी प्रदान की गयीं। मलेरिया ट्रीटमेन्ट कार्ड की उपलब्धता को लेकर जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पंकज , सीएचसी चंदौसी प्रभारी डा. हरविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

# बरसी पर याद किए गए पूर्व विधायक नवाब महमूद

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**



सम्भल- पूर्व विधायक की बरसी पर बोलते सईद अख्तर इसराईली।

**सम्भल।** पूर्व विधायक को बरसी पर याद किया और मगफिरत की दुआ करायी गयी।

नवाब महमूद अंसारी गर्ल्स इंटर कॉलेज के संस्थापक व पूर्व विधायक नवाब महमूद हसन खां की बरसी पर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने मकुददस किताब पढ़कर मगफिरत की दुआ की। विद्यालय की प्रधानाचार्या रफत जहां ने उन्हे खिराजे अकीदत पेश करते हुए कहा कि स्व. नवाब महमतूद हसन खां को उनके कार्याकाल के लिए कभी भुलाया नहीं जा सकता।उन्होने कालिज की तामीर कराकर मुस्लिम छात्र-छात्राओं के भविष्य में शिक्षा ग्रहण कर आगे बढ़ने काम ौका मिल रहा है। सैकड़ो छात्रायें इल्म हासिल कर अपनी कौम की रहनुमाई की। इस कॉलेज के संयोजक सईद अख्तर इसराईली ने बताया कि उन्हे अपने देश एवं कालिज से बेहद लगाव था। इसलिए व अपने देश की एवं कालेज की तरक्की के बारे में हमेशा कार्य करते रहे। वह सम्भल के चेयरमैन एवं विधायक चुने गए। उन्होने अपनी राजनीति में सभी को एक समान समझा एवं हिंदू मुस्लिक की भेभाव की भावना नहीं रखी।

# ससुरालियों पर विवाहिता को मारने का आरोप

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** विवाहित महिला को ससुरालियों के द्वारा मारने का आरोप लगाकर विवाहिता के पिता ने ससुरालों वालों के खिलाफ तहरीर दी है।

गुन्नौर तहसील क्षेत्र के नगर गुन्नौर मोहल्ला टंकी निवासी श्रृषिपाल ने अपनी पुत्री प्रेमलता का विवाह 6 वर्ष पूर्व अतरौली तहसील के एक गांव में किया था। लड़की को हैसियत के हिसाब से दान दहेज देकर शादी की थी लेकिन ससुराल में विवाहिता को यातनाएं दी गई। विवाहिता के पिता ने बताया कि उसकी पुत्री को ससुराली जनों ने मारकर फांसी के फंदे पर लटका दिया। जिसकी तहरीर अतरौली पुलिस को दे दी गई है पुलिस कार्रवाई में जुटी है। शव का अंतिम संस्कार कर दिया गय।


**सूचना**

मेरा नाम अंग्रेजी में (VINITTA) हो गया है। जो गलत है, जबकि मेरा वास्तविक नाम (VINITA)है जो सही है। मेरा सही नाम (VINITA) ही पढ़ा जाये।

**विनीता पत्नी श्री सर्वेश कुमार**
नि. ग्राम अकबरपुर गहरा तहसील व जिला सम्भल।



**कार्यालय ग्रा. पं. सिसौटा वि.खं. सम्भल (सम्भल)**

**-:नीलामी सूचना:-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिसौटा में सिलिंग भूमि की गाटा सं. 0.66 पर स्थित आम के बाग की फसल नीलामी वर्ष 2026 की नीलामी दिनांक12.03.2026 को प्रातः 11 बजे पंचायत भवन सिसौटा पर की जायेगी।



**कार्यालय नगर पंचायत सिरसी (सम्भल)**

पत्रांक- 1403/न.पं.-सिरसी/2025-26 दिनांकः- 05.5.2026

**साप्ताहिक पैंठ बाजार ठेका नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सिरसी (सम्भल) में वर्ष 2026-27 (01.04.2026से 31.03.2027 )तक हेतु ठेका साप्ताहिक पैंठ बाज़ार की नीलामीर खुली बोली के माध्यम से दिनांक-05.03.2026 दिन बृहस्पतिवार को समय अपरान्ह् 01:00 बजे कार्यालय नगर पंचायत के सभागार मक्ष में की जानी थी जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गई है। पुनः ठेका साप्ताहिक पैंठ बाजार की नीलामी खुली बोली के माध्यम से दिनांक 12.03.2026 दिन बृहस्पतिवार को समय पूर्वान्ह् 10:00 बजे कार्यालय नगर पंचायत के सभागार कक्ष में की जाएगी। साप्माहिक पैंठ बाजार की नीलामी शर्तें यथावत रहेंगी।

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत सिरसी,सम्भल**

# पति ने की पत्नी की हत्या, खुद को भी चाकू मार कर दी जान, परिवार में मचा कोहराम

**मुरादाबाद।** मझोला थाना क्षेत्र में होली के दिन एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। काशीराम कॉलोनी के जंगल में पति-पत्नी के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जांच में मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है।बुधवार दोपहर करीब तीन बजे मझोला पुलिस को सूचना मिली कि काशीराम कॉलोनी के जंगल में एक युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को खून से लथपथ हालत में पाया। पुलिस ने तत्काल उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया, लेकिन कुछ ही देर बाद युवक ने दम तोड़ दिया।घटना की जानकारी के बाद पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में जांच पड़ताल शुरू की। मौके से करीब 15 मीटर की दूरी पर एक महिला का शव पड़ा मिला। महिला के गले पर





किसी धारदार हथियार से वार किए जाने के निशान थे। वहीं पास में एक बाइक भी खड़ी मिली, जिससे पुलिस को मामले की कड़ी जोड़ने में मदद मिली।बाइक के नंबर के आधार पर पुलिस ने जांच की तो मृत युवक की पहचान सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के नयागांव निवासी विनोद के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने परिजनों से संपर्क किया और महिला की पहचान विनोद की पत्नी ममता के रूप में हुई।परिजनों के अनुसार विनोद और ममता की शादी करीब नौ साल पहले हुई थी, लेकिन उनके कोई संतान नहीं थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। बुधवार को दोपहर तक विनोद अपने घर पर होली खेल रहा था। करीब दो बजे वह पत्नी ममता को बाइक पर बैठाकर हरथला सोनकपुर स्थित ससुराल जाने के लिए निकला था।बताया जा रहा है कि रास्ते में सोनकपुर पुल के पास



काशीराम कॉलोनी के जंगल में दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। पुलिस की शुरुआती जांच के मुताबिक गुस्से में विनोद ने चाकू से पत्नी ममता पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद उसने खुद के पेट में भी चाकू से वार कर लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना की सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। फिलहाल पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### कांठ और बगिया सागर की बंजारा शोभा यात्रा में उमड़ी भीड़



**कांठ( शाह टाइम्स )** बंजारा शोभा यात्रा का आयोजन आज बगिया सागर कांठ और अन्य कई गांव में किया गया कांठ में बंजारा शोभा यात्रा का शुभारंभ फीता काटकर हुआ इसके बाद शुरू हुई शोभा यात्रा विभिन्न मार्गो से होती हुई अपने गंतव्य पर जाकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में मनो. रंजन के साथ-साथ देवी देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र रही जबकि बगिया सागर गांव में निकली शोभा यात्रा में लोगों ने धार्मिक झांकियां और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भरपूर आनंद लिया शोभा यात्रा देखने के लिए भारी संख्या में महिला पुरुष बच्चे मौजूद रहे पुलिस ने गांव में तैनात रहकर शोभा यात्राओं को संपन्न कराया।

### विधि विधान के साथ हुआ महृषि दयानंद चिल्ड्रन एकेडमी का भूमि पूजन



**कांठ( शाह टाइम्स )** दयानन्द बाल मन्दिर शिक्षा प्रसार समिति के प्राइमरी विद्यालय महर्षि दयानन्द चिल्ड्रन एकेडमी कॉठ का भूमि पूजन नि० विधायक राजेश कुमार चुन्नु के पुत्र विक्रांत सिंह एवं भाजपा जिला महामंत्री राजन विश्नोई,समिति के अध्यक्ष अजय कुमार प्रबन्धक मुकेश माहेश्वरी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की समिति के अध्यक्ष अजय विश्नोई, प्रबन्धक मुकेश माहेश्वरी, उप प्रबन्धक पंकज कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष निमेष चन्द्र मित्तल, प्रबन्ध समिति के सदस्य कुंवर सुरेन्द्र सिंह विश्नोई,रघुराज सिंह, बलराम सिंह, सोमवीर सिंह,अशोक विश्नोई नेता जी,लव अक्षय कुमार, पुखराज सिंह, सुनील अग्रवाल, पुरुषोत्तम सरन आर्य, रामपाल सिंह, कल्लू सिंह चौहान, हर प्रकाश सिंह, चौ० अय्यूब खां व विद्यालय का समस्त स्टाफ सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

प्रधानाचार्य मदन सिंह ने सभी को विद्यालय की तरक्की से अवगत कराया। इस दौरान मीडिया को सम्मानित किया गया अन्त में प्रबन्धक मुकेश माहेश्वरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### राधा कृष्ण और खाटू श्याम के साथ खेली फूलों की होली



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** शाम को सलेमपुर गांव के मंदिर प्रांगण में महिलाओं ने और बच्चियों ने श्री राधा कृष्ण और खाटू श्याम के साथ फूलों से होली खेली और फूल बरसाते हुए भजनों में झूमते हुए रंग और फूल बरसाए। इस पावन अवसर पर अर्चना बिश्नोई भावना बिश्नोई ममता बिश्नोई श्रद्धा बिश्नोई उषा बिश्नोई सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे मौजूद रहे। आरती पूनम पन्नू बंसी सलोनी ने की सभी ग्रामवासियों ने कार्यक्रम की सफलता में सहयोग किया।

### कक्षा एक से 8 तक की वार्षिक परीक्षाएं 16 से 20 मार्च तक

कांठ (शाह टाइम्स) कक्षा एक से आठ तक की वार्षिक परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। परीक्षाएं 16 मार्च से शुरू होकर 20 मार्च तक संच. ालित की जाएंगी। 16 मार्च को कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों की सभी विषयों की मौखिक परीक्षा आयोजित की जाएगी। वहीं कक्षा छह से आठ तक पहली पाली में बेसिक क्राफ्ट एवं गृह शिल्प तथा दूसरी पाली में खेल एवं शारी. रिक शिक्षा की लिखित परीक्षा होगी।।17 मार्च को पहली पाली में कक्षा दो से आठ तक गणित तथा दूसरी पाली में कक्षा तीन से आठ तक संस्कृत एवं उर्दू विषय की परीक्षा कराई जाएगी। अंतिम दिन 20 मार्च को पहली पाली में कक्षा तीन से पांच तक कार्यानुभव एवं नैतिक शिक्षा तथा कक्षा छह से आठ तक विज्ञान विषय की परीक्षा होगी। इसी दिन दूसरी पाली में कक्षा छह से आठ तक पर्यावरण अध्ययन की परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने कहा कि परीक्षा की तैयारियां पूरी करने के लिए सभी विद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं।

# जुलूस की सुरक्षा में लगे प्रभारी निरीक्षक को होली की शुभकामनाएं देने पहुंचा मुस्लिम बच्चा

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** कहते हैं कि बच्चे भगवान का रूप होते हैं उन्हें ऊंच नीच या जाति धर्म से कोई लेना देना नहीं होता वह तो जो देखते हैं जो मन मे होता है वही करते हैं।



आज इस तरह का एक वाकया गढ़ी गांव में निकल रहे जुलूस के दौरान सामने आया गांव में होली का जुलूस निकाला जा रहा था। जिसकी सुरक्षा में थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह भी मौजूद थे। लेकिन तभी एक छोटा बच्चा सामने आया और उसने हाथ बढ़ाकर उन्हें होली की शुभकामनाएं दी। बच्चे ने अपना नाम सादुल्लाह बताया थाना प्रभारी निरीक्षक बच्चे की इस बात पर प्रसन्न हुए और उन्होंने भी उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया।

# सुजन नगर चौकी में 'प्रशासनिक होली' की धूम: पुलिस संग झूमी जनता, उड़ा अबीर-गुलाल

**सुजन नगर।** होली का त्योहार आपसी प्रेम और सद्भाव का प्रतीक है। इसी कड़ी में गुरुवार को सुजन नगर चौकी परिसर में श्प्रशासनिक होलीश का शानदार आयोजन किया गया। इस दौरान चौकी प्रभारी और पुलिसकर्मियों ने स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर रंगों के इस पावन पर्व को बेहद हर्षोल्लास के साथ मनाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ चौकी प्रभारी ओमकार सिंह ने समस्त पुलिस बल को गुलाल लगाकर किया। देखते ही देखते पूरा चौकी परिसर अबीर और गुलाल के रंगों से सराबोर हो गया। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन द्वारा आसपास के सम्मानित व्यक्तियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। खाकी के सख्त पहरे के बीच मानवीय संवेदनाओं और खुशियों का यह संगम देखने लायक था।

आयोजन में डीजे की व्यवस्था की गई थी, जिस पर बज रहे होली के धमाकेदार गानों ने समां बांध दिया। चौकी प्रभारी ओमकार सिंह और उनके साथी पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर जमकर डांस किया। हवा में उड़ते लाल-गुलाबी गुलाल और ढोल की थाप ने माहौल को पूरी तरह फागुनी रंग में रंग दिया। पुलिसकर्मियों का यह अनौपचारिक और दोस्ताना रूप देख क्षेत्रवासी भी काफी उत्साहित नजर आए। इस मौके पर मुख्य रूप से चौकी प्रभारी ओमकार सिंह, सत्येंद्र बालियान, राममोहन, अरुण




कुमार और अंकित मित्तल मौजूद रहे। साथ ही नरेश कुमार, सोनू पटवारी, भूदेव, सचिन, आकाश सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। चौकी प्रभारी ने उपस्थित लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से पुलिस और जनता के बीच की दूरियां कम होती हैं और आपसी विश्वास बढ़ता है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर भविष्य में भी इसी तरह मिल-जुलकर रहने का संकल्प लिया।

# होली का पर्व धूमधाम से संपन्न, पुलिस की सक्रियता ने शांतिपूर्वक संपन्न कराए दुलैन्हडी के जुलूस

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** क्षेत्र में होली का पर्व धूमधाम के साथ संपन्न हो गया पुलिस ने सक्रियता के साथ मौजूद रहकर दुलेण्डी के जुलूस् शांति पूर्वक संपन्न करा दिए। सर्वविदित है कि 2 मार्च की रात को गांव-गांव होलिका दहन किया गया।

उसके बाद 4 मार्च को दुलेण्डी पर जगह-जगह जुलूस निकाले गए जिसमें होली के हुरियारों ने गीले और सुखे दोनों तरह के रंगों का प्रयोग किया। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए होली का पर्व शांति पूर्वक संपन्न करा दिया। त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न होने पर सभी ने राहत की सांस ली।गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी ग्राम सलेमपुर में होली के पावन पर्व पर जुलूस का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में युवा और बच्चे बुजुर्ग उपस्थित रहे। जुलूस की अध्यक्षता चौधरी शेर सिंह बिश्नोई ने की। रमेश कुमार बिश्नोई अरविंद बिश्नोई विपिन कुमार विनोद विश्नोई टीकाराम सिंह दिवाकर ओमवीर सिंह विजेंद्र सिंह कश्यप नवहार सिंह गुर्जर डॉ प्रीति सिंह चौहान सुनील कुमार यादव अरविंद वाल्मीकि गणपत सिंह सैनी प्रमोद सागर आदि ने बड़ी संख्या में आपसी भाईचारे के साथ रंग खेलते हुए इस कार्यक्रम को पूरा कराया।



# बाइक फिसलने से एक की मौत एक घायल

**सुरजननगर।** चौकी क्षेत्र सुरजन का खिलाड़ी मार्ग पर होली के पावन पर्व पर एक भीषण सड़क हादसे ने त्यौहार की खुशियों को मातम में बदल दिया। यहाँ तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसलने से एक 20 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब दो युवक बाइक पर सवार



होकर कहीं जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बाइक की गति काफी तेज थी, जिस कारण चालक अचानक नियंत्रण खो बैठा और बाइक सड़क पर बुरी तरह फिसल गई जिससे बाइक पर सवार दोनों युवक सड़क पर दूर जाकर गिरे। हादसे में जान गंवाने वाले युवक की पहचान विशेष कुमार सैनी 20 वर्ष, पुत्र भजन सिंह, निवासी ग्राम रहता माफी के रूप में हुई है। वहीं, बाइक चला रहा उसका साथी मिथुन कुमारसैनी , पुत्र राजपाल, गंभीर रूप से घायल हो गया है।पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बाइक चला रहे मिथुन कुमार ने हेलमेट नहीं पहना था। सिर पर सुरक्षा कवच न होने के कारण गिरने के दौरान उसे सिर में गंभीर चोटें आईं। घायल को तुरंत पास के एक निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है।घ्जैसे ही विशेष कुमार की मौत की खबर उसके घर पहुँची, परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। होली के दिन जवान बेटे को खो देने के गम में पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।सूरजन नगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन की आवश्यकता को रेखांकित किया है।

# नगर में धूम धड़ाके से निकाली गई रंग की मुख्य चौपाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** बुधवार को धूम धड़ाके से निकाली गई रंग की मुख्य चौपाई, झंडा चौक से शुरू होकर चार घंटे बाद नागों वाले मंदिर पर पहुंचकर जुलूस हुआ समाप्त, सुरक्षा के लिए पुलिस रही मुस्तैद, सफलतापूर्वक संपन्न होने पर नगर मेला कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन ने किया आभार बिलारी। नगर मेला कमेटी के तत्वाधान में होली जुलूस के अध्यक्ष कौशल ठाकुर के नेतृत्व में बुधवार को रंग की परंपरागत मुख्य चौपाई ढोल नगाड़े और डीजे के साथ धूमधाम से निकाली गई। हुरियारे होली के विशेष परिधान पहनकर कैप मुखोटे और चश्मा लगाकर नगर के ऐतिहासिक झंडा चौक परिसर में एकत्र हुए वहां से नगर मेला कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन ने जयकारों के साथ जुलूस का शुभारंभ कराया यहां से रैली चौक पहुंचे वहां पिचकारी पंप आदि से रंगों की बौछार की गई यहां से मेन बाजार होकर नेहरू चौक सर्राफा बाजार होकर गांधी आश्रम के सामने नई सड़क गांधी मूर्ति चौराहा बस स्टैंड के सामने से वर्धमान मार्केट पहुंचने पर समीर जैन ने रंग की



व्यवस्था की हुई थी वहां रंग खेला गया इसके उपरांत व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष याद कुमार डुडेजा के यहां भी रंग खेलने का केंद्र था वहां रंग खेलने के बाद महाराणा प्रताप चौक से होली जुलूस शाहबाद रोड से मंदिर पौड़ा खेड़ा में पहुंचा जहां सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट की ओर से रंग खेलने की व्यवस्था के साथ ही जलपान का भी प्रबंध किया गया था वहां से जुलूस पुरानी तहसील पैंठ बाजार, रजा मस्जिद के आगे होकर रैली चौक झंडा चौक को पार करता हुआ शकील हलवाई के पास से मुड़कर डॉ मदन बंसल, शिव मंदिर आगे एवं पहलवान की गली से मुड़कर सिंघाड़ियान चौक पहुंचा वहां से नागों वाले मंदिर पहुंचकर समाप्त हुआ। जुलूस में पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, लवली यादव, गौरव गुप्ता, अभिषेक पांडे, नितिन डूडेजा,निखिल पांडे, दुष्यंत चौहान, पंकज चौहान, कौशल ठाकुर, शीलू गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, अलंकार शर्मा, अभिषेक शर्मा, मनोज गुप्ता, गौरव चौहान, जेपी सिंह, अमित गुप्ता आदि शामिल रहे।

सुरक्षा के लिए कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह मय फोर्स के जुलूस के साथ रहे। जुलूस के दौरान परंपरागत तौर पर जुलूस के मार्ग और पूरे बाजार को झालरों से सजाया गया था। शाम 4:00 बजे जुलूस समाप्त होने पर सभी हुरियारों ने नहा धोकर साफ कपड़े पहनकर मिलने मिलने का दौर आरंभ किया और एक दूसरे को होली की बधाई दी। जुलूस सफलतापूर्वक संपन्न होने पर नगर मेला कमेटी का अध्यक्ष संजय जैन और जुलूस कमेटी के अध्यक्ष कौशल ठाकुर ने धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया।

**सूचना आम**

मैं, धन सिंह, पंकज ट्रेडर्स, कोर्ट रोड, मुरादाबाद, का किराया अब से कोर्ट में जमा करूंगा। सभी बारिसानों को सूचित किया जाता है कि वे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए कोर्ट में अपना दावा पेश करें। मैं किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी से मुक्त हूं और कोर्ट के निर्णय का पालन करूंगा।

**बेदखली सूचना**

मैं अपनी पुत्री रोशन जहां व दामाद शाहिद को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद करती हूं। भविष्य में रोशन जहां व शाहिद के द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद मेरा व मेरे पुत्र सरफराज व सलमान व पुत्री रूखसार व जैनब से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **श्रीमती खुर्शीदा पत्नी श्री मरहूम अकबर निवासी कैलसा रोड, सरकारी अस्पताल के पीछे कस्बा व थाना पाकबड़ा, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत रघुनाथपुर**
**विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/निविदा/2025-26 दिनांक: 05.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत रघुनाथपुर में पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत फौलादपुर में शखावत के घर से आशिक के घर की ओर सीसी टाइल्स निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 12.03.2026 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फौलादपुर में शखावत के घर से आशिक के घर की ओर सीसी टाईल्स निर्माण कार्य | सीमेंट, रेता, (बारिक) रोड़ा, ईंट, रेता, मोटा, बजरी, सीसी टाईल्स लोहा आदि। | 130598/- | 2612/- | 200/- | 2 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-रघुनाथपुर**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

# संदिग्ध परिस्थित में युवक की मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**भगतपुर।** थाना क्षेत्र के गांव फिरोजपुर में एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई वही परि. जनों ने हत्या का आरोप लगाकर थाने में तहरीर दे कर हत्या का आरा. ेप लगाकर में तहरीर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाने में परिजनों द्वारा दी गयी तहरीर के अनुसार मोंटी सिंह 27 वर्ष का मंगलवार को गांव के विशाल पुत्र चरण सिंह विपिन पुत्र चरण सिंह एवं डी.पी सिंह पुत्र शरणदास से विवाद हो गया था। आरोप है कि तीनों ने मोंटी सिंह की लात घुसों से पिटाई की थी जिसके बाद परिजन मोंटी सिंह को घर ले आए थे। परि. जनों के अनुसार मोंटी सिंह रात्रि में सोया था लेकिन सुबह देर तक वह नहीं जागा। इसके बाद परिजनों ने उसे जगाने का प्रयास किया परंतु उसने कोई प्रतिक्रिया नहीं की। इसके बाद परिजन उसे चिकित्सक



के पास ले गए जहां पहुंचने पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची व शव को पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मोंटी सिंह मजदूरी करता था उसके दो बच्चे हैं जिसमें एक पुत्र व एक पुत्री है। मृतक की पत्नी कुंती सहित परिजनों का रो-रोकर



बुरा हाल है। इस संबंध में थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर पर तीन अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विधिक कार्रवाई जारी है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने उत्साह के साथ मनाया होली मिलन समारोह

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चंदौसी के तत्वाधान में होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। साईं लोक कॉलोनी स्थित कार्यालय पर कार्यकर्ताओ द्वारा संघ प्रार्थना कर होली मिलन का शुभारम्भ किया। तत्पश्चात फूलों के माध्यम से होली खेली गयी। संघ कार्यकर्ताओ की टोलीद्वारा नगर भ्रमण कार्यालय से प्रारम्भ कर फुब्बारा चौक, घंटाघर से होते हुए संभल गेट की तरफ से गौशाला रोड से वापस होते हुए संघ कार्यालय पर सम्पन्न किया। पूरे उत्साह के साथ होली मनाते हुए कार्यकर्त्ता डीजे पर नाचते गाते होली मिलन का कार्यक्रम किया। संघ के सहजिला बौद्धिक प्रमुख विजय मार्तण्ड ने बताया कि कोई भी उत्सव पूर्ण उत्साह के साथ मनाया जाना



चाहिए क्यूंकि उत्सव ही सामाजिक समरसता को बनाये रखने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है और संघ सदैव समरसता को बनाने हेतु प्रयासरत है और कार्य कर रहा है। इस होली मिलन कार्यक्रम में जिला कार्यवाह अशोक, सहजिला बौद्धिक प्रमुख विजय मार्तण्ड, चरणसिंह, दिलीप, उदय तिवारी, अजय जैन, परमेश्व. रलाल सैनी, हरिओम, देवेंद्र, हनी, पप्पू चौधरी, अनुराग, नगर प्रचारक रौनक, भूदेव शर्मा, विवेक, श्याम, विक्रम सिंह, अरविन्द, पिंकल, अंकुर अग्रवाल, शुभम, आयुष आदि सैंकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### रमजान का मकसद एक दूसरे की मदद करते हुए जिंदगी गुजारना:डॉ सुमैया

**कांठ( शाह टाइम्स )** असर की अजान के बाद इफ्तार के लिए घरों



में दस्तरखान सज रहा है रोजेदार इसके पास बैठकर अल्लाह का शुक्रिया अदा कर रहे हैं दुआ मांगी जा रही है कि अल्लाह रब्बुलीबिज पूरे साल इसी तरह दस्तरखान को हरा भरा रखें सभी लोगों के घरों में इसी तरह भरा रहे जरूरतमंदों के काम भी आ जाए 10 मिनट पहले से दुआ का सिलसिला शुरू हो जाता है मगरिब की अजान होने के साथ ही इफ्तार शुरू हो रहा है रोजेदार अल्लाह का शुक्रिया अदा कर रहे हैं मुकद्दस रमजान में इबादतों का सिलसिला जारी है रात दिन इबादत में लोग मशगूल है इसी माह मुकद्दस में एक के बदले अल्लाह 70 नेकियों से नवाज रहे हैं पांच वक्त की नमाज पाबंदी के साथ अदा कर रहे हैं मस्जिदों में ताराबी का सिलसिला जारी है देर रात तक तराबीह पढ़ी जा रही है सुमैया कोकब ने बताया कि इस रमजान मुबारक में एक-एक लम्हा वेश कीमती है इसमें हर काम अल्लाह की रजा के लिए होना चाहिए अधिक से अधिक इबादत करें बच्चों को रोजो की फजीलत बताएं यह दिन बहुत मुबारक है रमजान का मकसद एक दूसरे की मदद और नियमों के साथ जिंदगी गुजारना है अल्लाह इस माहे मुकद्दस की बरकतों की बारिश कर रहा है अगले साल यह माह नसीब हो रहा है कोई कह नहीं सकता इसीलिए इबादत में मशहूर रहे और अल्लाह को राजी करें। अपने बच्चों को भी दुआओं से नवाजे और उन्हें इस माहे मुकद्दस की बरकतो के बारे में बताएं।

### टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया कार्य समिति की बैठक सात मार्च को दिल्ली

**कांठ ( शाह टाइम्स )**टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया कार्यसमिति की आवश्यक बैठक 7 मार्च, 2026 दोपहर 12 बजे कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली में होगीस बैठक में फेडरेशन कार्यसमिति के पदाधिकारी और सभी स्टेट यूनिट्स के अध्यक्ष एवं महासचिव मौजूद रहेंगेस बैठक में टी.ई.टी. की अनिवार्यता के विरोध में फेडरेशन के। आंदोलनात्मक गतिविधियों का निर्धारण,फेडरेशन के कोष को मजबूती प्रदान करने के विभिन्न आयाम पर विचार,अन्य विषय अध्यक्ष डा.दिनेश चन्द्र शर्मा की अनुमति से रखे जाएंगे।

### हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

**चन्दौसी।** नगर के सीता रोड स्थित लगभग 160 वर्ष पुराने हनुमान मंदिर में गुरुवार को वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों और गेंदा-गुलाब के फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में उमड़ पड़ी और लोगों ने हनुमान जी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। बताया जाता है कि रघुनाथ आश्रम के सामने स्थित यह मंदिर काफी प्राचीन है और पहले यहां जंगल हुआ करता था। दूर-दराज से व्यापारी बैलगाडिघ्यों से आकर यहीं ठहरते थे। इसी स्थान पर अनूपशहर निवासी एक बाबा भी आकर रहने लगे थे, जिनकी समाधि आज भी मंदिर परिसर में बनी हुई है। अमित मोहन गर्ग का परिवार चार पीढिघ्यों से बाबा की समाधि की सेवा करता आ रहा है। मान्यता है कि यहां पुत्र प्राप्ति की मन्नत भी मांगी जाती है और मनोकामना पूर्ण होने पर लोग बच्चों का मुंडन संस्कार कराने आते हैं। वार्षिकोत्सव के अवसर पर सुबह 11 बजे से देर शाम तक भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### होली पर जमकर उड़ा गुलाल, एक दूसरे के गुलाल लगाकर दी शुभकामनाएं

**ठाकुरद्वारा।** होली का त्यौहार का छुटपुट घटनाओ के बीच शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। नगर से लेकर देहात क्षेत्रों में लोगो ने होली के पर्व पर रंग और गुलाल खेलकर एक-दूसरे से गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। बुधवार को गत वर्षो की भांति सुबह होलिका का दहन विधि-विधान से सबेरे करीब 5.30 बजे किया गया, जबकि नगर में सोमवार को ही रात्रि में होलिका दहन हुआ। बुधवार को होलिका दहन के बाद नगर व देहात क्षेत्र लोगों ने एक-दूसरे के गुलाल व रंग लगाकर ढोल-नंगाड़ो की धुन पर थिरकना शुरू कर दिया। नगर सहित गांव-गांव होलिका दहन के दिन विभिन्न रूप धारण कर चौपाइयां निकाली गई। जिसमें होलिका की कथा गाकर लोगों ने होली के पर्व का जमकर लुत्फ उठाया। वहीं एक-दूसरे के गुलाल व रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हुए गले से



लगाया। नगर व क्षेत्र के गांव रामनगर खागूवाला, राघूवाला, तरफदलपत, मसतल्लीपुर, मानावाला टाण्डा, पृथ्वीपुर गावंड़ी मुनीमपुर, शरीफनगर, सुर. जननगर, रामपुर घोघर, दूल्हापुर, टाण्डा अफजल, खैरूल्लापुर, पाण्डला, मधुपुरी, लालपुर गोसाई, रामूवाल शेखू, ख्वाजपुर, रतुपुरा, बैजनाथपुर, कमालपुरी, निर्मलपुर, फौलादपुर, गंझेड़ा आलम, पीलकपुर गुमानी, डिलारी, जहांगीरपुर, जटपुरा, सुल्तानपुर दोस्त, लौंगी, जोगीपुरा सहित क्षेत्र के दर्जन भर गांवों में होली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दोपहर बाद नगर में जगह-जगह होली मिलन समारोह आयोजित किये गये। जिसमें एक-दूसरे के गले मिलकर होली की बधाइयां दी। रामनगर खागूवाला में सुबह 5.50 बजे होली दहन के मौके पर चौधरी रनवीर सिंह, , पंडित विनोद शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, राजू शर्मा, सतीश चौधरी, छत्रपाल सिंह, महेंद्र यादव, पवन यादव, विजेंद्र चौधरी, तेजपाल सिंह, करन सिंह, तोताराम , धर्मदत्त एडवोकेट आदि मौजूद रहे। वहीं होलिका दहन के बाद रामपुर बलभद्र स्थित श्रीबालाजी शक्ति पीठ मंदिर प्रमुख सेविका प्रिया यादव के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। श्रद्धालुओ ने मंदिर पर दीप प्रज्वलित कर एक दूसरे के गुलाल लगाकर होली शुभकामनाएं दी। इस मौके पर गुडढ़ी यादव, रेनू चौधरी, रिंकी चौधरी महंत सोमपाल सिंह, सुधीर चौधरी, संजू , कार्तिक यादव आदि मौजूद रहे।

## चौपाई के पैसे को लेकर युवक पर जानलेवा हमला, पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम पीलकपुर गुमानी में चौपाई के पैसे को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया गया। मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पीलकपुर गुमानी निवासी विनोद कुमार पुत्र रामचंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका भाई महेश पुत्र रामचंद्र सिंह 4 मार्च 2026 को शाम करीब 5 बजे अपने नए मकान से पुराने मकान की ओर जा रहा था। जैसे ही वह गांव में डलुआ के घर के पास तिराहे पर पहुंचा, वहां पहले से खड़े दीपक व बाबू पुत्र ऋषिपाल, देवेंद्र पुत्र डलुआ, जयप्रकाश उर्फ टाइगर पुत्र किशन सिंह तथा रोहित पुत्र राजेश सिंह ने चौपाई के पैसे मांगने को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि इसी दौरान सभी ने मिलकर महेश के साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान बाबू पुत्र ऋषिपाल ने दरांत से महेश के गले पर जान से मारने की नीयत से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल महेश को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ठाकुरद्वारा ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे सहोता अस्पताल काशीपुर रेफर कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मोहनपुर में कब्रिस्तान की बाउंड्री तोड़ी, पुलिस जांच में जुटी

**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र के गांव मो. हनपुर में मंगलवार रात अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा कब्रिस्तान की बाउंड्री वॉल क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी सुबह उस समय हुई जब ग्रामीणों ने कब्रिस्तान परिसर की दीवार टूटी हुई देखी। इसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और नाराजगी जताई गई।

जानकारी के अनुसार गांव स्थित मुस्लिम समाज के कब्रिस्तान की लगभग 100 मीटर लंबी बाउंड्री वॉल को नुकसान पहुंचाया गया है। ग्रामीणों ने इसे माहौल बिगाड़ने की कोशिश बताया और दोषियों की गिरफ्तारी की



मांग की। सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार एवं थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया और शांति बनाए रखने की अपील की। पुलिस ने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

बाद में ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी। ग्राम प्रधान ने भी घटना की निंदा करते हुए कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों ने त्योहार के समय वातावरण खराब करने का प्रयास किया लेकिन गांव के लोगों की समझदारी से स्थिति नियंत्रण में रही। साथ ही उन्होंने क्षतिग्रस्त बाउंड्री वॉल के पुनर्निर्माण की बात कही। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से 16 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र मुरादाबाद हाइवे स्थित एक गांव निवासी व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 1 मार्च 2026 को सुबह करीब 11 बजे उनके घर पर कोई नहीं था। उस समय उनकी 16 वर्षीय पुत्री घर पर अकेली थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव का ही अजय कुमार पुत्र नरेन्द्र वहां आया और उनकी पुत्री को अपनी चिकनी-चुपड़ी बातों में फंसाकर बहला-फुसलाकर अपने साथ कहीं ले गया।

पीड़ित के अनुसार जब 2 मार्च की सुबह करीब 9 बजे वह अजय कुमार के घर पहुंचे तो वह घर पर नहीं मिला। पीड़ित पिता को आशंका है कि आरोपी उनकी पुत्री के साथ कोई अप्रिय घटना न कर दे। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर बेटी को बरामद कराने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी अजय कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

# टीएमयू सीसीएसआईटी में फैकल्टी क्लब की ओर से मना रंगोत्सव

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइंसेज एंड इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजी-सीसीएसआईटी में फैकल्टी क्लब की ओर से रंगोत्सव पर्व पर फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी के संग-संग फैकल्टीज ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की मंगलकामनाएं देते हुए कहा, यह पर्व नवीनता, आशा और नए आरंभ का प्रतीक है।

गीत-संगीत और नृत्य ने उत्सव के वातावरण को और अधिक जीवंत और आनंदमय बना दिया। समारोह में प्रो. शंभु भारद्वाज, डॉ. रूपल गुप्ता, प्रॉक्टर प्रो. प्रदीप कुमार, श्री नवनीत विश्नोई, प्रो. अशोक कुमार, डॉ. पराग अग्रवाल, डॉ. नूपा राम चौहान, डॉ. नमित गुप्ता, डॉ. प्रियांक सिंघल, डॉ. मोहन विशाल गुप्ता, श्री आदित्य जैन, श्री ज्योति रंजन लाभ, श्री विनीत सक्सेना, श्री अजय रस्तोगी, श्री अजय चक्रवर्ती, श्री हरजिंदर सिंह, श्री ऋषि सक्सेना, श्री गौरव कुमार राजपूत, श्री मो. सलीम, मिस स्वाति चौहान, मिस रोहिला नाज, श्री मनीष तिवारी आदि मौजूद रहे।



अंत में पारंपारिक मिठाई गुजिया से मुंह मीठा कराया गया। फैकल्टी क्लब के कोऑर्डिनेटर डॉ. संदीप वर्मा ने सभी का धन्यवाद दिया।

## होली मिलन समारोह का आयोजन दिया भाईचारे का संदेश

**ठाकुरद्वारा।** नगर के प्रमुख समाजसेवी स्वर्गीय अमान उल्ला खां की स्मृति में पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल व लघु उद्योग व्यापार मंडल की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर के व्यापारियों, गणमान्य नागरिकों एवं समाजसेवियों ने भाग लेकर स्व. अमान उल्ला खां के सामाजिक योगदान को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। होली की चौपाई निकलने के उपरांत पूर्व पालिका उपाध्यक्ष किफायत उल्ला खान एवं शहनवाज की ओर से भी




होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में व्यापार मंडल संरक्षक हाजी मुख्तार सैफी, युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव चौहान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और गले मिलकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि स्व. अमान उल्ला खां ने जीवनभर समाज में एकता और सौहार्द को मजबूत करने का कार्य किया। उनके बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी मनोज परमार, एसएसआई ब्रजेन्द्र सिंह, हाजी मुख्तार सैफी, हारुन मलिक, हाजी जमील कबाड़ी, पंकज गुप्ता, कामरेड करन सिंह, फईम कुरैशी, पंकज चौहान, राजकुमार सहित अन्य सम्मानित व्यक्ति मौजूद रहे। समारोह का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।

# मेडिकल स्टोर पर ड्रग्स विभाग की छापेमारी से बाजार में मचा हड़कंप

**मुरादाबाद।** शहर के सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित रेती मोहल्ला की गुल्ला गली में गुरुवार को ड्रग्स विभाग की टीम ने एक मेडिकल स्टोर पर छापेमार कार्रवाई की। अचानक हुई इस कार्रवाई से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और आसपास के दुक. ानदारों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।जानकारी के अनुसार ड्रग्स विभाग की टीम दोपहर करीब ढाई बजे रेती मोहल्ला स्थित एसएस मेडिकोज नामक मेडिकल स्टोर पर पहुंची। बताया जा रहा है कि यह दुकान सुरभि गुप्ता के नाम से संचालित होती है।

विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि यहां दवाइयों की बिक्री और स्टॉक से जुड़ी कुछ अनियमितताएं हो सकती हैं। इसी सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी।छापेमारी की सूचना मिलते ही आसपास के बाजार में हलचल मच गई। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और दुकानदारों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।

कई व्यापारी भी मौके पर पहुंचकर कार्रवाई के बारे में जानकारी लेने लगे।जांच के दौरान ड्रग्स विभाग के अधिकारियों ने मेडिकल स्टोर में रखी दवाइयों के स्टॉक की गहन जांच की। टीम द्वारा दवाइयों के लाइसेंस, खरीद- फरोख्त के बिल, स्टॉक रजिस्टर और अन्य जरूरी दस्तावेजों का बारीकी से मिलान किया जा रहा है। इसके साथ ही दुकान में उपलब्ध दवाइयों का रिकॉर्ड से मिलान कर यह पता लगाया जा रहा है कि कहीं नियमों का उल्लंघन तो नहीं हुआ है।सूत्रों के मुताबिक जांच के दौरान कई दस्तावेजों को भी खंगाला गया और मौके पर लिखित कार्रवाई की प्रक्रिया भी की गई। हालांकि जब मीडिया कर्मियों ने अधिकारियों से इस कार्रवाई के बारे में जानकारी लेनी चाही तो उन्होंने फिलहाल कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।अधिकारियों का कहना है कि जांच अभी जारी है और पूरी पड़ताल के बाद ही मामले में आधिकारिक जानकारी दी जाएगी। जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मेडिकल स्टोर में किसी प्रकार की अनियमितता पाई गई है या नहीं। फिलहाल ड्रग्स विभाग की इस कार्रवाई से पूरे बाजार में चर्चा का माहौल बना हुआ है।



**बेदखली सूचना**

मैने अपनी पुत्री स्वाति जोशी को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल (आक) कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में स्वाति जोशी के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **श्रीमती रीता जोशी पत्नी सुरेश चंद्र जोशी निवासी मकान नंबर 2/558 बुद्धि विहार आवास विकास कॉलोनी तहसील व जिला मुरादाबाद।**

# मुगलों वाली मस्जिद में हुआ कुरआन मुकम्मल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** नगर की नूरानी मस्जिद में नमाजे तरावी में खघ्त्म शरीफ हुआ जिसमें चेयरमैन प्रत्याशी हाजी हसमत रजा उस्मानी साहब ने तरावी में कुरआन सुनाने



वाले हाफिज फैजान को 20000 हजार रुपए के नोटों का हार पेश किया और सुनने वाले हाफिज मो. निस साहब को 5000 रुपए के नोटों का हार पेश किया मस्जिद के पेश इमाम कघरी महफूज को 20000 रुपए के नोटों का हार पेश किया और मस्जिद के लिए एक 2 टन का ए सी भी पेश किया। मस्जिद के मुअज्जिन और खजांची को और इमाम साहब के पास पढ़ने वाले तलबा को कपड़ों की शकल में तोहफे पेश किए और इस मौके पर अब्दुल्ला पठान साहब ने भी नमाजे तरावी में कुरआन सुनने और सुनाने वाले हुफ्फाजे किराम और खतीबो इमाम को बीस बीस हजार रुपए के नोटों के हार पेश किए और मस्जिद के लिए 2 टन का एक ए सी भी देने का वादा किया काफी बड़ा तादाद में लोगों ने शिरकत की जानेटा शरीफ से तशरीफ लाए पीरे तरीकत हुजूर सैयद नासिर मियां ने आलमे इस्लाम अमन और शांति के लिए दुआ कराई इसमें कघरी मुना. जिर हुसैन कघरी इंतजार हुसैन कघरी अब्दुल वकील साहब मुफ्ती नईम मौलाना शब्बीर मुफ्ती सुभानी कघरी शादाब जुनैद मियां साहब मौलाना असीम कघरी मेराज मुफ्ती रशीद अफाकी साहब अनीस खान साहब सूफी हाफिज मुशीर फहीम अहमद रिहासत हुसैन मशकूर अहमद मुजम्मिल हुसैन आजम साहब हाफिज आसिफ स सूफी इजहार साहब डॉक्टर नईम नवाब खां आदि रहे। उधर नगर की मुगलों वाली मस्जिद में भी कुरआन मुकम्मल हुआ जिसमें बड़े संख्या में लोग शामिल हुए मस्जिद के इमाम मौलाना कासिम ने दुआ कराई।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद-244001 द्वारा निविदाकर्ताओं से निम्नलिखित मद के लिए इलेक्ट्रोनिक निविदा प्रणाली के अन्तर्गत भण्डार की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| **क्र. सं. : 01** | **निविदा संख्या :** GEM/2026/B/7145385 |

**माल का विवरण : 1.** 500 केवीए रेटिंग क्षमता वाले डीजी सेट का एसआईटीसी, जिसमें सेल्फ-स्टार्ट, एएमएफ पैनल और ध्वनिरोधी आवरण शामिल हैं, 3 फेज, 415 वोल्ट, नवीनतम प्रदूषण दिशानिर्देशों और तकनीकी विशिष्टिताओं एवं साइट आवश्यकताओं (सीपीसीबी IV या नवीनतम के अनुसार) के अनुरूप पूर्ण है। विस्तृत तकनीकी विशिष्टिताएँ परिशिष्ट-ए में संलग्न हैं।

**2.** 250 केवीए रेटिंग क्षमता वाले डीजी सेट का एसआईटीसी, जिसमें सेल्फ-स्टार्ट, एएमएफ पैनल और ध्वनिरोधी आवरण शामिल हैं, 3 फेज, 415 वोल्ट, नवीनतम प्रदूषण दिशानिर्देशों और तकनीकी विशिष्टिताओं एवं साइट की आवश्यकताओं (सीपीसीबी IV या नवीनतम के अनुसार) के अनुरूप पूर्ण है। विस्तृत तकनीकी विशिष्टिताएँ परिशिष्ट-ए में संलग्न हैं।

**3.** 125 केवीए रेटिंग क्षमता वाले डीजी सेट का एसआईटीसी, जिसमें सेल्फ-स्टार्ट, एएमएफ पैनल और ध्वनिरोधी आवरण शामिल हैं, 3 फेज, 415 वोल्ट, नवीनतम प्रदूषण दिशानिर्देशों और तकनीकी विशिष्टिताओं एवं साइट की आवश्यकताओं (सीपीसीबी IV या नवीनतम के अनुसार) के अनुरूप पूर्ण है। विस्तृत तकनीकी विशिष्टिताएँ परिशिष्ट-ए में संलग्न हैं।

**4.** 62.5 केवीए रेटिंग क्षमता वाले डीजी सेट का एसआईटीसी, जिसमें सेल्फ-स्टार्ट, एएमएफ पैनल और ध्वनिरोधी आवरण शामिल हैं, 3 फेज, 415 वोल्ट, नवीनतम प्रदूषण दिशानिर्देशों और तकनीकी विशिष्टिताओं एवं साइट आवश्यकताओं (सीपीसीबी IV या नवीनतम के अनुसार) के अनुरूप पूर्ण है। विस्तृत तकनीकी विशिष्टिताएँ परिशिष्ट-ए में संलग्न हैं।

**मात्रा (नम्बर में) : 1.** 03 नम्बर, **2.** 01 नम्बर, **3.** 01 नम्बर, **4.** 01 नम्बर, **कुल मात्रा=** 06 नम्बर

**बयाना राशि (रु. में) :** रु. 4,21,420.00

**अनुमानित मूल्य (रु. में) :** रु. 2,10,70,850.00

**निविदा खुलने की तिथि :** 01.04.2026, 11:00 AM

**नोट:-** पूर्ण विवरण एवं निविदा शर्तें वेबसाइट **www.gem.gov.in** पर उपलब्ध है। सभी इच्छुक निविदाकर्ताओं को ई-निविदा में भाग लेने तथा पंजीकरण कराने के लिए भारत सरकार आई टी अधिनियम 2000 के तहत प्राधिकृत प्रमाणित एजेंसी से क्लास III डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं किया है) प्राप्त मान्य होगा। मेन्यूल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

**सं.: 50-S/LP/2026 दिनांक: 05.03.2026** **739/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0
अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, सम्भल

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना: पत्रांक: 625 दिनांक: 05.03.2026

**निविदा सं0 एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 13, 14,&15/EDC(S) 2025-26 क्रमशः विद्युत वितरण खण्ड चन्दौसी, सम्भल एवं बबराला के क्षत्राान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में 33 केवी, 11 केवी, एल0टी0 लाईनों एवं अन्य प्रकार से होने वाले सम्भावित Emergency Breakdown को त्वरित गति से अटैण्ड कराने का कार्य, प्रपत्र शुल्क प्रत्येक- रू. 1180.00, धरोहर राशि कमशः- रू. 10 हजार, 10 हजार एवं 5 हजारं

**ई-निविदा की अन्तिम तिथि : 23 मार्च 2026, 13:00 बजें**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट **https://etender.up.nic.in/**पर उपलब्ध हैं अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगीं

**कार्यालय ग्राम पंचायत दलपतपुर विकास खण्ड मूढ़ापांडे (मुरादाबाद)।**

**बाजार हॉट के नीलामी की सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दलतपुर विकास खण्ड मूढ़ापांडे में लगने वाली साप्ताहिक बाजार (मंगलवार) की नीलामी दिनांक 16.03.2026 को दिन के 11.00 बजे पंचायत भवन दलपतपुर में प्रधान श्रीमति नाजुक जहां की अध्यक्षता में ग्राम सभा की खुली बैठक में की जायेगी। आप सभी बैठक में भाग लेकर बोली बोलने का कष्ट करें। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यह नीलामी वित्तीय वर्ष 2026-27 दिनांक (01.04.2026 से 31.03.2026) तक के लिये होगी।

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत दलपतपुर**
**विकास खण्ड मूढ़ापांडे**
**(मुरादाबाद)**

**(नाजुक जहां) ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत दलपतपुर**
**विकास खण्ड मूढ़ापांडे**
**(मुरादाबाद)**



# न्यूजीलैंड के ओपनर फिन एलन का फोकस अब फाइनल पर

● **फिन एलन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेन्स टी-20 विश्व कप के इतिहास में सबसे तेज शतक बनाया**

● **जीत के बाद आईसीसी ने एलन के हवाले से कहा कि रविवार को उन पर जीत हासिल करना हमारे लिए बहुत बड़ा कॉन्फिडेंस बूस्टर है**

**कोलकाता, वार्ता।** सेंचुरी बनाने वाले फिन एलन ने रिकॉर्ड तोड़ पारी खेलकर न्यूजीलैंड को सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका पर नौ विकेट से शानदार जीत दिलाने के बाद तुरंत अपना फोकस टी 20 वर्ल्ड कप के रविवार के फाइनल पर कर लिया। एलन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास का सबसे तेज शतक बनाया।

दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने सिर्फ 33 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जिससे क्रिस गेल का 47 गेंदों में बनाया गया पिछला रिकॉर्ड टूट गया। इस धमाकेदार ओपनर ने 10 चौके और आठ छक्के लगाए, और टिम सीफर्ट (58) के साथ जबरदस्त पार्टनरशिप की, जिससे न्यूजीलैंड ने 13 ओवर से कम समय में 170 रन का टारगेट हासिल कर लिया। इस शानदार जीत ने ब्लैक कैप्स को 2021 के बाद पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंचाया और रविवार के टाइटल मैच से पहले टीम का कॉन्फिडेंस बढ़ा दिया। जीत के बाद आईसीसी ने एलन के हवाले से कहा कि रविवार को उन पर एक जीत हासिल करना हमारे लिए बहुत बड़ा कॉन्फिडेंस बूस्टर है। वे पूरे टूर्नामेंट में इन-फॉर्म टीम रहे हैं। इसलिए मुझे लगता है कि एक ग्रुप के तौर पर, रविवार को वह जीत हासिल करना हमारे लिए बहुत बड़ी बात है, लेकिन आपको रविवार को फिर से शुरुआत करनी होगी। यह एक नई विरोधी टीम है, अलग हालात हैं, और यह सब। उन्होंने आगे कहा कि हमारे लिए, हम बस इस गेम से पॉजिटव बातें निकालना चाहते हैं और कल अहमदाबाद के लिए फ्लाइट लेकर फिर से शुरुआत करना चाहते हैं। जबकि एलन और सीफर्ट ने चेज में दबदबा बनाया, न्यूजीलैंड के बॉलर्स ने पहले ही नींव रख दी थी। मैट हेनरी, रचिन रवींद्र और कोल मैककॉन्ची ने दो-दो विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका की मजबूत बैटिंग लाइनअप को रोक दिया। एलन ने कैप्टन मिशेल सेंटनर के टॉस जीतने के बाद टोन सेट करने का क्रेडिट बॉलर्स को दिया। एलन ने कहा कि उन्होंने बॉल से हमारे लिए शुरुआती विकेट लेकर इसे सेट किया, जिसे हमने बहुत अच्छा बैटिंग विकेट माना था। न्यूजीलैंड अब रविवार के फाइनल में अपने अपोनेंट्स को जानने के लिए इंडिया और इंग्लैंड के बीच दूसरे सेमीफाइनल के रिजल्ट का इंतजार करेगा। एलन ने कहा कि मुझे लगता है कि हम किसी से भी खुश हैं। अगर हम अपना बेस्ट क्रिकेट खेलते हैं, तो हम किसी को भी हरा सकते हैं।

# फाइनल में चुनौती अलग होंगी: सैंटनर

**कोलकाता, वार्ता।** टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली बड़ी जीत के बाद अब मिचेल सैंटनर की नजर अहमदाबाद में होने वाले फाइनल पर है। सेमीफाइनल में उनकी टीम ने 170 रनों के लक्ष्य को सिर्फ 12.3 ओवरों में हासिल कर लिया।

इस जीत के बाद सैंटनर ने कहा है कि उनकी पूरी कोशिश होगी कि फाइनल में भी इसी तरह के प्रदर्शन को दोहराया जाए, लेकिन उन्हें यह भी पता है कि फाइनल की पिच और परिस्थितियां बिल्कुल अलग होंगी। ईडन गार्डन्स के मैदान पर न्यूजीलैंड की टीम ने मैच की शुरुआत से ही दक्षिण अफ्रीका पर दबाव बनाए रखा। पावरप्ले में ही उनके गेंदबाजों ने क्विंटन डी कॉक और रायन रिकलटन का विकेट गिरा दिया था। इसके बाद जब न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी की बारी आई तो फनि एलन और टिम साइफर्ट ने पावरप्ले में ही 84 रन बना कर 170 के लक्ष्य को काफी छोटा बना दिया। सैंटनर ने मैच के



● **कहा : उनकी पूरी कोशिश होगी कि फाइनल में इसी तरह के प्रदर्शन को दोहराया जाए**

बाद कहा कि अगर हम पावरप्ले में विकेट गंवा देते तो मुकाबला थोड़ा मुश्किल हो सकता था। लेकिन फनि और साइफर्ट ने शुरुआत से ही आक्रमण जारी रखा। विकेट गिरने के बाद भी फनि ने वही लय बनाए रखी। गें. दबाजी में हमने पहले दो ओवर के लिए एक योजना बना कर रखी थी, जहां हमने मकौंकी का इस्तेमाल करते हुए विकेट हासिल किए। इसके बाद हमने सोचा था कि मैच जैसा चलेगा, हम उसी हिंसाब से फैसले लेंगे। सैंटनर की बात से दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडन मारक्रम भी सहमत नजर आए। उन्होंने एलन की पारी का जिक्र करते हुए कहा कि जब कोई बल्लेबाज उस तरह की पारी खेल देता है तो अक्सर मैच आपके पक्ष में नहीं जाता। ऐसे में 170 तक पहुंचना भी ईमानदारी से कहूं तो अच्छी कोशिश थी। टी-20 क्रिकेट में अक्सर ऐसा होता है कि अगर पावरप्ले में टीम तेज शुरुआत कर ले तो मैच का रुख वहीं तय हो जाता है। फिन एलन की पारी और टिम साइफर्ट की पारी को बहुत बड़ा श्रेय जाता है। उन्होंने बहुत जल्दी मैच को हमारे हाथ से निकाल दिया। एलन का यह शतक पुरुष टी-20 विश्व कप इतिहास के नॉकआउट में पहला शतक है। पुरुष टी-20 इतिहास में यह संयुक्त तौर पर तीसरा सबसे तेज शतक भी था। इसके अलावा साइफर्ट और एलन की जोड़ी किसी पुरुष टी-20 सीरीज या टूर्नामेंट में सर्वाधिक रनों की साझेदारी की।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### दूसरे सेमीफानइल से पहले ब्रिटिश उच्चायोग ने क्रिकेट का जश्न मनाया

**मुंबई, वार्ता।** भारत में ब्रिटिश उच्चायोग ने गुरुवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल से पहले क्रिकेट के लिए एक जैसे जुनून को दिखाया। एक्स पर एक पोस्ट में, ब्रिटिश उच्चायोग ने कहा कि क्रिकेट सिर्फ एक खेल से कहीं ज्यादा है और उन फैन्स का जश्न मनाया जो इस खेल में जान डालते हैं, साथ ही इस बड़े मुकाबले से पहले दोनों टीमों को शुभकामनाएं दीं। न्यूजीलैंड ने पहले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका पर नौ विकेट से जबरदस्त जीत के बाद फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।

### रणजी ट्रॉफी में ऐतिहासिक दर्ज करने वाली जम्मू-कश्मीर टीम की सराहना की

**जम्मू, वार्ता।** बीसीसीआई ने गुरुवार को रणजी ट्रॉफी में ऐतिहा. सिक जीत के बाद जम्मू और कश्मीर को बधाई देते हुए कहा कि इस क्षेत्र में यह क्रिकेट के लिए एक गर्व की बात है। बीसीसीआई ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि रणजी ट्रॉफी में जम्मू और कश्मीर की ऐतिहासिक जीत इस क्षेत्र में क्रिकेट के लिए एक गर्व की बात रहेगी। अपनी यादगार जीत के बाद, खिलाड़ियों ने आईसीसी के चेयरमैन जय शाह से मिलने और उनके साथ यह खास पल साझा करने की दिली इच्छा जताई और बीसीसीआई सेक्रेटरी के तौर पर उनके कार्यकाल के दौरान जम्मू और कश्मीर में क्रिकेट को मजबूत करने में उनके नेतृत्व की भूमिका को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि हम टीम से मिलने के लिए समय निकालने व इस ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाते हुए खिलाड़ियों के साथ हौसला बढ़ाया है।

# ऑल इंग्लैंड ओपन में सात्विक चिराग पहले ही राउंड में बाहर



**सात्विक-चिराग ने अच्छी शुरुआत की और शुरुआती गेम के इंटरवल तक 11-6 की बढ़त बना ली थी**

**बर्मिंघम, वार्ता।** भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मलेशिया के कांग खाई जिग और एरॉन ताई से सीधे गेम में हारने के बाद ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के पहले ही राउंड में बाहर हो गई। यूटिलिटा एरिना बर्मिंघम में बुधवार को खेले गए मुकाबले में चौथी रैंक वाली भारतीय जोड़ी दुनिया की 33वें नंबर की मलेशियाई जोड़ी से 23-21, 21-12 से हार गई। सात्विक-चिराग ने अच्छी शुरुआत की और शुरुआती गेम के इंटरवल तक 11-6 की बढ़त बना ली, जिसके बाद मलेशियाई जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 16-16 से बराबर कर दिया। 2024 के जूनियर वर्ल्ड चैंपियन कांग और एरॉन फिर आगे निकल गए और भारतीयों जोड़ी के दो मैच पॉइंट बचाने के बावजूद, आखिरकार टाई-ब्रेक में गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भी इसी मोमेंटम को जारी रखते हुए, मलेशियाई जोड़ी ने गेम पर अपना दबदबा बनाया। और सिर्फ पांच और पॉइंट देकर मैच आराम से जीत लिया। इस हार के साथ ही इस मशहूर टूर्नामेंट में भारत का पुरुष युगल में अभियान भी समाप्त हो गया। एक अन्य मुकाबले में भारत के रोहन कपूर और रुथविका गड्डे मिश्रित युगल स्पर्धा में फंस की पांचवीं सीडेड जोड़ी थॉम गिक्वेल और डेल्फिन डेलरू से 21-12, 21-15 से हार गए। इस बीच, 2025 यूएस ओपन चैंपियन आयुष शेट्टी इंडोनेशिया के वर्ल्ड नंबर 14 अल्वी फरहान से 21-19, 9-21, 17-21 से हारकर पुरुष एकल ड्रॉ से बाहर हो गए।

# विंडीज टीम के फंसने पर सैमी ने की अपील

● **विंडीज के हेड कोच डैरेन सैमी ने एक्स पर एक पोस्ट की जिसमें कहा गया है कि मैं बस घर जाना चाहता हूं**

**कोलकाता, वार्ता।** वेस्ट इंडीज को उनके ट्रैवल शेड्यूल के बारे में कोई ऑफिशियल अपडेट नहीं दिया गया है, लेकिन जिम्बाब्वे टीम के सदस्यों का पहला बैच अब घर के लिए निकल चुका है 2026 टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर होने के चार दिन बाद भी जब वेस्टइंडीज कोलकाता में फंसा हुआ है, तो उनके हेड कोच डैरेन सैमी ने एक्स पर एक पोस्ट किया है, जिसमें कहा गया है कि मैं बस घर जाना चाहता हूं। पश्चिम एशिया में संकट के चलते वेस्टइंडीज उन टीमों में से एक है जो भारत में फंसी हुई हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि शुरू में, आईसीसी ने वेस्ट इंडीज को बताया था कि टीम को लंदन के लिए एक चार्टर फ्लाइट से कैरिबियन वापस लाने की को. शिश की जा रही है।

माना जा रहा है कि प्लान यह था कि वेस्ट इंडीज हफ्ते के बीच में भारत से फ्लाइट ले ले, हालांकि कोई पक्की तारीख नहीं बताई गई थी। हालांकि, वेस्ट इंडीज कोलकाता में ही है, जहां वे 1 मार्च को सुपर आठ के फाइनल मैच में भारत से हार गए थे। पिछले वीकेंड शुरू हुए इस संकट की वजह से आम एयरस्पेस कॉरिडोर बंद होने से, आईसीसी को टीमों के लिए वापसी की फ्लाइट का इंतजाम करने में एक बड़ी लॉजिस्टक चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, बुधवार को जिम्बाब्वे के लिए अच्छी खबर आई, जब आईसीसी द्वारा उनके ट्रैवल इंतजामों में बदलाव करने के बाद उनकी टीम के सदस्यों का पहला बैच दिल्ली से घर के लिए रवाना हो गया। वेस्ट इंडीज की तरह, जिम्बाब्वे ने भी टी-20 वर्ल्ड कप में अपना आखिरी मैच 1 मार्च को दिल्ली में दक्षिण अफ्रीका से खेला था जिसमें वह हार गया था। जिम्बाब्वे को पहले 2 मार्च को निकलना था, लेकिन वह प्लान कैंसिल कर दिया गया। उनकी टीम के बाकी सदस्यों के ट्रैवल प्लान के बारे में कोई ऑफर्शियल जानकारी नहीं है। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने बुधवार को एक बयान में कहा कि जिम्बाब्वे क्रिकेट कन्फर्म करता है कि आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा लेने वाली जिम्बाब्वे की सीनियर मेन्स टीम भारत से घर लौट रही है। हाल ही में आई दिक्कतों के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने दूसरे ट्रैवल अरेंजमेंट कर लिए हैं। फ्लाइट की उपलब्धता और बदले हुए रूट की वजह से, टीम बैच में हरारे लौटेगी। जिम्बाब्वे का ओरिर. जनल ट्रैवल रूट दुबई से एमिरेट्स फ्लाइट से था, लेकिन इसे बदलना पड़ा। पता चला है कि जिम्बाब्वे अब अदीस अबाबा, इथियोपिया होते हुए हरारे जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका बुधवार रात को न्यूजीलैंड से सेमीफाइनल में हार गया।

# न्यूजीलैंड ने हमें बुरी तरह हरा दिया : कॉनराड



**कोलकाता, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के हेड कोच शुकरी कॉनराड ने माना कि उनकी टीम को टी 20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने बुरी तरह हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका टूर्नामेंट में सात मैचों से बिना हारे नॉकआउट मुकाबले में उतरी थी, लेकिन ओपनर फिन एलन की रिकॉर्ड तोड़ सेंचुरी ने न्यूजीलैंड को जबरदस्त जीत दिलाई और फाइनल में जगह दिलाई। जब पूछा गया कि क्या दक्षिण अफ्रीका ने एक बार फिर एक अहम नॉकआउट गेम में ष्चोकष किया, तो कॉनराड ने इस बात को खारिज कर दिया, और कहा कि उनकी टीम बस हार गई। आईसीसी ने कॉनराड के हवाले से कहा कि मुझे नहीं पता कि आज रात चोक था या नहीं। मुझे लगा कि यह एक जबरदस्त हार थी। हमारी बुरी तरह पिटाई हुई। मुझे लगता है कि अगर आप हार मान लेते हैं, तो गेम में आपको थोड़ी सी भी उम्मीद होनी चाहिए। हमें कोई उम्मीद नहीं थी। दक्षिण अफ्रीका में, हम कहते हैं कि हम हार जाएंगे। आज रात, हमारी अच्छी खासी हार हुई। भारी हार के बावजूद, कोच ने कहा कि टूर्नामेंट में प्रोटियाज के लिए कई अच्छी बातें भी रहीं। कैप्टन एडेन मार्करम ने अपनी टीम के लिए 286 रन बनाकर बैटिंग चार्ट में सबसे ज्यादा रन बनाए, जबकि पेसर लुंगी एनगिडी (12 विकेट), कॉर्बिन बॉश और मार्को यानसन (हर एक ने 11 विकेट) टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों में शामिल थे। कॉनराड ने कहा कि कॉम्पिटिशन से पहले खराब फॉर्म के बावजूद टीम ने उम्मीदों से बढ़कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि बहुत से लोग इस बैंडवैगन में शामिल होंगे। लेकिन हमने बहुत सी खास चीजें कीं। मुझे इन लोगों पर बहुत गर्व है। मुझे नहीं लगता कि जब हम यहां से गए थे, तो बहुत से लोगों ने हमें सेमीफाइनल में पहुंचने का भी ज्यादा मौका दिया था। हालांकि, कॉनराड ने माना कि हार के बाद आलोचना होगी।

# एलिसा हीली को जीत के साथ विदाई देने उतरेगी ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम

**पर्थ, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को मल्टी-फॉर्मेट सीरीज पक्की करने के लिए वसा में सिर्फ ड्रॉ की जरूरत है, लेकिन वे अपने कैप्टन को जीत के साथ विदा करने के लिए मोटिवेटेड होंगे। यह वह मैच है जो एलिसा हीली के इंटरनेशनल करियर का अंत करेगा, लेकिन यह एक ऐसा मुक. ाबला है जहां भारत को पूरी दौड़ लगानी होगी।

ऑस्ट्रेलिया को मल्टी-फॉर्मेट सीरीज पक्की करने के लिए सिर्फ ड्रॉ की जरूरत है, जिसने वनडे सीरीज के आखिर में 8-4 की बढ़त ले ली थी। भारत को हिसाब बराबर करने के लिए चार पॉइंट्स की जीत चाहिए, हालांकि ऑस्ट्रेलिया ने 2021 में आखिरी बार खेली गई ट्रॉफी पहले ही अपने पास रख ली है, क्योंकि भारत में पिछली सीरीज इंडिविजुअल फॉर्मेट के आधार पर तय हुई थी। महिलाओं के खेल में टेस्ट कम ही होते हैं। ऑस्ट्रेलिया को इस महीने के आखिर में वेस्ट इंडीज में एक और टेस्ट खेलना था,




● **ऑस्ट्रेलिया को मल्टी-फॉर्मेट सीरीज पक्की करने के लिए सिर्फ ड्रॉ की जरूरत**

लेकिन इसे शेड्यूल से हटा दिया गया है। हालांकि ए दोनों टीमें ज्यादातर टीमों से ज्यादा खेलती हैं, इसलिए उनके पास कुछ अनुभव है। वाका में लाइट्स में चार दिन का क्रिकेट मैच खेल को नैचुरली खेलने के लिए काफी समय देता है, लेकिन अगर ऐसा होता है कि भारत को जीत का चांस बनाने के लिए टेम्पो बढ़ाना पड़े, तो यह देखना दिलचस्प होगा कि वे कितना एग्रे. सिव खेलते हैं। मेहमान टीम ने शानदार खेलकर टी-20 सीरीज 2-1 से जीत ली - टी-20 वर्ल्ड कप वाले साल में यह उनके लिए एक अच्छी बात है - लेकिन वे पिछले साल वर्ल्ड चैंपियन बनी टीम से बहुत पीछे रह गए, इसके बाद हुई वनडे सीरीज में तीनों गेम एकतरफा रहे, और आखिर में वे 400 से ज्यादा रन पर आउट हो गए।

उन्हें स्मृति मंधाना और हरमनप्रीत कौर की लीडरशिप में बैटिंग ऑर्डर से अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत होगी, क्योंकि पर्थ के हालात के हिंसाब से बॉलिग थोड़ी कमजोर लग रही है, खासकर रेणुका सिंह के चोटिल होने के बाद। ऑस्ट्रेलिया को भी चोटों की दिक्कतें रही हैं, किम गार्थ और सोफी मोलिनक्स बाहर हो गई हैं, हालांकि उनकी गैरमौजूदगी से मुश्किल सिलेक्शन का फैसला आसान हो सकता है, जबकि एलिस पेरी भी क्वाड स्ट्रेन के कारण वनडे सीरीज से बाहर हो गईं। हालांकि, घरेलू टीम के पास बैटिंग का खजाना है।

### टॉप इंडियन राइफल व पिस्टल शूटर नेशनल सिलेक्शन ट्रायल्स 3 को तैयार

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशियन राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2026 में घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन के बाद, जहां इंडिया ने 39 गोल्ड, 18 सिल्वर और 19 ब्रॉन्ज सहित 76 मेडल जीतकर मेडल टैली में टॉप किया था, टॉप इंडियन राइफल और पिस्टल शूटर अब अपना ध्यान नेशनल सिलेक्शन ट्रायल्स 3 (ग्रुप ए) पर लगाएंगे, जो अगले महीने शुरू होने वाले बिजी इंटरनेशनल और डोमेस्टिक कैलेंडर से पहले 06-10 मार्च, 2026 के बीच दिल्ली के डा. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में होगा।

भारत के लगभग सभी टॉप शूटर 10 इवेंट्स में हिस्सा लेंगे, जिसमें सभी आठ ओलंपिक इवेंट्स के साथ-साथ पुरुषों और महिलाओं के लिए राइफल प्रोन कॉम्पिटिशन भी शामिल हैं। एथलीट साल के दूसरे हाफ में इंटरनेशनल कॉम्पिटिशन के लिए नेशनल स्क्वॉड में सिलेक्शन का अपना दावा मजबूत करने के लिए स्कोर पक्का करने की कोशिश करेंगे। ग्रुप बी एथलीट के लिए राइफल/पिस्टल सिलेक्शन ट्रायल 3 और 4 भी कल से शुरू होंगे, जो 06-22 मार्च, 2026 तक भोपाल में एम-पी-स्टेट शूटिग एकेडमी में होंगे। सिलेक्शन ट्रायल पूरे होने के बाद, नेशनल स्क्वाड एथलीट 10-21 मार्च, 2026 तक नई दिल्ली में अपना कोचिग कैंप शुरू करेंगे।

# मांडविया ने एशियाई खेलों की तैयारियों का रिव्यू किया



● **ये गेम्स 19 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक जापान के आइची-नागोया में होने वाले हैं**

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने गुरुवार को स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) हेडक्वार्टर में एक हाई-लेवल मीटिंग की अध्यक्षता की, जिसमें 2026 एशियन गेम्स के लिए भारत की तैयारियों का रिव्यू किया गया।

ये गेम्स 19 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक जापान के आइची-नागोया में होने वाले हैं। युवा मामले और खेल मंत्रालय, साई और दूसरे स्टेकहोल्डर्स के सीनियर अधिकारियों ने डा. मांडविया को इवेंट से पहले देश की तैयारियों के बारे में जानकारी दी, और यह पक्का किया कि एथलीटों को कॉन्टिनेंटल शोपीस में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए हर मुमकिन सपोर्ट मिले। एशियन गेम्स 2026 की तैयारियों के रिव्यू के लिए 15 सदस्यों की एक कमेटी बनाई गई है, जिसमें युवा मामले और खेल मंत्रालय के सेक्रेटरी हरि रंजन राव, इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की प्रेसिडेंट पीटी उषा, एशियन गेम्स के शेफ डी मिशन सहदेव यादव, डिप्टी शेफ डी मिशन शरत कमल और दूसरे लोग दिसम्बर 2025 से अब तक ट्रेनिग, लॉजिस्टिक्स, एथलीट वेलफेयर और कॉम्पिटिशन की तैयारी की प्लानिग को आसान बनाने के लिए चार मीटिग कर चुके हैं। यह कमेटी गेम्स में भारत के कैंपेन के लिए स्ट्रेटेजिक रोडमैप की देखरेख कर रही है। मीटिंग के दौरान, डा. मनसुख मांडविया ने एथलीट वेलफेयर और परफॉर्मेंस के लिए सरकार के कमिटमेंट को दोहराया।

हमारे एथलीट हमारी टॉप प्रायोरिटी हैं। ट्रेनिग और स्पोर्ट्स साइंस से लेकर लॉजिस्टिक्स, किट सपोर्ट, फूड सपोर्ट और मेडिकल केयर तक, हर मुमकिन सपोर्ट दिया जाएगा ताकि वे बिना किसी रुकावट के तैयारी कर सकें और एशियन गेम्स में अपना बेस्ट दे सकें। हमारा मकसद उन्हें किसी भी कीमत पर परेशान नहीं करना है और यह पक्का करना है कि वे कॉम्पिटिशन में हमारे मेडल टैली को बढ़ाने पर फोकस्ड रहें। केंद्रीय मंत्री ने सभी स्टेकहोल्डर्स के बीच मिलकर कोशिश करने की जरूरत पर भी जोर दिया, और कहा कि स्ट्रक्चर्ड तैयारी, मजबूत सपोर्ट सिस्टम और समय पर प्लानिग 2026 एशियन गेम्स में भारत को नए माइलस्टोन हासिल करने में मदद करने में अहम भूमिका निभाएगी।

तैयारियों के हिस्से के तौर पर, हर एनएसएफ ने एशियन गेम्स टेक्निकल हैंडबुक के लिए नोडल ऑफिसर बनाया है ताकि वे अपने-अपने एनएसएफ खिलाड़ियों, कोच और सपोर्ट स्टाफ को खेलों में सबसे अच्छा परफॉर्मेंस पक्का करने के लिए डिसिप्लिन के हिंसाब से टेक्निकल डिटेलिग के बारे में समझा सकें और उन्हें जानकारी दे सकें। टीमों को काफी पहले फाइनल कर दिया जाएगा ताकि एथलीटों को फोकस्ड तैयारी के लिए काफी समय मिल सके और मेडिकल टीमों सहित सपोर्ट स्टाफ की क्षमता को मजबूत करने की भी कोशिश की जा रही है, साथ ही लॉजिस्टक सुविधा के लिए विदेशों में भारतीय दूतावासों के साथ आसान तालमेल पक्का किया जा सके। फेडरेशन को एक्सपोजर टूर और कॉम्पिटिशन शेड्यूल पहले से प्लान करने की आजादी दी गई है। जिन डिसिप्लिन में ऑपरेशनल प्लानिग ज्यादा मुश्किल है, उनके लिए कई जगहों पर सपोर्ट का इंतजाम किया जाएगा।

# शापोवालोव को सितसिपास को हराने के लिए पूरी जान लगानी पड़ी

**इंडियन वेल्स, वार्ता।** डेनिस शापोवालोव के रिएक्शन ने बुधवार शाम इंडियन वेल्स में सब कुछ कह दिया। कनाडा के खिलाड़ी यूनान के स्टेफानोस सितसिपास को 6-2, 3-6, 6-4 से हराकर परीबा ओपन के दूसरे राउंड में पहुंचने के बाद बहुत खुश थे। मैच के बाद अपने इंटरव्यू में शापोवालोव ने कहा कि स्टेफानो जैसे खिलाड़ी से पहले राउंड में मुकाबला करना कभी आसान नहीं होता।

मुझे लगता है कि हम दोनों के लिए यह बहुत मुश्किल मुकाबला था। ष्मुझे पता था कि मुझे बाहर आकर अपना 'ए गेम' खेलना है और जोरदार प्रदर्शन करना है। पहले राउंड में ऐसा करना कभी आसान नहीं होता, लेकिन किस्मत से मैं आज ऐसा कर पाया। जीत से मैं वाकई बहुत खुश हूं। लेफ्टी खिलाड़ी प्राइमटाइम में कोर्ट पर उतरे, जब उनके पास एटीपी रैंकिंग में पहले नंबर 3 खिलाड़ी के खिलाफ 4-2 की बढ़त थी, जो 2018 के बाद सिनसिनाटी में पहली बार एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में बिना सीड के थे। शापा. ेवालोव ने 6-2 की बढ़त बनाई और दूसरे सेट में तुरंत सितसिपास की सर्विस तोड़ दी। ग्रीक खिलाड़ी ने दिखाया कि वह तीन बार के मास्टर्स 1000 चैंपियन क्यों हैं, उन्होंने वापसी करते हुए दूसरा सेट जीत लिया। लेकिन मोमेंटम बदलने के साथ, शापा. ेवालोव पॉइंट्स पर फिर से कंट्रोल पाने में कामयाब रहे और 29वें सीड टॉमस मार्टिन एचेवेरी के साथ दूसरे राउंड में मुकाबला तय कर लिया। शापोवालोव ने कहा कि यह मुश्किल है।

### भारतीय अंडर-20 महिला टीम ने मैत्री मैच में अल्व्सजो एआईके को हराया

**लिडिगो, वार्ता।** भारतीय अंडर-20 महिला राष्ट्रीय टीम ने गुरुवार सुबह स्वीडन के बोसोन नेशनल स्पोर्ट्स सेंटर में एक मैत्री मुकाबले में स्वीडिश क्लब अल्व्सजो एआईके को 5-2 से हरा दिया। यहां खेले गए मुकाबले में लहिगडेइकिम ने पहले मिनट, 20वें मिनट (पेनल्टी) और 59वें मिनट में गोल करके हैट्रिक बनाई। वहीं सिडी ने (34वें) और सुलंजना राउल ने (90वें) मिनट में भारतीय टीम के लिए एक-एक गोल किया। भारतीय टीम के मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडरसन ने इस मैच के लिए टी में दो बदलाव किए। गोलकीपर मोनालिशा देवी और विगर भूमिका देवी को एकादश में शामिल किया गया।

### मास्टर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता में साह, गुप्ता की जोड़ी ने जीता स्वर्ण

**रामनगर, वार्ता।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में आयोजित राज्य स्तरीय मास्टर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता में रामनगर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है।

40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की युगल स्पर्धा में डा. मानस साह और पवन गुप्ता की जोड़ी ने जीत दर्ज कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। रामनगर के इन खिलाड़ियों ने एक बार फिर खेल के मैदान में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अब उनका चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हो गया है। हल्द्वानी के मिनी स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय मास्टर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता में 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की युगल स्पर्धा में रामनगर के खिलाड़ी डा. मानस साह और पवन गुप्ता की जोड़ी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।


# सड़क हादसे में घायल हुए पति-पत्नी को एसएसपी ने अपने एस्कॉर्ट वाहन से पहुंचवाया जिला अस्पताल



**मुरादाबाद।** होली पर्व के दौरान कानून व्यवस्था का जायजा लेने निकले वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने मानवता का परिचय देते हुए सड़क हादसे में घायल दंपत्ति को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल होली पर्व के मद्देनजर शहर में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के हरथला इलाके में एक पति-पत्नी की मोटरसाइकिल अचानक फिसल गई, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए।घटना को देखते ही एसएसपी ने तुरंत अपनी गाड़ी रुकवाई और मौके पर पहुंचकर घायलों की स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने अपने साथ मौजूद पुलिसकर्मियों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल अपने एस्कॉर्ट वाहन में बैठाकर उपचार के लिए सिद्ध अस्पताल भिजवाया। साथ ही पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों की मदद से सड़क पर यातायात को भी सुचारु कराया, ताकि किसी प्रकार की और दुर्घटना न हो।पुलिस अधिकारियों ने आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मोटरसाइकिल के फिसल जाने के कारण यह हादसा हुआ।बताया जा रहा है कि दंपत्ति किसी कार्य से जा रहे थे, तभी संतुलन बिगड़ने से बाइक फिसल गई और दोनों घायल हो गए।अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा दोनों का उपचार किया जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार दोनों की हालत फिलहाल सामान्य बताई जा रही है। वहीं पुलिस द्वारा घटना की सूचना उनके परिजनों को भी दे दी गई है।एसएसपी की इस त्वरित कार्रवाई और मानवीय पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की।लोगों का कहना है कि पुलिस की तत्परता के कारण घायलों को समय पर उपचार मिल सका।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक की मौत, एक अन्य गंभीर

■ मैनाठेर क्षेत्र में हुआ हादसा, अज्ञात चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग



**मैनाठेर।** थाना क्षेत्र में बुधवार शाम सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार ग्राम मिलक मोहम्मदपुर बस्तौर निवासी सूरज पुत्र भारत सिंह उर्फ पप्पू अपने साथी समद पुत्र जावेद निवासी पंडित नगला के साथ बुधवार शाम मोटरसाइकिल से ग्राम जटपुरा से अपने घर लौट रहा था। जब दोनों फरीदपुर हमीर से आगे ज्योंडियर ट्रैक्टर एजेंसी के सामने पहुंचे तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने लापरवाही से उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक सड़क पर बने डिवाइडर से टकरा गए। हादसे में सूरज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि समद गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार चल रहा है। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने पुलिस को शिकायत पत्र देकर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### ईट भरी ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत



**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के दलपतपुर वीरपुर मे बृहस्पतिवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार की दो बच्चे सहित दंपति घायल हो गए है। वह होली का मेला देखने जा रहे थे। रामपुर पटवाई थाना के मतमाली निवासी राजेंद्र पत्नी रजनी (30)बेटा पांच वर्षीय दक्ष, डेढ वर्षीय दिव्यांशु बृहस्पतिवार दोपहर 12. 30बजे वीरपुर वारियर मे लग रहा होली का मेला देखने जा रहे थे नाजरपुर सोराज सिंह के पास वीरपुर वारियर की ओर आ रहा तेज रफ्तार ईट भरी ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी जिससे झटके से पहिए के नीचे आ जाने गंभीर घायल हो गई जबकि राजेंद्र दोनो बच्चों के चोटें आई है। सूचना पर पुलिस गई इस दौरान परिजन निजी हास्पिटल ले गए जहाँ डाक्टरों ने रजनी की मौत हो गई। एस एच ओ मोहित चौधरी ने बताया शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### महिला को मारपीट करने के मामले में पांच लोगों पर मुकदमा

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मनकुला में महिला को मारपीट कर घायल करने के मामले में पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

गांव के रहने वाले अरशद पुत्र राशिद हुसैन ने मुकदमा दर्ज कराया कि वह अपनी पकौड़ी की दुकान गांव में लगता है। उसके चाचा इरफान हुसैन तथा उनके बेटे शाहिद हसन के अलावा बेटी सायमीन, शबनम आदि उनसे जमीन को लेकर रंजीश रखते थे। 3 मार्च को दोपहर 2 बजे वह उसकी पत्नी के साथ गाली गलौज कर रहे थे। जब उसकी पत्नी ने गाली देने से मना किया तो सभी ने लात घुसों व लाठी डंडों से बुरी तरह से पीट कर घायल कर दिया। जिससे उसकी पत्नी के खुली व गुम चोटें आई। उसकी पत्नी को जान का खतरा पैदा हो गया। अब मामले में तहरीर पर पुलिस ने 5 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

### 6 मार्च को समाप्त हो जाएगा चीनी मिल का पेराई सत्र

**बिलारी।** राजा का सहसपुर स्थित लक्ष्मी जी शुगर मिल का पैराई सत्र इस बार 6 मार्च को समाप्त हो जाएगा। चीनी मिल उपाध्यक्ष सुभाष खोखर ने बताया कि जिस किसान पर गन्ना शेष रह गया है। वह 6 मार्च तक गन्ने की आपूर्ति कर दे। वर्तमान पैराई सत्र 6 मार्च को समाप्त कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी किसान का गन्ना नहीं लिया जाएगा, न ही चीनी मिल और गन्ना समिति की कोई जवाब देही होगी।


### धारा 67 के वादों को सुनेंगे बिलारी तहसील में तहसीलदार कांठ

**बिलारी।** बिलारी तहसील में धारा 67 से संबंधित वादों के निस्तारण के लिए तहसीलदार कांठ राजकुमार सिंह को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। वह बिलारी तहसील में वादों को सुनकर उसका निस्तारण करेंगे। अपर जिलाधिकारी प्रशासन संगीता गौतम ने इसको लेकर निर्देश जारी किए हैं। धारा 67 की वादों में अक्सर ग्राम समाज की भूमि पर किए गए कब्जों को लेकर मुकदमें चलते हैं। उसके निस्तारण के लिए तहसीलदार कांठ को अधिकृत किया गया है।

### नगर और ग्रामीण क्षेत्र में परंपरागत रूप से विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर होलिका दहन किया गया

**कुंदरकी।** नगर और ग्रामीण क्षेत्र में परंपरागत रूप से विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर होलिका दहन किया गया,

नगर और ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर परंपरागत रूप से होलि. का का दहन किया गया श्रद्धालुओं ने परंपरागत रूप से विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की और अपने प्रभुसे परिवार की सुख समृद्धि की कामना की, इसके बाद होलिका का दहन किया गया चारों ओर होली का मैया की जय के नारे गूंज उठे, पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने गन्ने में लगी जो की बाली को भुना और एक दूसरे को शुभकामनाये प्रेषित की, इसके बाद एक दूसरे के घर जाकर गुलाल लगाकर बड़ों से आशीर्वाद लेते हुए होली का पर्व मनाया गया, हरियाना रोड स्थित परंपरागत रूप से निकलने वाला जुलूस श्री काली माता के मंदिर से शुभारंभ हुआ, डीजे की धुनों पर नाचते गाते युवक गुलाल उड़ाते हुए चल रहे थे, रास्ते में जगह-जगह पुष्प बरसाकर गुलाल डालकर रंग बरसाकर जलूस चौपाई का स्वागत किया गया,नीचे से चौपाई में शामिल बड़ी-बड़ी पिचकारियों से रंग फेंक रहे लोगों पर रंग डाला जा रहा थाजुलूस अपने परंपरागत मार्गो से होता हुआ मोहल्ला कास्थान में पीपल के पेड़ के नीचे पर समाप्त हुआ, सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात रहा।



### मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा तथा स्वावलंबन के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के अंतर्गत गुरुवार को जनपद सम्भल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिसकर्मियों द्वारा चौपाल कार्यक्रम आयोजित कर बालिकाओं और महिलाओं को जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों तथा महिला संबंधी समस्याओं के निस्तारण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही महिलाओं को आत्मविश्वासी बनकर अपनी समस्याओं को खुलकर सामने रखने के लिए प्रेरित किया गया। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना तथा उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। पुलिस विभाग लगातार महिलाओं के साथ जुड़कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने और समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत है। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी अवगत कराया गया। इनमें वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन 102, एम्बुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। पुलिसकर्मियों ने मोबाइल पर इमरजेंसी कॉल और पैनिक बटन का डेमो भी दिखाया तथा पंपलेट वितरित कर जागरूक किया।

# नाले में मिला युवक का शव, नहीं मिली एंबुलेंस, तो ठेले से पोस्टमार्टम को भिजवाया गया शव

**मुरादाबाद।** शहर के मझोला थाना क्षेत्र के जयंतीपुर इलाके में गुरुवार को उस समय सनसनी फैल गई जब एक नाले में युवक का शव पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने नाले में शव देखे जाने की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सिविल लाइंस और मझोला थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को नाले से बाहर निकलवाया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर शव की पहचान कराने का काफी प्रयास किया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष के बीच बताई जा रही है। शव मिलने के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी और आसपास के क्षेत्रों में भी पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।घटना के दौरान एंबुलेंस समय पर उपलब्ध नहीं हो सकी, जिसके कारण पुलिस को शव को पोस्टमार्टम के लिए ठेला रिक्शा के माध्यम से भिजवाना पड़ा। युवक के शव को ठेला रिक्शा से भेजे जाने को लेकर क्षेत्र में लोगों के बीच काफी चर्चा होती रही। स्थानीय लोगों ने व्यवस्था पर सवाल भी उठाए।पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि युवक नाले में गिर गया होगा, जिससे उसकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस अन्य संभावित कारणों को भी ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

मझोला थाना पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आसपास के थानों को भी सूचना देकर पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। युवक की पहचान होने के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



# केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का जन्मदिन मनाया गया

**मुरादाबाद।** कृषि विज्ञान केंद्र ठाकुर द्वारा मुरादाबाद पर माननीय केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान जी के जन्मदिन को प्रेम सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर केंद्र पर उपस्थित सभी वैज्ञानिक एवं कर्मचारियों ने वृक्षारोपण का कार्य किया। वृक्षारोपण के फोटो को शिव वृक्ष मित्र पोर्टल पर अपलोड करके सर्टिफिकेट भी प्राप्त किए गए। केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉक्टर रविंद्र कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाना इस दुनिया की सबसे बड़ी सेवा है। इस अवसर पर केंद्र के वैज्ञानिक दीपक कुमार, अविनाश चौहान एवं केंद्र के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। केंद्र के अलावा स्वयम सहायता समूह से गार्गी चौहान भी उपस्थित रहीं। दुर्भाग्य से, मुझे इस घटना के बारे में अधिक जानकारी नहीं मिली। अगर आपको और जानकारी चाहिए, तो आप ऑनलाइन खोज करने की कोशिश कर सकते हैं।



# फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने टेम्पटीशन बेकरी के गोदाम में की छापामारी, एक्सपायरी प्रोडक्ट्स बरामद

**मुरादाबाद।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शहर में बड़ी कार्रवाई करते हुए टेम्पटीशन बेकरी एंड स्वीट्स के गोदाम और प्रतिष्ठान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम को भारी मात्रा में एक्सपायरी खाद्य सामग्री और संदिग्ध उत्पाद मिले, जिसके बाद विभाग ने सख्त कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने अचानक टेम्पटीशन बेकरी एंड स्वीट्स के गोदाम पर छापा मारा। जांच के दौरान गोदाम में बड़ी मात्रा में खाद्य सामग्री रखी मिली, जिनमें कई उत्पाद एक्सपायरी पाए गए। इसके अलावा वहां चिकन पाउडर भी बरामद हुआ, जिसे लेकर अधिकारियों ने गंभीर आपत्ति जताई है।छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने गोदाम और बेकरी परिसर की गहन जांच की। इस दौरान कई अनियमितताएं सामने आने के बाद टीम ने बेकरी सहित कई स्थानों को सीज कर दिया। विभागीय अधिकारियों ने मौके से एक दर्जन से अधिक खाद्य पदार्थों के सैंपल भी लिए हैं, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजने की तैयारी की जा रही है।फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि लैब रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि सैंपल जांच में खाद्य पदार्थ मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए तो संबंधित प्रतिष्ठान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।अधिकारियों ने बताया कि लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। इस कार्रवाई के बाद शहर के खाद्य कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।



# सौ साल पुरानी परंपरा के साथ छावड़ा गांव में लगा होली मेला

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव छावड़ा में होली महोत्सव के अवसर पर पारंपरिक मेले का आयोजन किया गया। ग्रामीणों के अनुसार यह मेला सौ वर्षों से भी अधिक समय से होली के मौके पर आयोजित होता आ रहा है और आज भी उसी उत्साह के साथ इसकी परंपरा कायम है। मेले में मीना बाजार, झूले, खेल-तमाशे और विभिन्न दुकानों ने लोगों का आकर्षण बढ़ाया। आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में लोग मेला देखने और आनंद लेने के लिए छावड़ा पहुंचे। मेले की संपूर्ण व्यवस्था स्थापित कमेटी के सदस्यों आलोक सिंह, अमन सिंह, अनूप, राजू, राजेन्द्र सहित अन्य ग्रामीणों द्वारा संभाली गई। होली के अवसर पर ढोल-मजीरों के साथ गांव में होली फेरी भी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। वहीं रात्रि के समय मेला परिसर में नौटंकी का आयोजन किया गया, जिसका ग्रामीणों ने देर रात तक आनंद लिया।

# जनता सेवक समाज मुरादाबाद ने मनाया होली मिलन समारोह और रोजा इफ्तार




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नता सेवक समाज मुरादाबाद की ओर से 69वां होली मिलन समारोह और रोजा इफ्तार का आयोजन सर्व धर्म संभव रूप में भांग वालों की धर्मशाला दरीबा पान मुरादाबाद पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिर्जा अरशद बेग सरदार गुरविंदर सिंह ने की। संचालन श्रीमती मनोरमा गुप्ता और श्री नीरज रस्तोगी ने संयुक्त रूप से किया। होली मिलन समारोह के उपलक्ष में विनय शर्मा, अरविंद किशोर, म रहमान, अतुल जौहरी, सुमित गुप्ता, मोहम्मद मजीद, पूनम गुप्ता, जुनैद एजाज एडवोकेट, डॉ दुर्गेश यादव, आदित्य जी एडवोकेट, विवेक अग्रवाल एडवोकेट, शकील खान, नीरज रस्तोगी, सूर्यांश गुप्ता, प्रदीप रस्तोगी, राजेंद्र मोहन शर्मा, दिव्यांश गुप्ता आदि ने संबोधित कर फूलों की होली खेली। इस अवसर पर सर्वधर्म समभाव का परिचय देते हुए रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। अंत में बार एसोसिएशन मुरादाबाद के नव निर्वाचित युवा महामंत्री श्री कपिल गुप्ता एडवोकेट को मिर्जा अरशद देख गुरविंदर सिंह जुनैद आजाद एडवोकेट सुभाष चंद्र गुप्ता ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम में अनु के आती रिक्त मुस्लिम कॉलेज के मैनेजर मुफ्ती मोहम्मद आजम साहब, फिरोज खान, बीके लक्ष्मी दीदी, श्री मुकुल अग्रवाल आदि ने अपना विशेष संबोधन दिया और होली के ऐतिहासिक परिचय करते हुए आम जनता से उसके अनुरूप कार्य करने का आह्वान किया।

# रंगों के उत्सव में सराबोर हुआ नगर, पूरे उत्साह से मनाई होली

**चन्दौसी।** नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को रंगों का त्योहार होली पूरे उत्साह, उमंग और परंपरागत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही लोगों में होली को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और रंग डालकर होली की शुभकामनाएं दीं। मोहल्लों और गलियों में रंग-गुलाल की बौछार के बीच लोग एक-दूसरे के घर पहुंचकर त्योहार की खुशियां साझा करते नजर आए। सुबह से ही युवाओं की टोलियां ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए होली खेलती रहीं। कई स्थानों पर पारंपरिक फाग और होली गीतों की धुन पर लोगों ने जमकर नृत्य किया। बच्चों ने पिचकारियों से रंग बरसाकर होली का आनंद लिया, जबकि युवाओं ने रंग और गुलाल से एक-दूसरे को सराबोर कर दिया। होली के अवसर पर लोगों ने अपने रिश्तेदारों, मित्रों और परिचितों के घर जाकर गुलाल लगाकर बधाई दी तथा मिठाइयां खिलाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। घरों में गुजिया, दही भल्ले, नमकीन और अन्य पारंपरिक व्यंजन बनाए गए, जिनका लोगों ने परिवार और मेहमानों के साथ आनंद लिया। नगर के बाजारों में भी होली को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। रंग, गुलाल, पिचकारी, टोपी, मुखौटे और मिठाइयों की दुकानों पर सुबह से ही भीड़ लगी रही। बच्चों और युवाओं ने जमकर रंग-गुलाल और पिचकारियों की खरीदारी की। कई सामाजिक संगठनों, मोहल्ला समितियों और संस्थाओं की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन भी किया गया, जहां लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर गले मिलते हुए भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। नगर के प्रमुख चौराहों, बाजारों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा तथा लगातार गश्त की जाती रही। दिनभर नगर रंगों में सराबोर रहा और हर ओर होली की मस्ती दिखाई दी। लोगों ने आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के साथ होली का पर्व मनाते हुए एक-दूसरे को गले लगाकर शुभकामनाएं दीं।

# युवक की गोली मारकर हत्या, नाबालिग साथी को पत्थर से किया अधमरा

**नई दिल्ली।** जहांगीरपुरी इलाके में बदमाशों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। जबकि उसके नाबालिग साथी पर पत्थर के बड़े टुकड़े मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हत्या और हत्या की कोशिश आदि धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी कब्जे में लिया है, जिसमें वारदात कैद हुई है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक मृतक युवक की पहचान भोला जबकि उसके घायल साथी की पहचान रेहान के रूप में हुई है। दोनों सी ब्लॉक जहांगीरपुरी इलाके में परिवार के साथ रहते थे।

हर्बल इम्यूनिटी बूस्टर
थकान, कमजोरी दूर करें,
अनेक रोगो से बचाए
1980 से प्रसिद्ध
एनर्जिक-31
स्वास्थ्यवर्धक कैप्सूल
amazon पर भी उपलब्ध है
फोन नं0 0591-3554385 E-mail:energic31@gmail.com

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 6 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## आफत का दौर

ईरान पर हुए अमेरिकी–इजरायली हमले को पश्चिमी देशों द्वारा तार्किक बताया जा रहा है। इस हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्ला खामेनेई तथा उनके परिजनों समेत कई लोगों की मौत को किसी भी तरह न्यायसंगत नहीं ठहराया जा सकता। यह समय वैश्विक कानून–व्यवस्था के भंग होने और अमेरिका के साम्राज्यवादी मंसूबों के सिरे चढ़ने का है। जब से ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति बने हैं, उन्होंने वैश्विक संप्रभुता और संयुक्त राष्ट्र समेत दुनिया की तमाम नियामक संस्थाओं को बेबस बना दिया है। वेनेजुएला में हमला करके राष्ट्रपति निकोलेस मादुरो को गिरफ्तार करके अमेरिका ले जाने के बाद अब खामेनेई की परिवार समेत हत्या ने दर्शा दिया है कि दुनिया फिर जंगल–राज की तरफ बढ़ रही है। शक्ति बंदूक की नोक से निकलती दिख रही है। छोटे राष्ट्रों की संप्रभुता संकट में है। यूक्रेन पर रूसी आक्रमण, वेनेजुएला व ईरान पर अमेरिकी हमला बता रहा है कि आने वाले दिनों में ताइवान जैसे अन्य संकटग्रस्त देशों के सामने अस्तित्व बनाए रखने की चुनौती होगी। पूरी दुनिया में आपूर्ति श्रंखला में आए व्यवधान तथा ट्रंप के टैरिफ आतंकवाद से दुनिया की अर्थव्यवस्था पहले ही चरमरा रही है। रोजगार के अवसर कम हुए हैं और लोगों को भारी महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। ईरान पर अमेरिका–इजरायल के हमले की प्रतिक्रिया मध्यपूर्व के अलावा पश्चिमी देशों में आने वाले समय में दिखाई देगी। जिसकी असली कीमत मानवता को ही चुकानी होगी। निःसंदेह, आने वाले दिनों में भारत को ईरान–अमेरिकी संघर्ष की कीमत चुकानी होगी। इससे भारत की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। भारत के लिए मुश्किल यह भी है कि ईरान पर हमला प्रधानमंत्री की इजरायल यात्रा के तुरंत बाद हुआ है, जिससे भारत के लिए मध्यपूर्व को लेकर विदेश नीति में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। इसका सीधा असर भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। इससे हार्मुज स्ट्रेट रूट से भारत को होने वाली कच्चे तेल की आपूर्ति में बाधा उत्पन्न होगी। वहीं दूसरी ओर मध्यपूर्व में कार्यरत नब्बे लाख से अधिक भारतीयों पर प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रभाव पड़ेगा और उनके द्वारा भारत भेजी जाने वाली धनराशि भी प्रभावित होगी। भारत द्वारा आयातित कच्चे तेल की पचास फीसदी आपूर्ति होर्मुज स्ट्रेट रूट से होती है। रूसी तेल खरीदने पर अमेरिकी दबाव के चलते भी इस रूट से भारतीय आपूर्ति बढ़ी है। इस क्षेत्र में तनाव बढ़ने का सीधा असर भारत में कच्चे तेलों के दामों पर पड़ेगा। भविष्य में भारतीयों को तेल कीमतों में वृद्धि का सामना करना पड़ेगा। वहीं लाल सागर से होने वाली तेल आपूर्ति भी ईरान समर्थक हूती विद्रोहियों की धमकी से प्रभावित होगी। कूटनीतिक स्तर पर भी भारत को असहज स्थिति का सामना करना पड़ेगा। भारत इस समय ग्लोबल साउथ के नेतृत्व का दावा करता है और फिलहाल ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है, ईरान भी पिछले साल ब्रिक्स का सदस्य बन चुका है। ऐसे में क्या भारत इस हमले का विरोध करने की स्थिति में है? भारत ईरान से पुराने संबंधों के चलते क्या अमेरिका से दूरी बना सकता है।

## यह एक और विश्व युद्ध का कारण...



अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहा संघर्ष पर चिंता का सबब बनता जा रहा है, अगर स्थिति को सावधानीपूर्वक नहीं संभाला गया, तो बढ़ते तनाव से एक व्यापक वैश्विक संघर्ष भी शुरू हो सकता है, केंद्र सरकार को इस मामले पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए, क्योंकि इसी तरह के हस्तक्षेप अन्य देशों में भी हो चुके हैं, वैश्विक स्तर पर वर्तमान संघर्ष के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं और अगर तनाव बढ़ता रहा ,तो यह एक और विश्व युद्ध का कारण बन सकता है, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय तनाव कम करने की दिशा में काम करे, अमेरिका द्वारा संप्रभु देश ईरान पर हमला करना गलत है।

**–डा. फारूक अब्दुल्ला, पूर्व मुख्यमंत्री, जम्मू–कश्मीर**

# बंद होते हवाई अड्डे, हवा हवाई होती हवाई चप्पल वालों की हवाई यात्रा






**निर्मल रानी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 में सूरत में पहली बार कहा था कि सरकार का लक्ष्य है कि श्हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई यात्रा करेश। मोदी ने अक्टूबर 2025 में नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट उद्घाटन पर भी यही दोहराया कि 2014 से उनका सपना था कि श्हवाई चप्पल वाला भी हवाई सफर करेश। बेशक प्रधानमंत्री का यह वक्तव्य गरीबों को हवाई यात्रा मुहैया कराने की सोच को दर्शाता है। इसी मकसद से ष्उड़ानष योजना की शुरुआत की गई थी।श्न्क।छ अर्थात उड़े देश का आम नागरिक। इस योजना का उद्देश्य छोटे शहरों, टियर–2 और टियर–3 इलाकों को हवाई संपर्क से जोड़ना और हवाई यात्रा को सस्ता बनाना था।

आंकड़ों के मुताबिक 2014 में भारत में लगभग 74 सक्रिय हवाई अड्डे थे जिनकी संख्या 2026 के प्रारंभ तक बढ़कर 160–162 तक हो गई। इनमें से उड़ान योजना के अंतर्गत एयरपोर्ट, हेलीपोर्ट और वॉटर एयरोड्रोम सहित 93 हवाई अड्डे या तो नए विकसित किए गए या फिर उन्हें पुनर्जीवित किया गया। इनमें से अधिकांश नए या अपग्रेडेड हवाई अड्डे देश के अनेक छोटे शहरों में हैं। गोया कुल मिलाकर गत 10–12 वर्षों में 90 से अधिक नए अथवा सक्रिय हवाई अड्डे जोड़े गए हैं। बताया जा रहा है कि सरकार का लक्ष्य 2047 तक देश भर में 400 से अधिक हवाई अड्डे बनाना है ताकि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई यात्रा कर सके अर्थात गरीबों का सस्ती हवाई यात्रा का सपना साकार किया जा सके परंतु पिछले दिनों देश के केवल एक ही राज्य उत्तर प्रदेश से प्राप्त खबरों के अनुसार 2021 के बाद श्उड़ान योजनाश के अंतर्गत शुरू किए गए 7 नए हवाई अड्डों में से 6 पर नियमित कामर्शियल उड़ानें बंद हो चुकी हैं।

धार्मिक पर्यटन के चलते इस समय केवल अयोध्या स्थित महर्षि बाल्मीकि अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा ही सक्रिय है। हालांकि अयोध्या का यह हवाई अड्डा भी आधिकारिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा तो जरूर घोषित किया गया है परन्तु अंतर्राष्ट्रीय शब्द केवल नाम तक ही सीमित है। वास्तव में अयोध्या का यह महर्षि बाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा वर्तमान में केवल भारत के भीतर सीमित घरेलू उड़ानें ही संचालित करता है और अभी तक किसी दूसरे देश के लिए यहां से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें शुरू नहीं हुई हैं। अलबत्ता यहां से संचालित कुछ स्वदेशी मार्गों जैसे कोलकाता, पटना आदि की उड़ानें भी अस्थाई रूप से बंद जरूर हो चुकी हैं। केवल उत्तर प्रदेश देश में जिन हवाई अड्डों से उड़ानों का संचालन फिलहाल बंद हो चुका है उनमें कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट,आजमगढ़ एयरपोर्ट, चित्रकूट एयरपोर्ट, श्रावस्ती एयरपोर्ट, मुरादाबाद एयरपोर्ट तथा अलीगढ़ एयरपोर्ट के नाम उल्लेखनीय हैं। इसी तरह पंजाब में पठानकोट व लुधियाना, सिक्किम में पेक्यांग,गुजरात के भावनगर,छत्तीसगढ़ का अंबिकापुर, ओड़ीसा का राउरकेला,मध्य प्रदेश का दतिया, कर्नाटक का कलबुर्गी व हिमाचल के शिमला के हवाई अड्डों के बंद होने की खबरें हैं। सैकड़ों करोड़ की लागत से बनाए गए यह हवाई अड्डे कहीं कम पैसेंजर ट्रैफिक के कारण अर्थात यात्रियों की कमी के चलते बंद करने पड़े तो कहीं खराब .श्यता , इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम की कमी या एयरलाइंस कंपनियों की संचालन में रुचि न होने के कारण बंद करने पड़े। कहीं पास के बड़े हवाई अड्डों के कारण यात्री न मिलने की वजह से बंद कर दिए गए तो कुछ तकनीकी व इंफ्रास्ट्रक्चर समस्याओं जैसे छोटे एयरपोर्ट पर हैंगर, फ्यूल, स्टाफ की कमी के कारण भी बंद हुए।

एक अनुमान के अनुसार UDAN के अंतर्गत बिना किसी उड़ान के ही इन 15 नॉन–ऑपरेशनल एयरपोर्ट्स के रखरखाव और सिक्योरिटी पर पिछले 8 वर्षों में लगभग 878–900 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हुए हैं जबकि कुल न्क।छ एयरपोर्ट्स के विकास पर 4,600 करोड़ से भी अधिक खर्च होने का अनुमान है। परन्तु सरकार को इससे कोई लाभ नहीं हुआ। इसी तरह एयर पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इण्डिया ।।प्के 81 एयरपोर्ट्स पर पिछले 10 वर्षों में 10,853 करोड़ के कुल घाटे का अनुमान है। कहना गलत नहीं होगा कि इससे योजना की सफलता पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या बंद होने वाले हवाई अड्डों या घाटे में चलने वाले हवाई अड्डों को शुरू करते समय या इनकी योजना बनाते वक्त क्या इस बात का सही आंकलन नहीं किया गया कि यह हवाई अड्डे भविष्य में सुचारु रूप से संचालित हो सकेंगे या नहीं? क्या वजह है कि कल की यह लोकलुभावन योजनाएं आज मात्र श्सफेद हाथी श बनकर रह गई हैं ? एक सवाल यह भी है कि हवाई चप्पल वाले हवाई यात्रा करें जैसी लोकलुभावन बातें कर इस तरह की योजनाएं केवल चुनावी लाभ लेने के कारण बनाई गई थीं? साथ ही एक सवाल यह भी कि जिस देश में रेल व बस जैसी सार्वजनिक परिवहन व्यवस्थाओं में सुधार की भारी जरूरत हो,जहां अभी तक ट्रेन में यात्रियों को समय पर आरक्षित सीटें उपलब्ध न हो पाती हों,हद तो यह है कि अनेक दूरगामी ट्रेन्स में पैर रखने,खड़े होने यहां तक कि यात्रियों के डिब्बों में घुस पाने तक की जगह न मिल पाती हो, जहां आज भी यात्री ट्रेन्स में लटककर और अपनी जान को जोखिम में डालकर यात्रा करने को मजबूर हों वहां इस तरह की शर्मसार कर देने वाली सार्वजनिक परिवहन व्यवस्थाओं में सुधार करने व इन्हें व्यवस्थित करने के बजाए ऐसे नए हवाई अड्डे बनाना जोकि शीघ्र ही बंद भी करने पड़ जाएं,क्या ऐसा कदम जनता के पैसों की बर्बादी नहीं है ? इन सबके अतिरिक्त यह भी माना जा रहा है कि बिना जरुरत के नए हवाई अड्डे शुरू करने के पीछे का एक मकसद इनके संचालन से सत्ता के नजदीकी समझे जाने वाले उद्योगपतियों व कार्पोरेट्स को आर्थिक लाभ पहुंचाना भी है।

बहरहाल देश में लगातार बंद होते जा रहे नव सांचालित हवाई अड्डे इस निष्कर्ष पर तो पहुंचने के लिए काफी हैं कि हवाई चप्पल वालों को हवाई यात्रा करने का जो लोकलुभावन ढिंढोरा पीटा जा रहा था वह फिलहाल हवा हवाई साबित होता जा रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# तंत्रिकाएं करती हैं खास ट्यूमर की मदद

**जिन कैंसर कोशिकाओं से तंत्रिकाएं नदारद होती हैं, उनकी सामान्य प्रक्रियाएं गड़बड़ हो जाती हैं। साउथ अलाबामा विश्वविद्यालय के साइमन ग्रेलेट ने सोचा कि कहीं उधार के माइटोकॉण्ड्रिया का स्रोत कट जाने का तो यह परिणाम नहीं है। ग्रेलेट, आयला और उनके दल ने देखा कि तश्तरियों में रखने पर स्तन कैंसर की कोशिकाओं और तंत्रिका कोशिकाओं के बीच सेतु बनने लगते हैं। जब उन्होंने तंत्रिकाओं के माइटोकॉण्ड्रिया को एक हरे प्रोटीन की मदद से शिनाख्त योग्य बना दिया तो देखा गया कि यह उपांग सेतुओं के जरिए कैंसर कोशिकाओं में जा रहे हैं।**

हाल में किए गए एक अध्ययन से उजागर हुआ है कि कुछ कैंसर कोशिकाएं अपनी पड़ोसी स्वस्थ कोशिकाओं की मदद से अधिक विनाशकारी शक्ति हासिल कर लेती हैं। एक अनुसंधान दल ने पाया है कि तंत्रिकाएं अपनी पड़ोस की मैलिग्नेंट (दुर्दम) कोशिकाओं को अपना माइटोकॉण्ड्रिया दान दे देती हैं।

गौरतलब है कि माइटोकॉण्ड्रिया कोशिकाओं का एक उपांग होता है जो कोशिकाओं के कामकाज के लिए जरूरी ऊर्जा उपलब्ध कराता है। यह अवलोकन इस बात की व्याख्या कर देता है कि क्यों तंत्रिकाओं की उपस्थिति में ट्यूमर ज्यादा तेजी से बढ़ते हैं और तो और कैंसर कोशिकाओं को अतिरिक्त माइटोकॉण्ड्रिया मिल जाने पर उनकी शरीर के अन्य हिस्सों में फैलने (मेटास्टेसिस) की क्षमता भी बढ़ जाती है।

पहले माना जाता था कि कोशिकाएं अपने माइटोकॉण्ड्रिया सहेजकर रखती हैं, लेकिन पिछले 20 वर्षों में हुए अध्ययनों से स्पष्ट हुआ है कि कोशिकाएं इन उपांगों का खूब लेन–देन करती हैं। कैंसर कोशिकाएं दाता भी हो सकती हैं और प्राप्तकर्ता भी। जैसे, हाल ही में जापान के शोधकर्ताओं ने बताया था कि कैंसर कोशिकाएं और प्रतिरक्षा टी–कोशिकाएं कभी–कभी माइटोकॉण्ड्रिया का विनिमय करती हैं। इस दौरान, कैंसर कोशिकाएं अपने दोषपूर्ण उपांग टी–कोशिकाओं को देकर उन्हें कमजोर भी कर सकती हैं। कुछ सर्वथा अलग तरह के अध्ययनों में पता चला है कि तंत्रिकाएं अपने आसपास के ट्यूमर्स की वृद्धि को बढ़ावा देती हैं। उदाहरण के लिए टेक्सास हेल्थ साइन्स सेंटर के गुस्तावो आयला की टीम ने देखा था कि जब प्रयोगशाला के जंतुओं की प्रोस्टेट ग्रंथि को पहुंचने वाली तंत्रिकाओं को काट दिया गया या बोटॉक्स इंजेक्शन देकर खामोश कर दिया गया, तो प्रोस्टेट कैंसर सिकुड़ गया। ट्यूमर–ग्रस्त मनुष्यों में भी बोटॉक्स इंजेक्शन देने पर कैंसर कोशिकाओं की मृत्यु दर बढ़ गई थी।

यह भी पता चला है कि जिन कैंसर कोशिकाओं से तंत्रिकाएं नदारद होती हैं, उनकी सामान्य प्रक्रियाएं गड़बड़ हो जाती हैं। साउथ अलाबामा विश्वविद्यालय के साइमन ग्रेलेट ने सोचा कि कहीं उधार के माइटोकॉण्ड्रिया का स्रोत कट जाने का तो यह परिणाम नहीं है। ग्रेलेट, आयला और उनके दल ने देखा कि तश्तरियों में रखने पर स्तन कैंसर की कोशिकाओं और तंत्रिका कोशिकाओं के बीच सेतु बनने लगते हैं। जब उन्होंने तंत्रिकाओं के माइटोकॉण्ड्रिया को एक हरे प्रोटीन की मदद से शिनाख्त योग्य बना दिया तो देखा गया कि यह उपांग सेतुओं के जरिए कैंसर कोशिकाओं में जा रहे हैं।

शोधकर्ताओं ने यह भी दर्शाया कि यदि माइटोकॉण्ड्रिया रहित कैंसर कोशिकाएं तैयार करके उन्हें यह उपांग बाहर से दिया जाए तो कैंसर कोशिकाओं को बढ़ावा मिलता है। ऐसी माइटोकॉण्ट्रिया रहित कोशिकाएं विभाजित नहीं होतीं और उनकी ऑक्सीजन खपत भी कम रहती है, लेकिन जब इन्हें तंत्रिका कोशिकाओं के साथ रखा गया, तो 5 दिन में इनकी चयापचय क्रियाएं बहाल हो गईं और इनमें विभाजन भी होने लगा। शायद पड़ोसियों से मिले माइटोकॉण्ड्रिया के दम पर। इसी प्रयोग को आगे करने पर पता चला कि यह असर लंबे समय के लिए होता है। शोधकर्ताओं ने यह जांच भी की कि क्या ऐसी पुनः सक्रिय हुई कैंसर कोशिकाओं के अन्य स्थानों/अंगों में फैलने (मेटास्टेसिस) की संभावना भी ज्यादा होती है।

इसकी जांच करने के लिए उन्होंने चूहों की तंत्रिका व कैंसर कोशिकाओं को साथ–साथ रखकर विकसित किया और फिर उन्हें मादा चूहे के उदर की वसा में डाल दिया। देखा गया पेट में ट्यूमर बना और जल्दी ही वह फेफड़ों तथा मस्तिष्क में फैल गया। यह भी देखा गया कि मूल ट्यूमर में तो मात्र 5 प्रतिशत कोशिकाओं ने तंत्रिकाओं से माइटोकॉण्ड्रिया हासिल किए थे लेकिन फेफड़े में पहुंची 27 प्रतिशत तथा मस्तिष्क में पहुंची 46 प्रतिशत कैंसर कोशिकाओं में आयातित माइट्कॉण्ड्रिया थे अर्थात आयातित माइटोकॉण्ड्रिया मेटास्टेसिस को बढ़ावा देते हैं। जब प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित व्यक्तियों के ट्यूमर की कोशिकाओं का विश्लेषण किया गया तो पता चला कि तंत्रिकाओं के नजदीक की कोशिकाओं में ज्यादा माइटोकॉण्ड्रिया थे।

यह अनुसंधान कैंसर से निपटने का एक सर्वथा नया रास्ता सुझाता है। शोधकर्ता कहते हैं कि कैंसर से निपटने के लिए उसके आसपास की तंत्रिकाओं पर ध्यान देना उपयोगी होगा।

# कैरियर पिजन सर्विस : संचार का प्राचीन तरीका




**रजनीश कपूर**

आज के डिजिटल युग में जहां व्हाट्सएप, वीडियो कॉल, इंटरनेट और सैटेलाइट फोन से पल भर में संदेश दुनिया के किसी भी कोने में पहुंच जाते हैं, वहां एक प्राचीन संचार माध्यम अभी भी जीवित है . 'कैरियर पिजन सर्विस'। यह कोई काल्पनिक कहानी नहीं, बल्कि वास्तविकता है। ओडिशा पुलिस की कैरियर पिजन सर्विस दुनिया की एकमात्र ऐसी पुलिस फोर्स है जो इस विरासत को आज भी संरक्षित रखे हुए है। यह सेवा न सिर्फ इतिहास की याद दिलाती है, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं में जब आधुनिक संचार व्यवस्था ध्वस्त हो जाती है, तब एक विश्वसनीय बैकअप के रूप में काम आती है। एक ऐसा माध्यम जो हजारों वर्षों से मानव सभ्यता का अभिन्न अंग रहा है।

'कैरियर पिजन' या 'होमिंग पिजन' का इतिहास प्राचीन काल से जुड़ा है। मिस्र में लगभग 3000 ईसा पूर्व से ही कबूतरों को संदेशवाहक के रूप में इस्तेमाल किया जाता था। फारस, यूनान और रोमन साम्राज्य में इनकी व्यापक उपयोगिता थी। यूनानियों ने ओलंपिक खेलों के परिणाम इन कबूतरों के जरिए शहर–दर–शहर पहुंचाए। चंगेज खान ने अपने विशाल साम्राज्य में 'पिजन नेटवर्क' स्थापित किया। मध्यकाल में यूरोप के युद्धों और मध्य पूर्व के व्यापारियों ने इनका सहारा लिया। भारत में भी यह परंपरा बहुत पुरानी है। चंद्रगुप्त मौर्य के काल में फारसी प्रभाव से 'पिजन पोस्ट' शुरू हुई थी। मुगल और ब्रिटिश काल में पुलिस और सेना दोनों ने इसका इस्तेमाल किया। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध में 'कैरियर पिजनों' ने जान भी बचाई, फ्रांस में श्चेर आमीश नामक कबूतर ने 194 अमेरिकी सैनिकों की जान बचाई थी। भारत में भी ब्रिटिश काल से पुलिस स्टेशनों के बीच संचार के लिए 'पिजन सर्विस' चली आ रही थी, लेकिन आज की बात करें तो ओडिशा पुलिस की यह सेवा अनूठी है। 1946 में, द्वितीय विश्व युद्ध के ठीक बाद, ओडिशा पुलिस ने इसे शुरू किया। सबसे पहले नक्सल प्रभावित कोरापुट जिले में प्रयोग किया गया। धीरे–धीरे यह 38 स्थानों द्धजिलों, सब–डिवीजनों, सर्कलों और पुलिस स्टेशनोंऋ तक फैल गई। इस सेवा के चरम पर 19 'पिजन लॉफ्ट' सक्रिय थे, जहां 1500 से अधिक प्रशिक्षित कबूतर तैनात थे। हर लॉफ्ट पर एक इंस्पेक्टर, तीन सब–इंस्पेक्टर, एक सहायक सब–इंस्पेक्टर और 35 कांस्टेबल तैनात थे। यह सेवा न सिर्फ सामान्य संचार, बल्कि चुनावों और आपदाओं में भी काम आई। 1976–77 के चुनावों और 1982 के 'फ्लैश फ्लड्स' में जब सड़कें–ब्रिज बह गए और वायरलेस–टेलीफोन फेल हो गए, तब इन कबूतरों ने सरकारी संदेश पहुंचाए।

सबसे रोचक घटना 13 अप्रैल 1948 की है। तब भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू संबलपुर, ओडिशा में थे। उन्हें 265 किलोमीटर दूरकटक में तत्काल निर्देश भेजने थे, सुबह 6 बजे नेहरू का हस्तलिखित संदेश लेकर एक 'कैरियर पिजन' उड़ा। ठीक 11रू20 पर, यानी महज 5 घंटे 20 मिनट में, वह कटक पहुंच गया। जब नेहरू खुद कटक पहुंचे तो अपना मूल संदेश और वही कबूतर देखकर दंग रह गए, वे हैरान और प्रसन्न थे। यह घटना ओडिशा पुलिस की 'पिजन सर्विस' की विश्वसनीयता का जीवंत प्रमाण है।



1954 में दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय डाक प्रदर्शनी में इन कबूतरों का प्रदर्शन किया गया। 1989 में तत्कालीन राष्ट्रपति आर। वेंकटरामन जब कटक आए तो इन कबूतरों को देखकर मुग्ध हो गए। 1999 के 'सुपर साइक्लोन' में जब तटीय इलाकों में संचार लाइनें पूरी तरह ठप हो गईं, तब इन कबूतरों ने लाज रखी। इनकी गति औसतन 55 से 80 किलोमीटर प्रति घंटा होती है। ए एक बार में 400–500 किलोमीटर उड़ने की क्षमता रखते हैं। 'बेल्जियन होमर' नस्ल के ए कबूतर चुंबकीय क्षेत्र का पता लगाकर अपने घोंसले तक आसानी से पहुंच जाते हैं। 2008 में आधुनिक संचार के चलते इसे औपचारिक रूप से बंद कर दिया गया। लेकिन ओडिशा पुलिस ने इसे पूरी तरह खत्म नहीं होने दिया। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के आदेश पर दो 'लॉफ्ट'अभी भी बरकरार रखे गए, एक कटक में ओडिशा पुलिस मुख्यालय पर 105 'बेल्जियन होमर पिजन' और दूसरा अंगुल के पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज पर 44 पिजन। कुल लगभग 150 प्रशिक्षित कबूतर आज भी सेवा में हैं। अब इन्हें सिर्फ सांस्कृतिक और औपचारिक उपयोग के लिए रखा गया है। ए कबूतर गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस की परेड में शांति, प्रेम और स्वतंत्रता का संदेश लेकर उड़ते हैं। हाल ही में भुवनेश्वर में 25 कबूतरों ने 30 किलोमीटर की दूरी मात्र 29 मिनट में तय की। आज जब साइबर हमले, प्राकृतिक आपदाएं और इमरजेंसी में मोबाइल नेटवर्क फेल हो जाते हैं, तब यह सेवा सिर्फ विरासत नहीं, बल्कि सुरक्षा की गारंटी है। ओडिशा पुलिस के स्पेशल डीजी द्धकम्युनिकेशंसत्रऋ अरुण रे के अनुसार, ह्यह भारत का सबसे अच्छा रखा गया राज है। गौरतलब है कि सीएजी ने इसकी लागत पर आपत्ति जताई थी, लेकिन मुख्यमंत्री ने साफ कहा, हविरासत को बचाओ। यह सेवा हमें सिखाती है कि प्रगति का मतलब पुरानी चीजों को फेंकना नहीं, बल्कि उन्हें संभालकर रखना है। आज युवा पीढ़ी स्मार्टफोन पर जीती है, लेकिन जब वे इन कबूतरों को उड़ते देखते हैं तो इतिहास जीवंत हो उठता है। ऐसे में यदि स्कूलों–कॉलेजों व अन्य कार्यकर्मों में इनका प्रदर्शन करवाया जाए, तो न सिर्फ नई पीढ़ी को बरसों पुरानी विरासत जानने का मौका मिलेगा बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिले। ड्रोन और सैटेलाइट के युग में भी ए पंख वाले डाकिया हमें याद दिलाते हैं कि प्रकृति की शक्ति आज भी अजेय है। ओडिशा पुलिस की यह पहल दुनिया के लिए मिसाल है। अमेरिका, यूरोप या एशिया की कोई अन्य पुलिस फोर्स आज ऐसा नहीं कर रही। यह सिर्फ ओडिशा का गौरव नहीं, बल्कि पूरे भारत की सांस्कृतिक विरासत है। हमें इसे और मजबूत करना चाहिए। ज्यादा 'लॉफ्ट', ज्यादा प्रशिक्षण, ज्यादा जागरूकता किया जाए। क्योंकि संचार सिर्फ तकनीक नहीं, बल्कि विश्वास और विश्वसनीयता का मामला है। जब आधुनिक दुनिया इंस्टेंट मैसेजिंग पर निर्भर है, तब यह उड़नहार संदेशवाहक हमें सिखाते हैं कुछ चीजें कभी पुरानी नहीं होतीं, वे सिर्फ विरासत बन जाती हैं। ओडिशा पुलिस की 'कैरियर पिजन सर्विस' इसी विरासत का जीवंत प्रतीक है। इसे बचाए रखना हमारी जिम्मेदारी है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इन पंखों की उड़ान में इतिहास को महसूस कर सकें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



काठमांडू। संसदीय चुनाव के लिए वोट डालने के लिए कतार में इंतजार करते लोग।

# अमेरिका ने डूम्सडे बैलिस्टिक मिसाइल का किया परीक्षण



■ यह हिरोशिमा पर गिराए गए परमाणु बम से 20 गुना ज्यादा शक्तिशाली परमाणु हथियार ले जाने की क्षमता रखती है

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच अमेरिका ने मंगलवार रात कैलिफोर्निया तट पर अपनी 'डूम्सडे' बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। 'मिनटमैन III' नाम की यह मिसाइल बेहद घातक है।

यह हिरोशिमा पर गिराए गए परमाणु बम से 20 गुना ज्यादा शक्तिशाली परमाणु हथियार ले जाने की क्षमता रखती है। इसे सांता बारबरा के पास वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस से रात 11 बजे लान्च किया गया। अमेरिकी स्पेस फोर्स ने जानकारी दी कि 'जीटी 254' नाम का यह राकेट बिना किसी हथियार के छोड़ा गया था। इसने प्रशांत महासागर में मार्शल आइलैंड्स के पास अपने तय लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाया। एयर फोर्स ग्लोबल स्ट्राइक कमांड ने बताया कि इस मिसाइल को इसकी सटीकता और तैयारी को परखने के लिए दागा गया था। 576वें फ्लाइट टेस्ट स्क्वाड्रन के कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल कैरी रे ने एक प्रेस रिलीज में कहा कि इस टेस्ट से मिसाइल सिस्टम के अलग-अलग हिस्सों की कार्यक्षमता का अंदाजा लगाने में मदद मिली। उन्होंने बताया कि ऐसे परीक्षणों से देश की परमाणु शक्ति के जमीनी हिस्से को और भी मजबूत और तैयार रखा जा सकता है। यह परीक्षण ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका और इजरायल ने हाल ही में ईरान पर हमला किया था। उस हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई थी, जिससे पूरे इलाके में जंग छिड़ गई है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान पर हमले तेज करने चेतावनी दी है और कहा है कि एक बड़ा हमला होने वाला है। हालांकि, एयर फोर्स ग्लोबल स्ट्राइक कमांड ने यह भी साफ किया कि मंगलवार का यह परीक्षण रूटीन था और इसकी योजना वर्षों पहले ही बना ली गई थी।

## रिपब्लिकन सांसदों ने खारिज किया जंग रोकने वाला प्रस्ताव

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट में बुधवार को एक महत्वपूर्ण मतदान में रिपब्लिकन सांसदों ने उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया जिसका उद्देश्य राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ईरान के खिलाफ चल रहे युद्ध को रोकना था। यह प्रस्ताव 47 के मुकाबले 53 वोटों से गिर गया। यह प्रस्ताव श्वार पावर्स रेजोल्यूशनश के रूप में पेश किया गया था, जिसके तहत आगे किसी भी सैन्य कार्रवाई से पहले कांग्रेस की मंजूरी अनिवार्य करने की मांग की गई थी। वोटिंग लगभग पार्टी लाइन के अनुसार हुई, हालांकि कुछ सांसदों ने अलग रुख भी अपनाया। रिपब्लिकन सीनेटर रैंड पाल ने प्रस्ताव का समर्थन किया, जबकि डेमोक्रेटिक सीनेटर जान फेटरमैन ने इसके खिलाफ वोट दिया। मतदान से पहले सीनेट में माहौल काफी गंभीर रहा। कई डेमोक्रेटिक सांसद अपनी सीटों पर बैठे रहे और पूरे समय बहस में शामिल रहे। सीनेट में डेमोक्रेटिक नेता चक शूमर ने कहा कि यह वोट तय करेगा कि सांसद अमेरिकी जनता के साथ खड़े हैं या ट्रम्प प्रशासन के साथ। उनके मुताबिक अमेरिका के लोग मध्य पूर्व के लंबे युद्धों से थक चुके हैं और अब एक और बड़े युद्ध की जरूरत नहीं है। रिपब्लिकन सांसदों ने डेमोक्रेट्स के आरोपों को खारिज किया। रिपब्लिकन नेता जान बरासो ने कहा कि डेमोक्रेट्स ट्रम्प का विरोध करने में ज्यादा रुचि रखते हैं, जबकि असली मुद्दा ईरान के परमाणु कार्यक्रम को खत्म करना है।

## खाड़ी देशों को वायु रक्षा सहायता देने की योजना बना रहा है इटली

**रोम।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने गुरुवार को कहा कि वह ईरानी हमलों को देखते हुए खाड़ी देशों को वायु रक्षा सहायता भेजने पर विचार कर रही हैं। सुमेलोनी ने रेडियो स्टेशन आरटीएल 102.5 के साथ बातचीत में कहा कि ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी की तरह इटली भी खाड़ी देशों को रक्षा एवं वायु रक्षा के क्षेत्र में सहायता भेजने पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा सिर्फ इसलिए नहीं है क्योंकि उनके साथ हमारे संबंध मैत्रीपूर्ण हैं, बल्कि इसलिए भी है क्योंकि इस क्षेत्र में हजारों इतालवी लोग रहते हैं और दो हजार इतालवी सैनिक वहां तैनात हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान से 200 अफगान कैदी रिहा होकर स्वदेश पहुंचे

**काबुल।** पाकिस्तान के हिरासत केंद्रों में बंद 200 अफगान कैदियों के समूह को पिछले सप्ताह रिहा कर दिए जाने के बाद स्वदेश वापस लाया गया है। अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने गुरुवार को कहा यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार विभिन्न आरोपों में एक दिन से लेकर दो महीने तक पाकिस्तान के कई जेलों में बंद कैदी दक्षिणी कंधार प्रांत के स्पिन बोल्डक सीमा के माध्यम से अफगानिस्तान पहुंचे। इन लोगों को उनके गृह क्षेत्रों में भेजने से पहले उनकी बुनियादी जरूरतों के लिए त्वरित सहायता प्रदान की गई।

### खदान ढहने से 200 से ज्यादा लोगों की मौत: अधिकारी

**किशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में मंगलवार को एक खदान के ढहने से 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। डीआरसी सरकार ने बुधवार को यह जानकारी दी। डीआरसी के खनन मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, यह घटना नॉर्थ किवु प्रांत में रुबाया खदान पर हुई, जो कोल्टन संसाधन के लिए जानी जाती है। यह दुर्घटना बहुत ज्यादा भारी बारिश के कारण हुई। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार इस हादसे में करीब 70 नाबालिगों सहित 200 से ज्यादा लोगों की जान चली गई।

### चीन का प्रमुख एआई उद्योग 2025 में लगभग 173.9 अरब डॉलर रहा

**बीजिंग।** चीन के प्रमुख आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उद्योग का मूल्य 2025 में 1-2 लाख करोड़ युआन (लगभग 173.9 अरब डॉलर) से अधिक रहा। उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ली लेचेंग ने गुरुवार को नेशनल पीपल्स कांग्रेस (संसद) के वार्षिक सत्र से इतर बताया कि पिछले साल देश में एआई कंपनियों की संख्या 6200 से अधिक हो गई।

### ईरानी युद्धपोत पर श्रीलंका में हमले को लेकर तेहरान के तेवर उग्र

# अमेरिका को होगा डेना पर हमले का पछतावा: अराघची

**तेहरान/कोलंबो।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका को भारतीय नौसेना की मेहमान युद्धपोत डेना पर हमला करने का बहुत पछतावा होने वाला है। अराघची ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि अमेरिका ने ईरान के तट से 2000 मील दूर समंदर में एक क्रूर कृत्य को अंजाम दिया है। उन्होंने कहा कि करीब 130 नौसैनिकों के साथ भारतीय नौसेना की मेहमान फ्रिगेट डेना पर बिना चेतावनी के अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में हमला किया गया। मेरे शब्द लिख लो, अमेरिका को अपने इस कृत्य पर बहुत पछतावा होगा। उल्लेखनीय है कि अमेरिका की एक पनडुब्बी ने युद्धपोत डेना पर तारपीडो से हमला किया, जिससे वह समंदर की सतह में डूब गई। श्रीलंकाई मीडिया के अनुसार, जब युद्धपोत पर हमला हुआ तब वह एक पूर्वी भारतीय बंदरगाह से ईरान लौट रहा था। उल्लेखनीय है कि आइरिस डेना ने भारत की 'मिलन' नौसैनिक अभ्यास में हिस्सा लिया था। श्रीलंका के उप विदेश मंत्री अरुण हेमचंद्र ने कहा कि देश के दक्षिणी तट पर अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा ईरानी युद्धपोत पर किए गए हमले के बाद कम से कम 80 लोग मारे गए। वहीं श्रीलंका के मुख्य सरकारी सचेतक नलिडा जयतिस्सा ने गुरुवार को कहा कि श्रीलंका के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में ईरान का एक और जहाज है। डेली मिरर की एक रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने यह बात विपक्ष के नेता सजित प्रेमदासा के उठाए गए एक सवाल का जवाब देते हुए कही कि क्या सरकार को श्रीलंका के जलक्षेत्र में एक और ईरानी जहाज के होने की जानकारी है। जयतिस्सा ने कहा कि राष्ट्रपति, सुरक्षा परिषद और सरकार को इस मामले की जानकारी है और सरकार जहाज में मौजूद लोगों के मामले में ज्यादा से ज्यादा दखल दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस मामले की जानकारी है। हम इस मामले को सुलझाने, जान के खतरे को कम करने और इलाके की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी दखल दे रहे हैं। यह जहाज हमारे इलाके के पानी में नहीं है। यह विशेष आर्थिक क्षेत्र के अंदर है। फिर भी, हम लोगों के जीवन की सुरक्षा के मामले में ज्यादा से ज्यादा दखल दे रहे हैं। हम संसद के समक्ष पूरी रिपोर्ट रखेंगे। इसी बीच ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने गुरुवार को कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग केवल अमेरिका, इजरायल, यूरोप और अन्य पश्चिमी सहयोगियों के जहाजों के लिए बंद है। दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक होर्मुज जलडमरूमध्य युद्ध शुरू होने के बाद से ही ठप हो गया है। ईरान के सरकारी प्रसारक आईआरआईबी के अनुसार, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि हमने पहले भी कहा था कि अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और प्रस्तावों के आधार पर, युद्ध के समय में ईरान के पास होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले मार्ग को नियंत्रित करने का अधिकार होगा। आईआरजीसी ने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका, इजरायल, यूरोप 'और उनके समर्थकों' से संबंधित जहाज देखे गए, तो 'निश्चित रूप से उन पर हमला किया जाएगा।' ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल द्वारा शनिवार को संयुक्त अभियान शुरू किए जाने के बाद से यह जलडमरूमध्य प्रभावी रूप से बंद है, जिससे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है और वैश्विक अर्थव्यवस्था के चरमराने का खतरा पैदा हो गया है।



■ अमेरिका ने ईरान के तट से 2000 मील दूर समंदर में एक क्रूर कृत्य को अंजाम दिया-ईरानी विदेश मंत्री

■ होर्मुज केवल अमेरिका इजरायल, यूरोप एवं उनके अन्य सहयोगियों के लिए बंद: रिवोल्यूशनरी गार्ड्स

## आईरिस डेना हमले में मारे गए नाविकों के शव सौंपने का ईरान का अनुरोध

**कोलंबो।** ईरान ने श्रीलंका के पास हिंद महासागर में हुए हमले में डूबे ईरानी नौसैनिक पोत आईरिस डेना पर मारे गए नाविकों के सभी शव उसे सौंपे जाने का अनुरोध किया है, ताकि उन्हें अंतिम संस्कार के लिए स्वदेश ले जाया जा सके। श्रीलंकाई मीडिया डेली मिरर की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा किए गए टॉरपीडो हमले के बाद जहाज के डूबने से मारे गए करीब 90 नाविकों के शवों को गाले स्थित राष्ट्रीय अस्पताल करापिटिया लाया गया है। बताया गया है कि आगे की व्यवस्था होने तक इन शवों को अस्पताल के कोल्ड रूम में रखा जाएगा। श्रीलंका के उप स्वास्थ्य मंत्री हंसका विजेमुनी ने कहा कि ईरान ने शवों को अपने देश ले जाने का अनुरोध किया है, लेकिन मौजूदा सैन्य स्थिति के कारण यह प्रक्रिया तुरंत संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि अंतिम व्यवस्था होने तक शव अस्पताल के शीतगृह में सुरक्षित रखे जाएंगे। विजेमुनी के अनुसार, बुधवार रात तक करापिटिया अस्पताल में करीब 90 शव पहुंच चुके थे और यह संख्या बढ़ सकती है। श्रीलंका की ओर से मानक पोस्टमार्टम प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

## पश्चिम एशिया को अस्थिर कर रहे हैं अमेरिका और इजरायल: फतहाली

**नई दिल्ली।** भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने गुरुवार को अमेरिका और इजरायल पर पश्चिम एशिया क्षेत्र को अस्थिर करने तथा वार्ता के बीच युद्ध भड़काने का आरोप लगाया। ईरानी राजदूत की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब ईरान और अमेरिका-इजरायल गठबंधन के बीच तनाव तेजी से बढ़ रहा है। हाल ही में हिंद महासागर में ईरानी नौसेना के फ्रिगेट आईरिस डेना के डूबने की घटना को ईरान ने 'समुद्र में किया गया अत्याचार' बताया है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से बातचीत के दौरान अमेरिका और इजरायल को संघर्ष के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि दोनों देश ईरान की रणनीतिक एवं भौगोलिक स्थिति से भली-भांति परिचित हैं। उन्होंने इजरायल को 'जायनिस्ट शासन' बताते हुए आरोप लगाया कि उसका उद्देश्य पूरे पश्चिम एशिया क्षेत्र को अस्थिर करना है। उन्होंने कहा कि उन्हें अच्छी तरह पता है कि ईरान कहां है और उसकी स्थिति क्या है, लेकिन दुर्भाग्य से जायनिस्ट शासन पूरे क्षेत्र को नष्ट और अशांत करना चाहता है। ईरान अपने पड़ोसियों पर हमला नहीं करता, लेकिन वे अपने ठिकाने उपलब्ध कराते हैं। हमने अपने पड़ोसी देशों को पहले ही सूचित कर दिया था कि हम अमेरिका के ठिकानों को निशाना बनाएंगे। भारत के साथ किसी प्रकार की कूटनीतिक बातचीत के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर फिलहाल ईरान और भारत के बीच कोई वार्ता या संदेश का आदान-प्रदान नहीं हुआ है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर उठी चिंताओं पर फतहाली ने कहा कि ईरान युद्ध नहीं चाहता, लेकिन अमेरिका और इजरायल ने पहले हमला किया है और ईरान अपनी प्रतिक्रिया देगा।

## संयुक्त राष्ट्र महासचिव के लिए दो और उम्मीदवारों का नामांकन

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष की आधिकारिक वेबसाइट पर बुधवार को जारी दस्तावेजों के मुताबिक, अगले संयुक्त राष्ट्र महासचिव के पद के लिए दो और उम्मीदवारों को नामांकित किया गया है। अफ्रीकी संघ के मौजूदा चेयर बुरुंडी ने सेनेगल के पूर्व राष्ट्रपति मैकी सैल का नाम इस पद के लिए दिया है, जबकि कोस्टा रिका ने अर्थशास्त्री और कोस्टा रिका की पूर्व उपराष्ट्रपति रेबेका ग्रिनस्पैन को इस पद के लिए आगे किया है। नए नामांकन के साथ, इस पद के लिए अभी चार उम्मीदवार दौड़ में हैं। बाकी दो उम्मीदवार चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बैचेलेट हैं, जिन्हें चिली, ब्राजील और मैक्सिको ने नामांकित किया है। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के मौजूदा महानिदेशक राफेल ग्रॉसी को अर्जेंटीना ने नामांकित किया है। संरा महासभा के अध्यक्ष एनालेना बेयरबॉक ने बुधवार को संरा के सदस्य देशों को लिखे एक पत्र में 20 अप्रैल वाले हफ्ते में उम्मीदवारों के साथ होने वाली बातचीत के तरीकों के बारे में बताया। यह बातचीत संरा के तीन स्तंभों यानी शांति एवं सुरक्षा, मानवाधिकार और विकास के आस-पास होगी। पत्र के मुताबिक, हर उम्मीदवार अपना विजन साझा करेगा, जिसके बाद सदस्य देशों से सवाल पूछे जाएंगे और बातचीत होगी। पत्र में कहा गया है कि उम्मीदवारं को हिस्सा लेने के लिए बातचीत से पहले और एक अप्रैल के बाद नामांकन जमा करने होंगे।

## ड्रोन हमले के बाद साइप्रस की ओर नौसेना भेजेंगे यूरोपीय देश

**रोम।** स्पेन, फ्रांस और नीदरलैंड्स के बाद अब इटली ने भी ईरान के ड्रोन हमलों के मद्देनजर आने वाले दिनों में साइप्रस की सुरक्षा के लिए द्वीप पर अपनी नौसेना भेजने का फैसला किया है। इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो ने गुरुवार को संसद को यह जानकारी दी। पश्चिमी एशिया को सैन्य मदद भेजने पर संसद में मतदान से पहले उन्होंने प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के पहले के सुझावों की पुष्टि की। क्रोसेटो ने कहा, हम अकेले देश नहीं हैं जो इस स्थिति का सामना कर रहे हैं और हम सभी को मदद के लिए निवेदन मिला है। उन्होंने कहा कि हम मिलकर जांच कर रहे हैं, जिसमें जम्मिेदारी कैसे बांटनी है, यह भी शामिल है।

# ईरान-अमेरिका के बीच मध्यस्थता को तैयार हैं: रूस

### अमेरिका ने यह साफ कर दिया है कि उसे मध्यस्थता की जरूरत नहीं है: रूसी राजनयिक

**मास्को।** रूस अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष को रूकवाने के वास्ते मध्यस्थता करने के लिए तैयार है। वियना स्थित अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में रूस के स्थाई प्रतिनिधि मिखाइल उल्यानोव ने कहा है कि अगर जरूरत पड़ी तो रूस ईरान और अमेरिका के बीच शांति वार्ता में मध्यस्थ बनने के लिए तैयार है।

उन्होंने रूसी अखबार इजवेस्टिया से कहा कि बेशक अगर जरूरत पड़ी तो रूस मध्यस्थता करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हालांकि अभी अमेरिका-ईरान के बीच दोबारा बातचीत शुरू होना मुश्किल लग रहा है, लेकिन दोनों तरफ के मुख्य मकसद सैन्य बल से हासिल नहीं किए जा सकते। उल्यानोव के मुताबिक ईरान रूस की मध्यस्थता का स्वागत करेगा। रूसी राजनयिक ने कहा कि अमेरिका ने यह साफ कर दिया है कि उसे मध्यस्थता की जरूरत नहीं है, क्योंकि उसका मानना है कि वह खुद हालात संभाल सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी असल में इसे बहुत खराब तरीके से संभाल कर रहे हैं।

## रूस जल्द रोक सकता है ईयू को गैस आपूर्ति: पुतिन



**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि रूस वाणिज्यिक फायदे के लिए यूरोपीय संघ (ईयू) के देशों को उम्मीद से पहले प्राकृतिक गैस की आपूर्ति रोक सकता है। पुतिन ने बुधवार को एक साक्षात्कार में कहा कि ईयू देश एक महीने में रूसी गैस की खरीद पर नई रोक लगाने और एक साल में उन्हें पूरी तरह से बैन करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि दूसरे बाजार अब खुल रहे हैं। शायद हमारे लिए अभी यूरोपीय बाजार में आपूर्ति रोकना और नई दिशाओं में निर्यात स्थापित करना ज्यादा फायदेमंद होगा। इसमें कोई राजनीतिक मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि ये सिर्फ 'खुलकर सोचे गए विचार' हैं। अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। ईयू की परिषद ने जनवरी में ईयू में रूसी पाइपलाइन गैस और लिक्विफाइड प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात पर प्रतिबंध को मंजूरी दी। इसके तहत एलएनजी के लिए जनवरी 2027 से और पाइपलाइन गैस के लिए 2027 के पतझड़ से पूरा प्रतिबंध लागू होगा। परिषद के मुताबिक, पाइपलाइन गैस और एलएनजी को मिलाकर, 2025 में कुल ईयू गैस आयात में रूस का हिस्सा लगभग 13 प्रतिशत था।

# नेपाल के आम चुनाव में 60 प्रतिशत से अधिक मतदान

### 6500 + प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में कैद



**काठमांडो।** पड़ोसी देश नेपाल में आज आम चुनाव के लिए मतदान किया गया। साल 2025 में जेन-जी के विरोध प्रदर्शन के बाद नेपाल की तत्कालीन केपी शर्मा ओली सरकार गिर गई थी। 275 सीटों के लिए मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक चला।

प्रतिनिधि सभा की काठमांडू जिले की सभी 10 सीटों पर गुरुवार को मतदान खत्म होने के बाद अब वोटों की गिनती की तैयारी शुरू हो गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी चूरामण खड़का ने बताया कि जिले के सभी मतदान केंद्रों पर शाम पांच बजे तक शांतिपूर्ण तरीके से वोटिंग पूरी हो गई। शुरुआती अनुमान के मुताबिक काठमांडू में करीब 60 से 65 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। खड़का ने कहा कि कुल कितने वोट पड़े हैं, इसका सही आंकड़ा आने में अभी कुछ समय लगेगा। उन्होंने बताया कि सभी मतदान केंद्रों से मत पत्र करीब दो घंटे के भीतर संबंधित निर्वाचन अधिकारियों के कार्यालयों में पहुंचा दिए जाएंगे, जिसके बाद मतगणना शुरू की जाएगी। नेपाल के संसदीय चुनाव के लिए आधिकारिक तौर पर शाम पांच बजे मतदान समाप्त हो चुका है। शुरुआती अनुमान के मुताबिक काठमांडू में करीब 60 से 65 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। कार्यवाहक मुख्य चुनाव आयुक्त राम प्रसाद भंडारी ने मतदान के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस बार मतदान 65 प्रतिशत से अधिक रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सुबह से ही उन्होंने पहाड़ी क्षेत्रों के एक दर्जन से ज्यादा जिलों के प्रतिनिधियों से बात की है और वहां भी मतदान जारी है। मौसम भी अनुकूल बना हुआ है। हालांकि ऐसा लगता है कि पिछले चुनावों के करीब पांच प्रतिशत वोट इस बार अमान्य हो गए हैं। नेपाल के अखबार 'हिमालयन' ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।

## ईरान के हवाई क्षेत्र पर जल्द होगा अमेरिका का कब्जा: व्हाइट हाउस

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि अगले कुछ घंटों में ईरानी हवाई क्षेत्र में उसकी वायु सेना का पूरा दबदबा होगा। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बुधवार को यह जानकारी दी है। सुलेविट ने व्हाइट हाउस की दैनिक प्रेस वार्ता में कहा कि हमें उम्मीद है कि आने वाले घंटों में ईरानी एयरस्पेस पर हमारा पूरा दबदबा होगा। उन्होंने कहा कि ईरान में अमेरिका के सैनिकों को तैनात करने की अभी कोई योजना नहीं है, हालांकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहले कहा था कि वह भविष्य में इस विकल्प के लिए तैयार हैं। दिन की शुरुआत में अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने पेंटागन में संवाददाताओं से कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल सैन्य अभियान अभी शुरुआती चरण में है।

## अजरबैजान का आरोप, ईरान से ड्रोन उसके इलाके में उतरे

**बाकू।** अजरबैजान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि ईरान ने कई ड्रोन भेजकर उसकी सरजमीन पर हमला किया है। यह पश्चिमी एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच अजरबैजान पर पहला हमला है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि ईरान के हवाई हमलों में नखचिवान अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की एक टर्मिनल इमारत को निशाना बनाया गया, जबकि एक अन्य ड्रोन हमला शकराबाद गांव की एक स्कूली इमारत के करीब हुआ। मंत्रालय ने कहा कि हवाई अड्डे पर हुए हमले में दो लोग घायल हो गए। बयान में कहा गया कि हम ईरानी क्षेत्र से किए गए इन ड्रोन हमलों की घोर निंदा करते हैं। इन हमलों में हवाई अड्डे की इमारत को नुकसान हुआ है और दो लोग घायल हुए हैं। इस बीच, मंत्रालय ने कहा कि उसने अपना विरोध जाहिर करने के लिए अजरबैजान में ईरान के राजदूत को तलब किया है। मंत्रालय ने कहा कि यह हमला अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। उसने मांग की कि ईरान स्थिति पर स्पष्टीकरण जारी करे और सुनिश्चित करे कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। मंत्रालय ने कहा कि अजरबैजान के पास उपयुक्त जवाबी कार्रवाई करने का अधिकार है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108